ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • भाद्रपद कृष्ण पक्ष 04 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 03 सितम्बर 2023 • वर्ष-29 • अंक-318 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00





जैकलीन फर्नांडीज वेनिस फिल्म फेस्ट में के ... पेज 10 पर


## NEWS इन ब्रीफ

### लापता व्यवसायी का दो दिन बाद भी सुराग नहीं

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के रहने वाले व्यवसायी नवीन कुमार मिश्रा का दो दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिला है। नवीन कुमार मिश्रा ने बीते 31 अगस्त को अपने बेटे के मोबाइल फोन पर लोकेशन भेजा था। इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया है। नवीन के परिजनों ने रातू थाना क्षेत्र के ललित ग्राम निवासी सोमनाथ पांडे पर अपहरण का आरोप लगाया है। पुलिस ने सोमनाथ को हिरासत में लेकर पूछताछ भी किया लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया। बताया जा रहा है कि नवीन ने क्रिप्टोकरेंसी में करीब एक से डेढ़ करोड़ निवेश किया था। इसके अलावा उन्होंने शेयर बाजार में भी पैसा इन्वेस्ट किया था। नवीन ने कई लोगों से सूद पर पैसा उधार लिया था। थाना प्रभारी सपन महथा ने बताया कि नवीन कुमार मिश्रा की तलाश की जा रही है। जल्द ही उनको ढूंढ लिया जाएगा।

### पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा भगवान भगत और टिंकल भगत के खिलाफ ईडी ने दायर किया आरोप पत्र

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शनिवार को साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा, भगवान भगत और टिंकल भगत के खिलाफ ईडी ने आरोप पत्र दायर किया। तीनों साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले के आरोपित हैं। उल्लेखनीय है कि पांच जुलाई को 10 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने कृष्णा साहा को देर रात गिरफ्तार कर लिया था। ईडी समन भेजकर पांच जुलाई को रांची स्थित ईडी के जोनल कार्यालय बुलाया था जबकि भगवान भगत एवं टिंकल भगत को ईडी ने सात जुलाई को गिरफ्तार किया था। एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी कृष्णा के ठिकाने पर जुलाई 2022 में छापेमारी की थी। साहिबगंज जिले के बड़हरवा निवासी कृष्णा साहा के अलावा भगवान भगत और टिंकल भगत मुख्यमंत्री के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी बताये जाते हैं।

## झाप्रसे के 43 प्रशिक्षु अधिकारी करेंगे भारत दर्शन, मुख्यमंत्री की मिली सहमति

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग, जेपीएससी की 7वीं से 10वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा से नियुक्त 43 परीक्ष्यमान उप समाहर्ताओं (डिप्टी कलेक्टर) के दूसरे चरण का प्रशिक्षण और भारत दर्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम समेकित रूप से एक सितंबर से 30 सितंबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।

**पहली बार भारत दर्शन करेंगे राज्य प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी :** मुख्यमंत्री की सोच है कि जिस तरह भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को भारत दर्शन कराया जाता है, उसी तरह राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को भी भारत दर्शन कराया जाए ताकि वे अन्य प्रदेशों की प्रशासनिक व्यवस्था और विकास कार्यों को देख और समझ सकें। भारत दर्शन के दौरान उन्हें जो अनुभव प्राप्त होगा उससे वे राज्य के विकास में और भी बेहतर तरीके से योगदान कर सकेंगे। मुख्यमंत्री के इसी विजन को ध्यान में रखकर परीक्ष्यमान उप समाहर्ताओं को पहली बार भारत दर्शन कराया जा रहा है।

**श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में मिलेगा प्रशिक्षण :** सभी परीक्ष्यमान उप समाहर्ताओं के दूसरे चरण का प्रशिक्षण श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, रांची में आयोजित होगा। इससे पहले इन सभी उप समाहर्ताओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम के बीच में ही श्रावणी मेला को लेकर देवघर और दुमका में प्रतिनियुक्त किया गया था। दूसरे चरण के प्रशिक्षण तथा भारत दर्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण होने के उपरांत सभी परीक्ष्यमान उप समाहर्ता एक अक्टूबर से जिला प्रशिक्षण के लिए अपने पदस्थापित जिला में योगदान सुनिश्चित करेंगे।

## भारत- पाकिस्तान मैच बारिश के चलते रद्द

**कैंडी (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच के पल्लेकेल स्टेडियम में खेला जा रहा एशिया कप का मैच में बारिश ने लगातार खलल डाली और अंत में इसे रद्द कर दिया गया। भारत की पारी पूरा होने के बाद मैच दोबारा शुरू नहीं हो पाया। भारत 48.4 में ऑल आउट हो गया और पाकिस्तान को 267 रनों का लक्ष्य दिया। भारत का टॉप ऑर्डर फेल रहा। जबकि, ईशान किशन और हार्दिक पांड्या ने भारत को एक सम्मान स्कोर दिया। इसमें ईशान किशन का योगदान 81 रनों का रहा, जबकि हार्दिक पांड्या ने 87 रनों की पारी खेली। लेकिन, सवाल है कि अब जब बारिश की वजह से मैच रद्द हो गया तो टूर्नामेंट के समीकरण क्या होंगे? बता दें, इस टूर्नामेंट के लिए आईसीसी के तय किए नियमों के मुताबिक, इस मैच का कोई नतीजा तभी निकलता, जब दोनों ही टीमें कम से कम 20-20 ओवर का मैच खेल लेतीं, लेकिन बारिश की वजह से ऐसा नहीं हो पाया। दोनों टीमों के बीच प्वॉइंट का बंटवारा हो गया। दोनों टीमों को एक-एक बांटे गए हैं। ऐसे में पाकिस्तान के पास 3 अंक हो गए, जबकि भारत के पास सिर्फ 1 अंक हैं।



### अब भारत के लिए आगे क्या?

मैच रद्द होने पर अब पाकिस्तान के कुल तीन अंक हो गए, क्योंकि ये ग्रुप 'ए' की तीसरी टीम नेपाल को पाकिस्तान हरा चुकी है। पाकिस्तान के इससे पहले 2 अंक थे, जबकि नेपाल के अंकों का अभी तक खाता नहीं खुला है।

### भारत के पास सिर्फ एक अंक हैं

'सुपर फोर' में पहुंचने के लिए भारत को नेपाल के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। नेपाल के खिलाफ भारत का मैच 4 सितंबर को है। सुपर फोर में दोनों ग्रुप से पहली 2-2 टीमें ही प्रवेश करेंगी। इस प्रकार भारतीय टीम के आगे के सभी मुकाबले काफी अहम हो गये हैं।

## पलामू में 29 हजार के नकली नोट के साथ पांच धराए

### 50 हजार देने पर एक लाख का मिलता है जाली नोट

**मेदिनीनगर।** जिले में नकली नोट खपाने वाला गिरोह सक्रिय है। पुलिस ने ऐसे ही गिरोह के पांच सदस्यों को पकड़ा है। सभी को रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क पर रेड़मा ओवरब्रिज के नीचे चाय दुकान से हिरासत में लिया गया है। उनके पास से 29 हजार रुपए के नकली नोट बरामद होने की सूचना है। हिरासत में लिए गए लोगों में दो मोहम्मदगंज के, एक तरहसी के और दो मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस सभी आरोपितों से कई स्तरों पर पूछताछ कर रही है। संभावना है कि जल्द इस मामले में खुलासा किया जाएगा। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नकली नोट खपाने वाला गिरोह शहर में दाखिल हुआ है। पुलिस ने सक्रियता बढ़ाते हुए छानबीन शुरू की। इसी क्रम में संदेह के आधार पर रेड़मा ओवरब्रिज के नीचे चाय की दुकान में चाय पीते हुए पांच लोगों को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके पास से 29 हजार रुपए के नकली नोट बरामद हुए। सारे नोट 500-500 रुपए के बरामद होने की जानकारी मिली है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पूछताछ के दौरान गिरोह के सदस्यों ने जानकारी दी है कि 50 हजार के एक नंबर के नोट देने पर 1 लाख तक के नकली नोट उन्हें मिलते थे। सारे नकली नोट असली नोट से करीब करीब मेल खाते थे। इस कारण जल्द पकड़ में भी नहीं आते हैं। पुलिस को मिली इनपुट के अनुसार इसके तार नेपाल और कोलकाता से जुड़े हुए हैं। पुलिस इस बिंदु पर भी छानबीन कर रही है। शहर में नकली नोट के कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है। नकली नोट के खिलाफ इस कार्रवाई को पुलिस बड़ी सफलता बनाकर चल रही है।



## स्विफ्ट डिजायर कार से 9 बोरे में बंद 161.9 किलो डोडा बरामद

### तस्करी में प्रयुक्त कार और बाइक जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

**चतरा।** जिले में सक्रिय नशे के सौदागरों पर एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल ने प्रतापपुर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर-चतरा मुख्य पथ पर स्थित योगियारा गांव के समीप वाहन चेकिंग अभियान के दौरान स्विफ्ट डिजायर कार से तस्करी कर ले जा रहे 9 बोरे में बंद 161.9 केजी अवैध डोडा की खेप को बरामद किया। इसके साथ ही पुलिस ने तस्करी को बाइक से स्कॉर्ट कर रहे एक युवक को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के डंडई गांव का रहने वाला है। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि नशे के सौदागरों के विरुद्ध पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जिले में नशे के कारोबार और सौदागरों के मनसूबे को किसी भी हाल में फैलने नहीं दिया जाएगा। अभियान में पुलिस निरीक्षक लव कुमार, एसआई जितेंद्र उरांव, एएसआई वीरेंद्र तिवारी व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### सिमडेगा में रेलवे कंस्ट्रक्शन साइट पर उग्रवादियों का हमला

## पोकलेन मशीन फूंक डाली, छोड़ा पर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**


**रांची।** झारखंड के सिमडेगा जिले में कनरवा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे की कंस्ट्रक्शन साइट पर प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई (पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) के उग्रवादियों ने हमला बोला है।

शुक्रवार-शनिवार की रात हुए इस हमले के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में लगी पोकलेन मशीन को आग के हवाले कर दिया। घटनास्थल सिमडेगा जिले के बानो थाना क्षेत्र के अंतर्गत है। वहां हटिया-राउरकेला रेलखंड के दोहरीकरण का कार्य चल रहा है। बताया गया कि हथियारबंद उग्रवादी यहां पहुंचे और तोड़-फोड़ मचाई। पोकलेन मशीन को आग लगाने के बाद पंडित नाम के उग्रवादी ने हस्तलिखित पर्चा छोड़कर घटना की जिम्मेदारी ली है।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गयी है। आशंका जतायी जा रही है कि पीएलएफआई उग्रवादियों ने लेवी को लेकर इस घटना को अंजाम दिया है। हालांकि जांच के बाद ही सही कारणों का पता चल पायेगा।

एसडीपीओ डेविड डी ने हमले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से मिले पर्चे को जब्त कर लिया है। सीडीपीओ और पुलिस अधीक्षक मामले की जांच कर रहे हैं। आरोपी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

घटना के बाद इलाके में भय का माहौल है। बता दें कि बानो प्रखंड का इलाका हमेशा से पीएलएफआई उग्रवादियों के लिए सॉफ्ट टारगेट रहा है। पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप को करीब तीन महीने पहले पुलिस ने नेपाल से गिरफ्तार किया था। वह जेल में है, लेकिन उसके संगठन के नाम पर हिंसक घटनाएं अब भी अंजाम दी जा रही हैं।



### धनबाद में प्रधान लिपिक रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार

**धनबाद।** एसीबी ने शनिवार को जिला समाहरणालय रिकॉर्ड रूम में कार्यरत प्रधान लिपिक को चार हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों धर दबोचा। इस दौरान एसीबी की टीम ने प्रधान लिपिक के घर की तलाशी भी ली लेकिन कुछ भी हाथ नहीं लगा। एसीबी की टीम उसे गिरफ्तार कर साथ ले गई। सीबी डीएसपी जितेंद्र सिंह ने बताया कि मनियाडीह के रहने वाले उमेश सिंह से प्रधान लिपिक ने दस्तावेज के एवज में छह हजार रुपये की मांग की थी। चार हजार में सौदा तय हुआ। उमेश सिंह ने इसकी शिकायत की थी। कार्रवाई करते हुए आरोपित प्रधान लिपिक कृष्ण नन्दू चौधरी को चार हजार रुपये रिश्वत के साथ पकड़ा गया। प्रधान लिपिक के घर की भी तलाशी ली गई लेकिन वहां कुछ नहीं मिला। फिलहाल कार्रवाई की जा रही है।

## पीएलएफआइ का एरिया कमांडर श्रवण दास हथियार के साथ गिरफ्तार

**खूंटी।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के एरिया कमांडर श्रवण दास उर्फ फगुवा दास को पुलिस ने शुक्रवार को रनिया थाना क्षेत्र के बिरता पहाड़ी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक देसी कट्टा, .315 बोर के दो जिंदा कारतूस, एके-47 के चार जिंदा कारतूस, पीएलएफआइ का पर्चा और मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

इस संबंध में तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश तिवारी ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पीएलएफआइ का एरिया कमांडर श्रवण दास उर्फ फगुआ दास ग्राम बिरता के जंगली पहाड़ी क्षेत्र में भ्रमणशील है और किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा बिरता पहाड़ी क्षेत्र में छापामारी कर श्रवण दास को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि श्रवण दास पिछले कुछ समय से क्षेत्र में काफी सक्रिय था और संगठन को फिर से मजबूत करने का प्रयास कर रहा था।

गिरफ्तार एरिया कमांडर निचितपुर सदान टोली थाना रनिया का रहने वाला है। एसडीपीओ ने बताया कि श्रवण दास के खिलाफ मुरहू थाने में एक, तासेरण थाने में दो, रनिया थाने में एक और कर्रा थाने में पीले से ही विभिन्न संगीन धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं। छापामारी दल में एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी तोरपा अंचल के पुलिस निरीक्षक दिग्विजय सिंह, तपकरा के थाना प्रभारी रंजीत किशोर, रनिया थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार, रनिया थाना के पुलिस अवर निरीक्षक निशांत कुमार और संदीप कुमार के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



### प्रक्षेपण — भारत का 'आदित्य-एल1' लक्ष्य की ओर रवाना, इसरो ने कहा- प्रक्षेपण सफल

# 'आदित्य एल1' सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष यान

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने देश के पहले सूर्य मिशन 'आदित्य-एल1' को शनिवार को निर्धारित समय पर प्रक्षेपित कर दिया। इसे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पूर्वाह्न 11.50 बजे पीएसएलवी-सी57 के जरिए प्रक्षेपित किया गया। इसरो ने प्रक्षेपण को सफल बताया है। 'आदित्य-एल1' सूर्य परिमंडल के दूरस्थ अवलोकन और पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर 'एल1' (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा का वास्तविक अवलोकन करेगा। 'आदित्य एल1' सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष यान है। आदित्य-एल1 के 125 दिन में लगभग 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर लैग्रेंजियन बिंदु 'एल1' के आसपास हेलो कक्षा में स्थापित होने की उम्मीद है। यह 125 दिन तीन जनवरी 2024 को पूरे होंगे। अगर यह मिशन सफल रहा और आदित्य स्पेसक्राफ्ट लैग्रेंजियन प्वाइंट-1 पर पहुंच गया, तो नए साल में इसरो के नाम ये बड़ी उपलब्धि होगी। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य सौर वातावरण में गतिशीलता, सूर्य के परिमंडल की गर्मी, सूर्य की सतह पर सौर भूकंप या कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई), सूर्य के धधकने संबंधी गतिविधियों और उनकी विशेषताओं के अलावा पृथ्वी के करीब अंतरिक्ष में मौसम संबंधी समस्याओं को समझना है। 'आदित्य-एल1' के साथ सात पेलोड हैं। इनमें से चार सूर्य के प्रकाश का निरीक्षण करेंगे। इसरो ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग में मिली कामयाबी के बाद इस मिशन का आगाज किया है। इसरो के मुताबिक आदित्य-एल1 सूर्य के एल-1 प्वाइंट पर जा कर किरणों के साथ सूर्य की तस्वीरें लेगा। आदित्य-एल1 अपनी कक्षा में पहुंचने के बाद जांच के लिए हर दिन करीब 1440 तस्वीरें ग्राउंड स्टेशन पर भेजेगा।

**क्या है एल-1 :** लैगरेंज प्वाइंट का नाम इतालवी-फ्रेंच गणितज्ञ जे. लुई लैगरेंज के नाम पर रखा गया है। इसे बोलचाल में एल-1 नाम से जाना जाता है। ऐसे पांच प्वाइंट धरती और सूर्य के बीच हैं, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल संतुलित हो जाता है। इस जगह पर अगर किसी वस्तु को रखा जाता है तो वह आसानी से दोनों के बीच स्थिर रहता है और एनर्जी भी कम लगती है। पहला लैगरेंज प्वाइंट धरती और सूर्य के बीच 15 लाख किमी की दूरी पर स्थित है।



### पीएम मोदी ने भारत के सौर मिशन के सफल प्रक्षेपण पर इसरो को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारत के सौर मिशन आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी और कहा कि संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए ब्रह्मांड की बेहतर समझ विकसित करने के लिए अथक वैज्ञानिक प्रयास जारी रहेंगे। प्रधान मंत्री ने एक्स में पोस्ट किया, चंद्रयान -3 की सफलता के बाद भारत ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा जारी रखी है। भारत के पहले सौर मिशन आदित्य - एल1 के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो के हमारे वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को बधाई। उन्होंने कहा, मानवता के कल्याण के लिए ब्रह्मांड की बेहतर समझ विकसित करने के लिए हमारे अथक वैज्ञानिक प्रयास जारी रहेंगे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज सुबह सूर्य के लिए अपना पहला मिशन लॉन्च किया। कुछ ही दिन पहले भारत चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश बना था।





### मुख्यमंत्री ने आदित्य एल-1 के सफल प्रक्षेपण पर वैज्ञानिकों को दी बधाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अभूतपूर्व चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद आज इसरो के महान वैज्ञानिकों ने सूर्य का अध्ययन करने के लिए आदित्य-एल 1 की सफल लॉन्चिंग की है। इस अवसर पर देश सहित इसरो के समस्त वैज्ञानिकों और उनके परिवारों को अनेक-अनेक बधाइयां, शुभकामनाएं और जोहार।

### जमशेदपुर कोर्ट में पेशकार पर जानलेवा हमला मामला

## हाईकोर्ट ने गृह सचिव और डीजीपी को किया तलब

### अदालत ने तीन सप्ताह के अंदर मांगी रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने जमशेदपुर सिविल कोर्ट में पेशकार (क्लर्क) राकेश कुमार पर शुक्रवार की शाम धारदार हथियार से कातिलाना हमले की घटना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए शनिवार को अवकाश के बावजूद विशेष तौर पर सुनवाई की। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के आदेश पर राज्य के गृह सचिव अविनाश कुमार और डीजीपी अजय कुमार सिंह अदालत में उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान गृह सचिव और डीजीपी ने कोर्ट को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। इसके बाद कोर्ट ने तीन सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।

**राज्य की सभी सिविल कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था पर रिपोर्ट मांगी:** कोर्ट को बताया गया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। हाइकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि चीफ जस्टिस की खंडपीठ ने गृह सचिव और डीजीपी से राज्य की सभी सिविल कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था पर भी रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी न्यायपालिका से जुड़े लोगों पर हमले हो चुके हैं।

**क्या है पूरा मामला :** दरअसल, जमशेदपुर कोर्ट के एडीजे-वन संजय कुमार उपाध्याय की अदालत में शुक्रवार को एक शख्स ने घुसकर पेशकार संजय कुमार पर चापड़ से हमला कर दिया था. इस हमले में पेशकार गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। उनके कान के पास गंभीर चोट लगी है। घटना के तुरंत बाद जज संजय कुमार उपाध्याय समेत अन्य कोर्टकर्मी घायल को एमजीएम अस्पताल ले गए थे। जहां से बाद में गंभीर रूप से घायल पेशकार को टीएमएच में भर्ती कराया गया था। इस घटना के बाद कोर्ट कर्मियों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था।

**कोर्टकर्मियों ने की थी आरोपी की पिटाई:** जानकारी के मुताबिक कोर्ट कर्मियों ने आरोपी की पिटाई भी कर दी थी। इस दौरान आरोपी ने अपना नाम शाहिद बताया। उसने खुद को कदमा का निवासी बताया था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक कोर्ट में सुनवाई पूरी होने के बाद जज संजय कुमार उपाध्याय अपने कार्यालय में आर्डर और अन्य कार्रवाई का आर्डर लिखवा रहे थे. उस दिन मुख्य पेशकार सत्यानंद झा के छुट्टी पर रहने की वजह से उनकी जगह राकेश कुमार काम कर रहे थे। उसी दौरान कागज में लिपटा चापड़ लेकर शाहिद पहुंचा और हमला बोल दिया।

# बिजली चोरी के आरोप में दो पर प्राथमिकी दर्ज

### 35 हजार रुपए का लगा जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान के तहत दो लोगों को अवैध रुप में बिजली का उपयोग करते पकड़ा है। इन पर बिजली मीटर लगाने के बाद भी अलग से अवैध उपयोग करने का आरोप लगा है। अवैध ढंग से बिजली का उपयोग करने पर इनके विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में विद्युत अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उक्त दो लोगों पर 35 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। जिसमें जेपी चौक के समीप निवासी आनंद कुमार सिंह पर दस हजार रुपए और राजीव कुमार पर पच्चीस हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। इस अभियान में सहायक विद्युत अभियंता संजय कुमार, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, बबन कुमार और सुपरवाइजर प्रिंस लाल शामिल थे। उन्होंने बताया कि आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुगतान करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि एक मुश्त या पांच किस्तों में भी अपने बकाए राशि का भुगतान कर सकते हैं।



### सीमावर्तीक्षेत्र के लोगों में बढ़ सकता है विवाद

# भादो में भी पानी को लेकर जद्दोजहद

### स्थानीय प्रशासन को गंभीर होने की जरूरत

**प्रतिदिन माइनरो पर सिचांई के पानी को लेकर किसानों द्वारा हंगामा किया जा रहा है**

**नहर में पानी का बहाव कम होने से किसान काफी आहत में दिख रहे हैं**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** अधौरा माइनर के किसानों ने जम कर हंगामा किया। साथ ही कनिय अभियंता व गेटमैन को खदेड़ कर मुख्य नहर के गेट को बंदकर दिया। इन दिनों उत्तर कोयल मुख्य नहर में पानी का बहाव काफी कम हो जाने के कारण किसानों के समकक्ष करो या मरो की स्थिति हो गई है। प्रतिदिन माइनरो पर सिचांई के पानी को लेकर किसानों द्वारा हंगामा किया जा रहा है। कभी भी एक माइनर से दुसरे माइनर के लोगों के बीच खुनी संघर्ष होने की संभावना है। भीम बराज मौसमी बराज साबित हो रहा है। बराज पुर्णतः बारिश के पानी पर निर्भर हो गया है। शनिवार को मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र के अधौरा माइनर क्षेत्र के लाभान्वित सैकड़ों की संख्या में किसान 30 आरडी पर पहुंचकर मुख्य नहर के फाटक को बंद कर अधौरा माइनर से सिंचाई के लिए पानी ले जाने के लिए तैयार हैं। नहर में पानी का बहाव कम होने से किसान काफी आहत में दिख रहे हैं। 30 आरडी पर उपस्थित पंसा, बरडीहा, अधौरा, रानी देवा, रघुनाथपुर, पचपोखरी, बिहरा, बिरधवर, सोनबरसा आदि गांव के किसान नहर पर पहुंचकर जम कर विरोध जताये। साथ ही उतर कोयल मुख्य नहर के कनिय अभियंता व 30 आरडी पर तैनात गेट मैन को खदेड़ दिया। किसानों ने कहा कि 30 आरडी के पानी को अधौरा माइनर में पानी छोड़ने के बाद ही निचले भाग को पानी जाने दिया जाएगा। किसानों ने कहा कि नहर में ही पानी का बहाव काफी कम हो गया है। जिससे रोपनी किए हुए धान के खेतों में पानी नहीं पहुंच रहा है। अधौरा माइनर भी लगभग बंद होने के कगार पर हो गया है। पानी बंद हो जाने के कारण किसान काफी चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि मोहम्मदगंज भीम बराज में पानी कम हो गया है। कोयल नदी के ऊपरी भाग में सावन व भादो माह में बारिश कम होने के कारण कोयल नदी ही सूखी पड़ी है। अब तक कोयल नदी के निचले भाग में पानी का बहाव नहीं हो सका है। किसान बताते हैं कि बारिश कम होने के कारण अभी से ही लोगों को पेयजल की चिंता बढ़ने लगी है। इस वर्ष सभी चापानल और कुंआ पूर्ण रूप से सुख कर बंद पड़ा है। किसानों ने कहा कि यही स्थिति रही तो किसान दाने-दाने व पानी पानी को ले कर तरसेंगे। अधौरा माइनर क्षेत्र के किसान पंचायत के मुखिया विकास कुमार सिंह, जयनंदन पाठक, , नागेंद्र सिंह, सहित काफी संख्या में किसान पहुंचकर नहर व माइनर की स्थिति को देखकर चिंता जताये। बताते चलें की उत्तर कोयल मुख्य नहर में बारिश कम होने के कारण जून माह के बाद से पानी कम होने के कारण बीच-बीच में बंद कर दिया जा रहा है। इसका मुख्य कारण उत्तर कोयल भीम बराज मे बरसात का पानी नहीं आना बताया गया है। इधर नहर में पानी के लिए झारखंड के सीमवर्ती व बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों में तनाव देखा जा रहा है। अगर स्थानीय प्रशासन इस मामले को लेकर गंभीर नहीं हुई तो कभी भी दोनों राज्यों के सीमावर्तीक्षेत्र के लोगों में विवाद बढ़ सकता है। झारखंड के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के सोन नदी के तटवर्ती क्षेत्र का मात्र 10 प्रतिशत भूमि ही उत्तर कोयल मुख्य नहर से सिंचाई होती है। जबकि बिहार के 90 प्रतिशत भूमि की सिंचाई होता है। इस संबंध में बराज के कनिय अभियंता बिनोद कुमार ने बताया कि उत्तर कोयल मुख्य नहर में पानी छोड़ने की क्षमता 2979 क्यूसेक पानी है। किंतु आज नहर में मात्र 840 क्यूसेक ही पानी छोड़ा गया है। नहर के पानी का बहाव कब बंद होगा यह कुछ कहा नहीं जा सकता है। जिससे किसान काफी हताश हैं। भीम बराज में पानी स्टॉक की क्षमता 2.27 पौंड लेबल है। जबकि आज के दिनों में मात्र 1.58 पौंड लेबल ही मेंटेन है।




## NEWS इन ब्रीफ

### बसपा नेता की पहल पर लगा 200 केवीए का ट्रांसफार्मर

**हरिहरगंज ।** नगर पंचायत क्षेत्र के सतगांवा में शनिवार को बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव सह पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार रवि की पहल पर 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगा। इस संबंध में प्रमोद कुमार रवि ने बताया कि सतगांवा में पूर्व में सौ केवीए का ट्रांशफार्मर लगा था,पर क्षमता से अधिक कनेक्शन रहने के कारण लोड नहीं ले रहा था। जिसके कारण उपभोक्ता काफी परेशान थे। इसकी जानकारी मुझे दी गयी और जिसकी पहल करते हुए तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों से मिलकर नया ट्रांसफार्मर लगवाया। वहीं मोहल्ले वासियों ने नया ट्रांसफार्मर लगवाने पर प्रमोद कुमार रवि के प्रति आभार प्रकट किया है। आभार प्रकट करने वालों में राजीव शर्मा, गौतम कुमार, मो. इसरार आलम, सुशील रवि, संतोष कुमार, गोविंदराम, गयासुद्दीन अंसारी, जगजीवन राम, आवास अंसारी, अरुंजय कुमार,भीम कुमार, पंकज कुमार, जनेश्वर पासवान, मो कला, मोदी लाल, रमेश ठाकुर, पिंटू, नीतीश, जावेद, अजय, राजेश आदि का नाम शामिल है।

# खाना बनाने के दौरान महिला झुलसी, गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के खाप कटैया गांव में शनिवार की सुबह घर में खाना बनाने के दौरान एक महिला आग में झुलस गयी। इसके बाद उपचार के लिए महिला को परिजनों द्वारा सीएचसी ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसके गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार संतोष साव की 28 वर्षीय पत्नी मंजू देवी घर में खाना बना रही थी। इसी दौरान गैस लीक होने से उनका शरीर झुलस गया। इस घटना में महिला का शरीर करीब 80 प्रतिशत जल चुका है। महिला की हालत नाजुक बताई जाती है। बताया जाता है कि महिला का पति दूसरे प्रदेश में रहकर मजदूरी करता है। वह अपने दो छोटे बच्चों के अलावे अपनी सास के साथ घर पर रहती थी। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने बताया कि घटना की सूचना के बाद महिला का बयान लिया गया है। मामले में पीड़िता ने खाना बनाने के दौरान रसोई गैस सिलेंडर से गैस लिकेज होने से आग की चपेट में आकर झुलसने की बात कही है।

# महुगांई दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने बिजली साव व अरविंद प्रजापति सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के हूरलौंग पंचायत के महुगांई गांव में शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर दुगार्बाड़ी प्रांगण में ग्रामीणों की एक बैठक की गई। हर साल की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसमिति से बिजली साव को दुर्गा पूजा कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। जबकि अरविंद प्रजापति को सचिव और संजय राम को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी तरह अनूप कुमार पांडेय को उपाध्यक्ष , बाबूलाल शर्मा को उप सचिव और सतेंद्र राम को उप कोषाध्यक्ष चुना गया है। कमेटी में संरक्षक , व्यवस्थापक समेत 21 लोगों को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावे कई लोगों को कमेटी का सहयोगी भी चुना गया है। दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बिजली साव ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी धूमधाम और शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा मनायी जाएगी। उन्होंने गांववासियों से दुर्गा पूजा में बढ़चढ़ कर सहयोग करने का आग्रह किया है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दुर्गा पूजा के दौरान किसी भी कीमत में हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूजा में हुड़दंग और अशांति पैदा करने वालों पर कमेटी कठोर कार्रवाई करेंगी। मौके पर बिजली साव, अरविंद प्रजापति, संजय राम, अनूप कुमार पांडेय, बाबूलाल शर्मा, सतेंद्र राम, पूर्व उप मुखिया सुनील मिश्रा, विश्वनाथ प्रजापति, सुनैन राम, राजेश पासवान, भोला उरांव, सुनील उरांव, शिवकुमार उरांव, जयपाल उरांव, कृष्णा प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति, आमारिक राम, सुकन कुमार, विजय पांडेय, विजय साव, राजेश प्रजापति , सुनील प्रजापति, ब्रजेश कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### प्रखंड प्रमुख ने किया नाली निर्माण का शिलान्यास

**हरिहरगंज।** प्रखंड के ढाब कला गांव के रविदास टोला में शनिवार को नाली निर्माण के लिए प्रखंड प्रमुख कमला देवी ने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इसके बाद प्रमुख कमल देवी ने कहा कि 2 लाख 48 हजार रुपए की लागत से पानी टंकी से बटाने नदी तक 250 फीट नाली का निर्माण किया जायेगा। गांवों के विकास में सड़क व नाली की भी अहम भूमिका होती है। शिलान्यास के अवसर पर प्रमुख पति अनिल कुमार पासवान, योजना के अध्यक्ष पिंटू कुमार, सचिव मुन्ना कुमार के अलावे पंसस वासुदेव राम, शिक्षक अर्जुन राम, बलराम राम, कर्मदेव राम,जगती कुंवर सहित कई लोग उपस्थित थें।


कार्यालयः- असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

Etender: PAL/03/ Dt. 02-09-2023

**ई - निविदा आमंत्रण सूचना**

सिविल सर्जन कार्यालय, पलामू एवं सर्जेसी को अन्य स्वास्थ्य ईकाई के लिए 2023 – 2024 में कार्यालय लेखन सामग्री हेतु निबंधित निर्माणकर्त्ता/प्रतिठानों/प्राधिकृत एजेंसियों ( जिनका झारखण्ड राज्य से जी0एस0टी0 निर्गत हो ) से ई–निविदा, दिनांक – 03.09.2023 के पूर्वाहन् 11.00 AM बजे आमंत्रित है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कार्यालय लेखन सामग्री |
| 2 | बेवसाइट पर निविदा प्रकाषित होने की तिथि | 03-09-2023 From 11.00AM |
| 3 | ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 03-09-2023 To 25-09-2023 till 03.00 PM |
| 4 | ई–निविदा खुलने का समय | 26-09-2023 At 03.00PM |
| 5 | अग्रधन की राषि जो असैनिक शल्य चिकित्सा – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू के नाम से देय होगा। | Karyalay Lekhan Samagari 20000.00 ( Twenty Thousand ) |
| 6 | ई–निविदा हेतु आवेदन शुल्क की राशि जो असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू के नाम से देय होगा।( नन रिफन्डेबल) | 2000.00 ( Two Thousand ) Only |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू जेल हाता रोड़, डालटनगंज। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का दूरभाष संख्या | 9431138224 |
| 9 | हेल्पलाईन निविदा से संबंधित दूरभाष संख्या | 7870904383 |
| 10 | निविदा शुल्क एवं DD ( Hard Copy) कार्यालय में हाथों–हाथ रजि0 पोस्ट से जमा करने की तिथि | 03-09-2023 At 11.00AM to 25-09-2023 till 05.00 PM |

**Further details can be seen on Website https://jharkhandtenders.gov.in**

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर ई–निविदा, समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता स्वंय अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहे सकते हैं। ई–निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 306075District(23-24)#D


### कार्य करने हेतु कार्यालय की व्यवस्था कराने का आग्रह

# पूर्व सैनिक परिषद शिष्टमंडल की अनुमंडल पदाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद की हुसैनाबाद इकाई के सदस्यों ने अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण सिंह से शिष्टाचार मुलाकात कर सैनिकों द्वारा किए जा रहे पेंशन समस्या का हल, सैनिक परिवार को स्वास्थ्य संम्बन्धित समस्या का हल जैसे कार्यों की जानकारी दी । साथ ही सैनिकों ने कार्य करने हेतु स्थाई रूप से कार्यालय की व्यवस्था कराने के लिए भी आग्रह किया। जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेन्ट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि इस क्षेत्र के रिटायर पारा मिलेट्री, शिक्षक, सीआरपीएफ, रेलवे एंव वनविभाग जैसे विभागों में सेवनिवृति के बाद कोई संस्था नहीं है जो पेंशन संबंधित समस्या को हल करा सके। लेकिन हुसैनाबाद स्थित पूर्व सैनिक कार्यालय से सभी का समाधान किया जा रहा है । अनुमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह ने हुसैनाबाद इकाई के सभी पूर्व सैनिकों की सूची देते हुए कहा कि काफी संख्या में पेंशनर इस कार्यालय से जुड़े हुए हैं एवं हम सब मिलकर समस्या का निदान करते आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में एसडीओ ने पूर्व सैनिकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रसंशा करते हुए कहा कि सभी पूर्व सैनिकों द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। असहाय एवं कमजोर वृद्धा पेंशनरों को सहायता मिल रही है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल स्त्तर पर पूर्व सैनिकों के लिए कार्यालय होने से लोगों को एवं स्कूली बच्चों को काफी फायदा होगा। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि हमारे तरफ से जो भी बन पायेगा करेंगे। सैनिक सेवाकाल के बाद अपने श्रमदान से श्रेत्र के लोगों को सहायता प्रदान कर रहे हैं, यह सराहनीय है । इस संगठन को बरकरार रखने के लिए सभी को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व सैनिक सत्येंद्र ठाकुर, प्रसाद सिंह, सूबेदार दिलीप मेहता, सूबेदार सुमेर सिंह, असर्फी पाल, यदुनंदन ठाकुर, हवलदार गौरी शंकर ठाकुर आदि मौजूद थे।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**विश्रामपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन मौके पर आगामी 6 सितंबर दिन बुधवार को विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत मुख्य कस्बा रेहला सिद्ध पीठ योगी वीर देव स्थल पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।जिसकी जानकारी युवा समाजसेवी ज्वाला गुप्ता ने आज पत्रकारों को दी। श्री गुप्ता ने कहा की कृष्ण जन्माष्टमी के पावन मौके पर सिद्ध पीठ योगी वीर देव स्थल कमिटी के तत्वाधान में भव्य भक्ति जागरण व झांकी का आयोजन किया जायेगा। जिसमें बनारस की सुप्रसिद्ध गायिका नंदनी स्वराज व इलाहाबाद की लोकप्रिय गायिका जुली सिंह का आगमन होगा। वहीं कलकता के प्रसिद्ध झांकी बंटी एंड ग्रुप के द्वारा सुंदर एवम दिव्य प्रस्तुति दी जाएगी। इस आयोजन को सफल बनाने में देव स्थल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्याम चंद्रवंशी,सचिव ज्वाला गुप्ता,पिंटू केशरी,विनोद सिंह,संरक्षक मंडली के वरीय सदस्य साइमन मैथ्यू एसले,स्टेशन प्रबंधक सतीश कुमार,राजमोहन पाल,डाक्टर अनिल सिंह धीरज सिंह, रामनाथ कश्यप, दिनेश गुप्ता के सक्रिय सहयोग के अलावा प्रधान संरक्षक आदर्श सिंह राजपूत,राजेश प्रसाद,बिट्टू गुप्ता,प्रीतम भगत, राकेश चौबे, हरकेशवर प्रसाद सहित कई अन्य गणमान्य लोगो का अपेक्षित सहयोग प्राप्त है। जिसमें नगर परिषद के हजारों श्रद्धालुओ की पहुंचने की उम्मीद है।


कार्यालयः– असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

Etender: PAL/04/ Dt. 02-09-2023

**ई – निविदा आमंत्रण सूचना**

सिविल सर्जन कार्यालय, पलामू के अन्तर्गत ए0एन0एम0 प्रशिक्षण विद्यालय के लिए 2023 – 2024 में कार्यालय लेखन सामग्री/उपस्कर, मशीन उपकरण एवं अन्य सामग्री हेतु निबंधित निर्माणकर्त्ता/प्रतिठानों/प्राधिकृत एजेंसियों ( जिनका झारखण्ड राज्य से जी0एस0टी0 निर्गत हो ) से ई–निविदा, दिनांक – 03.09.2023 के पूर्वाहन् 11.00 AM बजे आमंत्रित है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कार्यालय लेखन सामग्री/उपस्कर, मशीन उपकरण एवं अन्य सामग्री |
| 2 | बेवसाइट पर निविदा प्रकाषित होने की तिथि | 03-09-2023 From 11.00AM |
| 3 | ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 03-09-2023 To 25-09-2023 till 03.00 PM |
| 4 | ई–निविदा खुलने का समय | 26-09-2023 At 03.00PM |
| 5 | अग्रधन की राषि जो असैनिक शल्य चिकित्सा – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू के नाम से देय होगा। | कार्यालय लेखन सामग्री/उपस्कर, मषीन उपकरण एवं अन्य सामग्री - 50000.00 ( Fifty Thousand) |
| 6 | ई–निविदा हेतु आवेदन शुल्क की राशि जो असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू के नाम से देय होगा।( नन रिफन्डेबल) | 2000.00 ( Two Thousand ) Only |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू जेल हाता रोड़, डालटनगंज। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का दूरभाष संख्या | 9431138224 |
| 9 | हेल्पलाईन निविदा से संबंधित दूरभाष संख्या | 7870904383 |
| 10 | निविदा शुल्क एवं DD ( Hard Copy) कार्यालय में हाथों–हाथ रजि0 पोस्ट से जमा करने की तिथि | 03-09-2023 At 11.00AM to 25-09-2023 till 05.00 PM |

**Further details can be seen on Website https://jharkhandtenders.gov.in**

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर ई–निविदा, समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता स्वंय अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहे सकते हैं। ई–निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक – सह –
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
पलामू

PR 306074 (District)23-24*D



कार्यालयः– असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

Etender: PAL/02/ Dt. 02-09-2023

**ई – निविदा आमंत्रण सूचना**

सिविल सर्जन कार्यालय, पलामू एवं सर्जेसी को अन्य स्वास्थ्य ईकाई के लिए 2023 – 2024 में सामग्री उपकरण/उपस्कर हेतु निबंधित निर्माणकर्त्ता/प्रतिष्ठानों/प्राधिकृत एजेंसियों ( जिनका झारखण्ड राज्य से जी0एस0टी0 निर्गत हो ) से ई–निविदा, दिनांक – 03.09.2023 के पूर्वाहन् 11.00 AM बजे आमंत्रित है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | समग्री उपकरण/उपस्कर |
| 2 | बेवसाइट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 03-09-2023 From 11.00AM |
| 3 | ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 03-09-2023 To 25-09-2023 till 03.00 PM |
| 4 | ई–निविदा खुलने का समय | 26-09-2023 At 03.00PM |
| 5 | अग्रधन की राशि जो असैनिक शल्य चिकित्सा – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू के नाम से देय होगा। | Samgri Equipments 50000.00 ( Fifty Thousand ) |
| 6 | ई–निविदा हेतु आवेदन शुल्क की राशि जो असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू के नाम से देय होगा।( नन रिफन्डेबल) | 2000.00 ( Two Thousand ) Only |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू जेल हाता रोड़, डालटनगंज। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का दूरभाष संख्या | 9431138224 |
| 9 | हेल्पलाईन निविदा से संबंधित दूरभाष संख्या | 7870904383 |
| 10 | निविदा शुल्क एवं DD ( Hard Copy) कार्यालय में हाथों–हाथ रजि0 पोस्ट से जमा करने की तिथि | 03-09-2023 At 11.00AM to 25-09-2023 till 05.00 PM |

**Further details can be seen on Website https://jharkhandtenders.gov.in**

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर ई–निविदा, समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता स्वंय अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहे सकते हैं। ई–निविदाओं के तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

PR 306073 (District) 23-24 (D)

असैनिक शल्य चिकित्सक
– सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू



Government of Jharkhand

**Urban Development Department**

Medininagar Municipal Corporation

**e-Procurment Short Notice**

| S.l. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Part – A | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/ 09/2023-24 | Construction of PCC road from (i) Satyendra Prajapati house to jaiki Agarwal house ward ni 11 (ii) Madan Ram to Chunnu Ram house ward 11 (iii) panki road to Anand kr singh house in ward 04 (iv) Repair of PCC road near S.D.P.O. Residence (v Railing (Breez Block) near S.D.P.O. residence (vi) Laying of Paver block near Shiv Mandir Singra ward no. 01,04,11 & 12 Under Medininagar Municipal Corporation. | 1781960 | 35700 | 5000 | 3 ckg |
| 2 | UDHD/MMC/ 10/2023-24 | Strengthing of old black topped road from Chainpur bazar to Bhatti chowk with culvert in ward no. 34 & 35 Under Medininagar Municipal Corporation. | 2487166 | 49800 | 5000 | 3 ckg |
| 3 | UDHD/MMC/ 11/2023-24 | Construction of (i) PCC road from rajesh kr singh house to main road (ii) laying of 450 mm HP from Rajesh kr singh house to main road in ward no. 03 under Medininagar Municipal Corporation | 1319870 | 26400 | 5000 | 3 ckg |
| 4 | UDHD/MMC/ 12/2023-24 | Construction of PCC road from omprakash saw house to durgesh singh house (science coaching centre) in ward no. 03 Under medininagar Municipal corporation | 1172664 | 23500 | 5000 | 3 ckg |
| 5 | UDHD/MMC/ 13/2023-24 | Construction of PCC Road from Lakshman tiwari house to shila devi house via girish bandh in ward no. 18 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar. | 1209110 | 24200 | 5000 | 3 ckg |
| 6 | UDHD/MMC/ 14/2023-24 | Strenghting of old black topped Chhotu sinha house to Ranjan kumar house (Sanjay Sahani road) with one culvert in ward no. 21, 23 under Medininagar Municipal corporation | 1300350 | 26100 | 5000 | 3 ckg |
| 7 | UDHD/MMC/ 15/2023-24 | Construction of (i) PCC Road with drain at centre from Pintu house to Jaya devi boundary (ii) RCC drain from Akhtari bibi house to santosh pathak house via jaya devi boundry in ward no. 34 Under Medininagar Municipal Corporation, Medininagar. | 2497830 | 50000 | 5000 | 3 ckg |
| 8 | UDHD/MMC/ 16/2023-24 | Laying of Paver Block from (i) Madan Mohan Colony Gate to Munna Singh house in ward no 04 (ii) Nahar to Bandhu Ram house in ward no. 08 Under Miedininagar Municipal corporation. | 1991960 | 39900 | 5000 | 3 ckg |
| 9 | UDHD/MMC/ 17/2023-24 | Construction for Repair of Drain from Near Archana hotel to Chota talab via Mission school in ward no. 15 Under Medininagar Municipal Corporation. | 1327140 | 26600 | 5000 | 3 ckg |
| 10 | UDHD/MMC/ 18/2023-24 | Construction of boundary wall and gate at Aanganwadi kendra in ward 18 Under Medininagar Municipal corporation | 1563831 | 31300 | 5000 | 3 ckg |
| 11 | UDHD/MMC/ 19/2023-24 | Construction for Repair of yatri shed ,Lighting, repairing of Boundary wall and Fencing in Nigam Parking and Govt. Bus stand Campus in ward no. 23 Under Medininagar Municipal Corporation. | 2499230 | 50000 | 5000 | 3 ckg |

| Part – B | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender On Website | 05/09/2023 AT 10:00 AM |
| 2 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 3 | Date Start Of Submission Of Bids | 05/09/2023 AT 10:00 AM |
| 4 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 20/09/2023 AT 02:00 PM |
| 5 | Date Of Bid Opening | 21/09/2023 AT 02:00 PM |
| 6 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | 21/09/2023 12.00 PM to 01:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 8409756635 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9973850001 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 306084 Palamu (23-24)_D

**NEWS इन ब्रीफ**


### मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पार्किंग चार्ज अनुचित : कौशल

**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी के नेता कौशल किशोर बच्चन ने एमएमसीएच हॉस्पिटल पलामू में वाहन पार्किंग को अनुचित बताया है। उन्होंने कहा कि दूर दराज से गरीब लोग बीमारी से त्रस्त होकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचते हैं। जहां दवाई का बोझ के साथ-साथ वाहन पार्किंग का भी बोझ झेलना पड़ रहा है, यह सरासर गरीबों के साथ अन्याय है। परिजन जब मरीज को लेकर अस्पताल पहुंचते हैं तो उन्हें अस्पताल में एडमिट करने से पहले वाहन पार्किंग में लगाकर वाहन पार्किंग का पैसा जमा करना पड़ता है बीमारी से परेशान निराश हताश लोगों की पार्किंग में लगे कर्मचारियों से बहस बाजी भी हो जाती है, जो सरासर गलत है। पार्किंग का नाम पर लोगों से अवैध वसूली इस अकाल संकट में घोर अन्याय है। माननीय उपायुक्त महोदय से आग्रह करता हूँ कि अविलंब पार्किंग के टेंडर को समाप्त कर निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था करें।

# हरे कृष्णा निवास में धूमधाम से मनेगी जन्माष्टमी

**नवीनमेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस लाइन रोड मेजर मोड़ के समीप हरे कृष्णा निवास में हर वर्ष जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाता है। इस वर्ष जन्माष्टमी के अवसर पर यहां के आयोजकों द्वारा खास आयोजन किया जा रहा है। 7 सितंबर को हरे कृष्णा निवास में आर्ट कॉम्पिटिशन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अलग-अलग आर्ट को लेकर प्रतियोगिता आयोजित कराई जाएगी। इसमें कक्षा 1 से 10 तक के बच्चे शामिल हो सकते हैं। हरे कृष्णा यूथ के सदस्य सौरव कुमार ने बताया कि इस बार बच्चों के लिए खास आयोजन किया जा रहा है। स्कूली बच्चे इस प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। इसके लिए आवेदन शुल्क 100 रुपये निर्धारित है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 3



सितंबर तक है, जिसके बाद एडमिट कार्ड 5 सितंबर को जारी होगा। यह प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से 10:30 बजे तक आयोजित होगी। इसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होगा। विशेष जानकारी के लिए 8936098014 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया की यह प्रतियोगिता भगवान कृष्ण, राधा-कृष्ण और राम-सीता विषय पर ड्राइंग बनाने की होगी। इसके लिए तीन ग्रुप में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें ग्रुप ए कक्षा 1 से 5, ग्रुप बी कक्षा 5 से 7 और ग्रुप सी कक्षा 8 से 10 तक के बच्चे शामिल होंगे। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जाएगा। वहीं विजेताओं को गोल्ड, सिल्वर, ब्रॉन्ज मेडल के साथ भागवत गीता और भगवान की फोटो से सम्मानित किया जायेगा।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बनखेता निवासी परशुराम सिंह उम्र 40 वर्ष सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल गए। जानकारी के अनुसार परशुराम सिंह शनिवार की शाम बाइक पर सवार होकर अपने घर से किसी काम के लिए मेदनीनगर जा रहे थे। तभी रास्ते में अनियंत्रित होकर वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं इस घटना के बाद परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायल परशुराम सिंह का इलाज करवा रहे हैं। वहीं दूसरी और पाटन थाना क्षेत्र के निवासी हरेंद्र कुमार पासवान उम्र 26 वर्ष बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है।

## कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास



**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बदुआ गांव निवासी कईल मियां की पत्नी सलमा खातून अपने सास ससुर और पति से तंग आकर शुक्रवार की शाम जहरीला कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास की। इस संबंध में लड़की के पिता शरीफ पावड़िया ने बताया कि शुक्रवार की शाम सलमा के पति, सास-ससुर किसी बात को लेकर सलमा के साथ मारपीट करने लगे। इस बीच सलमा गुस्से में आकर घर में रखें कीटनाशक दवा का सेवन कर ली, जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। उन्होंने बताया कि सलमा के सास ससुर और पति हमेशा सलमा को प्रताड़ित करते रहते हैं। जिसकी वजह से सलमा हमेशा सदमे में रहती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सलमा के पति, सास-ससुर पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। सलमान का इलाज अभी सदर अस्पताल में चल रहा है। परिजन अपनी देखरेख में उसका इलाज करवा रहे हैं।

# सुखाड़ से निपटने के लिए नौ जिलों को दिये गये 500 करोड़

## पलामू व गढ़वा को 100 करोड़ अतिरिक्त

### प्रत्येक दूसरे वर्ष पलामू और गढ़वा के इलाकों में सुखाड़ के हालात उत्पन्न हो जाते हैं : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड में सुखाड़ से निबटने के लिए केंद्र सरकार ने आपदा प्रबंधन के तहत नौ जिलों को 500 करोड़ रुपये उपलब्ध करवाए हैं। वहीं पलामू और गढ़वा को सुखाड़ से निबटने के लिए 100 करोड़ रुपये अतिरिक्त उपलब्ध करवाए गए हैं। यह बात पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने शनिवार (2 सितंबर) को मीडिया से बात करते हुए साझा की है। सांसद ने कहा कि अगस्त महीने में ही धान की रोपनी लक्ष्य हासिल हो जाना चाहिए था। कहा कि तय समय तक



पलामू में मात्र छह प्रतिशत वहीं गढवा में भी बेहद कम रोपनी हुई है। सांसद ने कहा कि मामले में राज्य सरकार एक रिपोर्ट तैयार करे और उसे केंद्र को भेजे। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार सुखाड़ को लेकर मदद करने को तैयार है। सांसद ने कहा कि सुखाड़ राहत को लेकर राज्य सरकार उदासीन है। सांसद ने कहा कि प्रत्येक दूसरे वर्ष पलामू और गढ़वा के इलाकों में सुखाड़ के हालात उत्पन्न हो जाते हैं। पूरा इलाका रेन शैडो एरिया में है। पलामू प्रमंडल लगातार दूसरे वर्ष सुखाड़ की चपेट आ गया है। सुखाड़ के कारण भोजन, पानी और मवेशियों को भी चारा का संकट हो जाता है। विष्णुदयाल राम ने बताया कि पलामू और गढ़वा में अकाल और सुखाड़ से निबटने के लिए स्थाई समाधान की जरूरत है। सांसद ने कहा कि पलामू और गढ़वा में सोन, कोयल, औरंगा नदी से पाइप लाइन की परियोजना शुरू होनी थी। गढ़वा के इलाके में सोन पाइप लाइन परियोजना का कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूरा हो गया है। सांसद ने कहा कि पलामू में चार वर्षों से मामला झूल रहा है। वो पलामू और गढ़वा में सिंचाई परियोजना और पेयजल आपूर्ति योजना को पूरा करने के लिए कई बार सीएम और मंत्री को पत्र लिख चुके है। सुखाड़ के हालात को जून के महीने में लोकसभा में उन्होंने मामले को उठाया था।

### बसपा नेता ने की पार्क के रख रखाव की मांग



**मेदिनीनगर।** बसपा नेता सह पलामू लोकसभा प्रभारी, पूर्व प्रत्याशी डालटेनगंज विधानसभा क्षेत्र, विनोद कुमार सोनी ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि नगर निगम आयुक्त महोदय से मांग करता हूं कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहब पार्क मेदिनीनगर में पेड़ पौधा सूख रहा है, तालाब का पानी का लेवल ऊंचा नहीं रहने के कारण पानी बह जाता है, जिससे तलाब में पानी का ठहराव नहीं हो पा रहा है। पार्क का रखरखाव दुरूस्त नहीं है। पार्क को ,रात्रि 10:00 बजे बंद करने की व्यवस्था किया जाए, पार्क में सुरक्षा व्यवस्था किया जाए, पार्क की साफ सफाई की व्यवस्था किया जाए। नगर निगम आयुक्त महोदय पार्क का निरीक्षण कर उपरोक्त मांगों को जल्द से जल्द पूरा करें।

# छत्तरपुर के मॉडल कॉलेज में कला संकाय में 60 नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर में स्थित मॉडल कॉलेज में 2023-24 सत्र के लिए अब तक 60 एडमिशन कला संकाय में हुये हैं। यह जानकारी छतरपुर मॉडल कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य अखिलेश यादव ने प्रेस को दी। अखिलेश यादव मूलतः जीएलए कॉलेज के भूगोल विभाग के वरिय प्राध्यापक है। कार्यवाहक कुलपति डॉक्टर तपन कुमार शांडिल्य के आदेश पर नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय ने अखिलेश यादव को मॉडल कॉलेज छतरपुर का प्रभारी प्रचार्ज घोषित किया है। यह एक शुभ संकेत है की छतरपुर के मॉडल कॉलेज में कला संकाय में 60 नामांकन हो चुका है। छतरपुर मॉडल कॉलेज में सरकार ने प्राचार्य शिक्षक और शिक्षिकेतर , कर्मचारियों को मिलाकर 29 पदों की स्वीकृति दे रखी है जो एक बहुत बड़ी राहत की खबर है। कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि उन्हें राजभवन से यह लिखित अनुमति मिल गई है, जिसमें वह ऐसे तीन मॉडल कॉलेज जिसमे छतरपुर मॉडल कॉलेज भी शामिल है, में गेस्ट फैकल्टी की सरकारी नियमानुसार बहाली कर सकते हैं। कुलपति ने बताया कि उन्होंने अखिलेश यादव को यह हिदायत दी है कि वह विषय वार गेस्ट फैकल्टी के लिए प्रयास शुरू कर दें। कुलपति प्रेस कोयह भी बताया कि उनकी बातचीत उच्च शिक्षा सचिव राहुल पुरवार से भी हुई है जिन्होंने, उन्हें कहा है की वह नीड



बेस्ट यानी आवश्यकता आधारित शिक्षकों की बहाली के लिए यूजीसी के माप डंडों के अनुसार विज्ञापन निकाले। एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात यह है कि जहां छतरपुर मॉडल कॉलेज में इसी 2023-24 सत्र में 60 स्नातक के कला संकाय में हो चुका है वहीं दूसरी ओर लातेहार जिले के लातेहार शहर से कुछ दूरी पर स्थित गुवा मॉडल कॉलेज में एडमिशन शून्य पर है । नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के एक वरीय पदाधिकारी ए.के.पांडेय ने प्रेस को जानकारी दी की गुवा स्थित डिग्री कॉलेज लातेहार में कोई भी पद चाहे वह प्रिंसिपल, शिक्षक का हो या कर्मचारी का हो सरकार के द्वारा स्विकृत नहीं है । अतः इस कॉलेज में कैसे नामांकन लिया जा सकता है और कौन ले सकता है। ऐसी स्थिति में गुवा स्थित मॉडल कॉलेज में 2023-24 मैं नामांकन के शीघ्र शुरू होने पर ग्रहण लगा हुआ है।कुलपति शांडिल्य ने प्रेस को यह जानकारी दी की वह पूरी गहराई से कोशिश कर रहे हैं कि तीन मॉडल कॉलेज जो तीन जिलों में गढ़वा शहर, लातेहार शहर से कुछ दूर और डाल्टेनगंज शहर से 48 किलोमीटर दूर छतरपुर में स्थित हैं, उन सबों में 2023 - 24 से न केवल नामांकन शुरू हो जाए, बल्कि आने वाले सप्ताह में पठन-पाठन का भी काम शुरू हो जाए। सूत्रों की मानें तो नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के सामने इन तीनों कॉलेजों में नामांकन और पठन-पाठन को शुरू करने और करवाने में की एक बहुत बड़ी चुनौती है।

### अनियंत्रित होकर पलटी पिकप वैन, मौके पर पहुंची पुलिस

**विश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के छिपादोहर कला गांव के समीप विश्रामपुर इटको मुख्य पथ पर अनियंत्रित होकर एक पिकप वैन पलटी खा गई है। जिसकी सूचना स्थानीय लोगो ने विश्रामपुर पुलिस को दी। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस दुर्घटना ग्रस्त पिकप वैन को जेसीबी की मदद से सीधा कर थाना लाने की कवायत शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार,वैन संख्या बीआर 26 जीए 7639 बिहार के अम्बा से छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर सब्जी लोड करने जा रही थी। तभी छिपादोहर गांव के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा गिरी। वहीं स्थानीय लोगो की माने तो पिक वैन की रफ्तार काफी तेज होने के कारण वह दुर्घटना की शिकार हुई है।

# बिजली सेवा बाधित होने से मेडिकल छात्रों के प्रैक्टिकल पर प्रतिकूल प्रभाव

**स्वीटी वर्मा**

**मेदिनीनगर ।** शनिवार तक मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में करीब करीब 20 घंटे तक बिजली सेवा पूर्ण रूप से बाधित रही। इस बिजली सेवा के बाधित होने से 2019 बैच के मेडिकल छात्रों के प्रैक्टिकल के एक अंश पर बहुत ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। यह बिजली कल यानी शुक्रवार को दिन 3:00 बजे से गुल हुई। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर और पदाधिकारीयों को यह लगा कि यह बिजली कुछ देर या कुछ घंटे में आ जाएगी, पर ऐसा नहीं हुआ। तकरीबन रात के 9:00 बजे बिजली मिस्त्री का एक दल मेडिकल कॉलेज पहुंचा और बिजली की सुविधा को बहाल करने की कोशिश की। जो रात को 12:30 बजे तक चलती रही लेकिन फलाफल शून्य रहा, बिजली नहीं आ पाई। शनिवार दिन के लगभग 11:00 बजे मेडिकल कॉलेज में बिजली पुन बहाल हुई। मेडिकल कॉलेज के एक प्राध्यापक डॉक्टर अतुल प्रकाश ने इस बिजली के लगभग 20 घंटे बाधित होने की बात की पुष्टि की है और



यह बताया है इस बिजली सेवा से बाधित होने से शिक्षकों, छात्रों और हॉस्टल में रह रहे लड़के, लड़कियों के किचन में भारी असुविधा हुई। असुविधा का यह आलम था कि यदि पानी के टंकियों में यदि पानी न होता, तो छात्रावास की स्थिति और बद्त्तर हो जाती। यह पूछे जाने पर कि बिजली की ऐसी स्थिति क्यों और कैसे उत्पन्न हुई, डॉक्टर अतुल प्रकाश ने बताया कि उन्हें यह जानकारी दी गई की लेस्लीगंज की क्षेत्र में बिजली के कुछ बड़े काम हो रहे हैं और उन बड़े कामों की वजह से मेडिकल कॉलेज की बिजली सप्लाई पर बहुत बुरा असर पड़ा।

## ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय की स्थापना 1994 में संस्थापक राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने की थी। विद्यालय के डायरेक्टर सह प्रचारक विनोद मिश्रा ने बताया कि इस विद्यालय के स्थापना काल से ही यह विद्यालय उत्तरोत्तर विकास कर रहा है। इस विद्यालय में खेल का मैदान, वाहन सुविधा, खेलकूद, वाद विवाद, कंप्यूटर, जेनरेटर, नृत्य संगीत की भी व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि नर्सरी से वर्ग दशम तक पढ़ाई की व्यवस्था है। समय-समय पर वार्षिक भ्रमण भी कराया जाता है। कम फीस में उचित पढ़ाई की व्यवस्था है। इस विद्यालय में पड़कर उच्च से उच्च पद पर छात्र-छात्राएं कार्य कर रहे हैं। भविष्य में नई शिक्षा नीति लागू होने पर इसमें +2 तक पढ़ाई की व्यवस्था की जाएगी। विद्यालय परिवार के सहयोग से यह विद्यालय शहर में नाम रौशन कर रहा है। विद्यालय विकास में अभिभावकों एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं का भी सहयोग मिल रहा है।

## जादू से स्कूली बच्चों को मिलेगी विज्ञान की सीख



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सावन का महीना कई मायने में महत्वपूर्ण है। सावन में अक्सर झूलन मेला लगता है, जिसमें जी बहलाने, मनोरंजन करने की तरह तरह के चीजें सजी होती है। इन सबों के बीच बच्चों को जादू का खेल सबसे ज्यादा आकर्षक व आश्चर्यजनक लगता है। जादूगर लोगों की कल्पनाओं से परे अपनी हाथ के सफाई को दर्शकों के बीच परोसता है। कभी सुर्ख सुरमई शाम को रूहानी शाम बनाता है तो कभी पौ फटते चहचहाते सबेरा को भूतों का डेरा बनाता है। कभी हैट से कबूतर तो धूल से मिठाई बनाता है, कागज से फूल तो दलदल से दवाई बनाता है। कभी डब्बा बंद कर पुरुष से नारी निकलता है, तो कभी खाली लोटा से पानी गिराता है। जो बच्चों को दिल से भाता है। इसीलिए विद्यालय संत मरियम के बच्चों को स्थानीय नगर भवन में चल रहे आर सरकार के जादूगर शो को शाम में बुक करा स्कूल प्रबंधन द्वारा दिखाया गया। जादूगर आर. सरकार मंच पर बुला अपने जादू से फूलमाला बना कर बच्चों के बीच स्वागत के साथ शो की शुरूआत किये। बच्चों को संबोधित करते हुये अविनाश देव ने कहा कि जादू का खेल पूरा का पूरा विज्ञान पर आधारित है जिसमें हाथ के सफाई का अहम भूमिका होती है। कभी भी इसे ब्यवहारिक जीवन में सत्यता के साथ लेने की जरूरत नहीं हैं। आप सभी साइंस को पढ़िए और विज्ञान के जादू से वह सब कीजिए जो एक जादूगर नहीं कर पाता है। आपने देखा लोहा को हमारे वैज्ञानिकों ने कैसे चाँद पर पहुँचाया ये है विज्ञान के करामात जो किसी जादू से कम नहीं है। आप संत मरियम विद्यालय के सभी बच्चे किसी जादूगर से कम नहीं हैं जरूरत है बड़े ही करीने से विज्ञान के सूक्ष्म मर्म को समझना।

**बैठक** एक वर्ष के अंदर संपूर्ण देश में एक लाख समिति गठन करने का लक्ष्य

# सात से पलामू में शौर्य जागरण रथ यात्रा निकालेगी विहिप

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 07 सितंबर को विश्व हिंदू परिषद का 60वां स्थापना दिवस मनाया जायेगा : सश्चिंद्र नाथ सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** विश्व हिंदू परिषद, पलामू विभाग की बैठक शनिवार को गढ़वा के उत्सव गार्डन में हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सहमंत्री व प्रचार प्रसार केंद्रीय सह प्रमुख, सश्चिंद्र नाथ सिन्हा, झारखंड विहिप प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू और झारखंड संगठन मंत्री देवी सिंह उपस्थित थे। बैठक में श्री सिन्हा ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 07 सितंबर को विश्व हिंदू परिषद का 60वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा । 07 सितंबर से 25 अगस्त 2024 तक विश्व हिंदू परिषद की षष्टी पूर्ति वर्ष मानने की योजना है। इस एक वर्ष के अंदर संपूर्ण देश में एक लाख समिति गठन करने का लक्ष्य है। कहा कि श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य समारोह में उपस्थिति





के लिए आमंत्रण के साथ-साथ सामाजिक चेतना हेतु झारखंड प्रांत में 29 नवंबर को चार स्थानों से शौर्य जागरण रथ यात्रा निकाली जाएगी, जो प्रांत के विभिन्न मार्ग से होते हुए 08 अक्टूबर को रांची में भव्य हिंदू सभा में परिवर्तित हो जायेगी। गढ़वा जिला से रथ विश्रामपुर मोड़ पर 30 सितंबर को दोपहर बाद पलामू जिला में प्रवेश करेगा , जो पलामू जिला के विभिन्न प्रखंडो में भ्रमण करने के बाद 02 अक्टूबर दोपहर में लातेहार जिला में पहुंच जायेगा। रथ के मार्ग और समय को शीघ्र ही सार्वजनिक कर दिया जाएगा। प्रयास होगा कि रथ पलामू के सभी प्रखंड मुख्यालय तक अवश्य पहुंचे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 07 सितंबर से 21 सितंबर के बीच स्थापना दिवस समारोह जिला में लगभग 100 स्थानों पर मनाया जाएगा। यह यात्रा संगठन मात्र का नहीं है, बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज को इस यात्रा से जोड़ने के लिए है। बैठक में पलामू से जिला उपाध्यक्ष अजीत पाठक और लाला यादव, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, जिला सह मंत्री अमित तिवारी और आशीष चौरसिया, विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पाण्डेय, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप कुमार गुप्ता,बजरंग दल जिला सह संयोजक मोनू गुप्ता और सोनू सिंह, नगर बजरंग दल संयोजक आकाश कुमार, नगर बजरंग सह संयोजक अमित तिवारी, दिलीप गिरी, अमलेश पासवान, विकाश कश्यप, सतबरवा से सुनील कुमार, इंदर सिंह, करण मिश्र, अंगद कुमार, अभिषेक कुमार, नवा बाजार से हिमांशु पांडेय, नगर अध्यक्ष दीपक प्रसाद, नगर मंत्री दीपक सिंह, बसना से कंचन गुप्ता, रेवा रातु से नीतीश कुमार, उपेंद्र गुप्ता, विनोद गुप्ता, मंटू गुप्ता, नागदेव रवि, अमन कुमार गुप्ता, प्रेम यादव, त्रिपुरारी मिस्त्री, अनिकेत विश्वकर्मा, सुद्दू विश्वकर्मा, इत्यादि सैंकड़ो कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

### उपायुक्त व खरौंधी थाना प्रभारी को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग

# पेट्रोल-डीजल की हो रही अवैध बिक्री

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
शिवपूजन फयूल्स के प्रोपराइटर शिवपूजन यादव ने उपायुक्त व खरौंधी थाना प्रभारी को आवेदन देकर झारखंड के बॉर्डर से सटे यूपी सोनभद्र के कोन थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप से झारखंड के सीमावर्ती प्रखंडों में अवैध रूप से सप्लाई कर कालाबाजारी की शिकायत की है। शिकायत पत्र में कालाबाजारी का आरोप लगानते हुए कहा है कि यूपी के कोन थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप से झारखंड के खरौंधी, केतार, पाचाडूमर आदि क्षेत्रों में अवैध रूप से डीजल-पेट्रोल की सप्लाई कर अवैध रूप से बिक्री की जा रही है।

उन्होंने कहा कि चूकि यूपी सोनभद्र के कोन क्षेत्र के पेट्रोल पंप पर झारखंड स्थित पेट्रोल पंप से डीजल 06. 56 रुपये और पेट्रोल 4.68 रुपये सस्ता है। ऐसे में उनके द्वारा अवैध रूप से झारखंड के लोगों को पेट्रोल और डीजल मुहैया कराए जाने से झारखंड के पेट्रोल पंप संचालक का हित तो प्रभावित हो ही रहा है। लोग वैध रूप से झारखंड की महंगे दर पर डीजल-पेट्रोल खरिदने की जगह सस्ते दर पर यूपी से मिल रही कालाबाजारी की डीजल-पट्रोल की अवैध खरीददारी कर रहे हैं। इससे झारखंड सरकार को भी राजस्व की भारी क्षति हो रही है। यूपी के पेट्रोल पंप से प्रतिदिन करीब 3000 से 4000 लीटर डीजल और पेट्रोल का अवैध रूप से आयात कर खरौंधी, केतार, और पाचाडूमर के इलाके में कालाबाजारी कर झारखंड स्थित पेट्रोल पंप के रेट में काफी कम रेट पर स्थानीय लोगों के द्वारा बिक्री किया जा रहा है।



भवनाथपुर, खरौंधी और केतार प्रखंड में किसी भी दुकानदार को खुदरा पेट्रोलियम पदार्थ बेचने का लाइसेंस प्राप्त नहीं है। लेकिन इन तीनों प्रखंडों में स्थानीय स्तर पर कई दुकानदार उत्तर प्रदेश के उपरोक्त पेट्रोल पंप से सस्ते दरों पर कालाबाजारी का पेट्रोलियम पदार्थ खरीद रहे हैं और झारखंड में अवैध रूप से खुदरा व्यापार कर रहे हैं। जिस कारण झारखंड के पेट्रोल पंप का बिक्री भी गिर गया है। उन्होंने कहा कि यूपी से पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी से झारखंड सरकार के साथ-साथ भारत सरकार को प्रतिदिन करीब एक से डेढ़ लाख रुपए तक के राजस्व का नुकसान किया जा रहा है। उन्होंने कहा की इससे मेरे पंप की बिक्री दिनों दिन गिरती जा रही है। इससे हमें भी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। जिससे पंप संचालन से जुड़ी रोजमर्रा के खर्च को भी उठाना भारी पड़ रहा है। विदित हो कि पूर्व में भी तत्कालीन थाना प्रभारी खरौंधी को इसका लिखित प्रतिवेदन देकर इसके रोकथाम के लिए निवेदन किया गया था। लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो पाई और न ही किसी प्रकार की रोकथाम लग पाई है। डीजल-पेट्रोल की कालाबाजारी प्रतिदिन जारी है। उन्होंने थाना प्रभारी से आग्रह करते हुए कहा है कि उपरोक्त स्थिति पर विचार करते हुए यथाशीघ्र उचित कार्रवाई की जाय। जिससे झारखंड सरकार के साथ-साथ भारत सरकार को प्रतिदिन हो रहे राजस्व के नुकसान को बचाया जा सके। इसकी प्रतिलिपि उन्होंने उपायुक्त गढ़वा, पुलिस अधीक्षक गढ़वा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नगर ऊंटरी, पुलिस निरीक्षक भवनाथपुर, अनुमंडल पदाधिकारी नगर ऊंटारी को देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

#### उत्तर प्रदेश के पेट्रोल पंप कर रहे है प्रावधानों का उल्लंघन

किसी भी पेट्रोल पंप से किसी टैंकर, जरकिन या बोतल में पेट्रोल-डीजल बेचना अवैध है। नियमानुसार पेट्रोल पंप संचालक को पेट्रोल पंप पर फ्यूल भरवाने आए वाहनों को ही फ्यूल देना है। वह भी उक्त वाहन की फ्यूल टंकी में ही भरना/देना है। किसी भी कीमत पर उक्त वाहन पर लदे किसी टैंकर, जरकिन (भैट) में पेट्रोलियम पदार्थ नहीं देना है। लेकिन यूपी के पेट्रोल पंप उपरोक्त सारे प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए झारखंड के खुदरा व्यापारियों को बड़े. जरकिन/भैट में पेट्रोलियम पदार्थ देकर कालाबाजारी कर रहे हैं। ऐसे में न केवल बगैर लाइसेंसधारी इन खुदरा व्यापारियों के विरूद्ध करवाई होनी चाहिए, बल्कि उक्त पेट्रोल पंप संचालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई होनी चाहिए जो इन खुदराव्यापारियों को अवैध रूप से पेट्रोलियम पदार्थ की कालाबाजारी कर रहे हैं।

# बिलैती खैर में कई एकड़ में लगी फसलों को हाथियों ने किया बर्बाद

### उत्पात पांचवें दिन भी जारी रहा, ग्रामीणों में भय का माहौल

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
प्रखंड के विभिन्न गांव में पांचवें दिन भी जंगली हाथियों का आतंक जारी रहा। शुक्रवार की रात्रि थाना क्षेत्र के बिलैतीखैर गांव में दर्जनों किसानों के मकई, तिल, धान की फसलों को जंगली हाथियों ने बर्बाद कर दिया। जिन किसानों की फसल बर्बाद हुयी है उनमें अजय यादव, जनार्दन यादव विक्रम पाल, चंद्रिका पाल, मनोज पाल, दुर्गेश पाल, लक्ष्मण पाल, विजय यादव, उमेश पाल, सुनील कुमार यादव, मदन दीप यादव, सुनील यादव, शिवसागर यादव, रंजन यादव, शामिल हैं।



बताते चलें कि पिछले पांच दिनों से लगातार जंगली हाथी थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में दर्जनों किसानों के फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, परंतु वन विभाग अब तक कोई उचित कदम नहीं उठा सका है। मामले में पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि जंगली हाथियों द्वारा फसलों को नुकसान किए जाने की जानकारी मिली है। नुकसान का जायजा लिया जा रहा है जा रही सरकारी प्रावधान के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जायेगा। वहीं जंगल किनारे वाले गांव के ग्रामीण काफी भयभीत हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दिन में हाथी जंगल की ओर चले जाते हैं और रात होते ही गांव में प्रवेश करते हैं और रात भर तबाही मचाते हैं। हाथियों की संख्या एक दर्जन से अधिक बताई जा रही है, जिसमें बच्चे भी हैं। बताते चलें कि पिछले वर्ष भी जंगली हाथियों द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में दर्जनों किसानों के घर, मकान, फसल को भारी नुकसान पहुंचाया गया था, परंतु विभाग के दावा के अनुसार अभी तक कई किसानों को मुआवजा की राशि नहीं मिल पाई है, जिससे ग्रामीण काफी गुस्से में हैं। वहीं ग्रामीणों ने जंगली हाथियों को वन विभाग से जल्द से जल्द क्षेत्र से बाहर करने की मांग की है।

## प्रबंधन समिति चुनाव स्थगित, प्रधानाध्यापिका पूर्व मुखिया में नोकझोंक

**केतार।** मध्य विद्यालय हुरका के विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के द्वारा विद्यालय विकास कार्य और मध्यान्ह भोजन में रुचि नहीं लेने, योजना को बाधित करने से संबंधित शिकायत बीईओ से प्रधानाध्यापिका सरिता देवी ने की थी, जिसकी जांच संकुल साधन सेवी श्याम किशोर सिंह ने 5 अगस्त को की थी, जिसमें आरोप सत्य पाया गया था। प्रबंधन समिति पुर्नगठन को लेकर शनिवार को चुनाव कराने पहुंचे साधन सेवी, श्याम किशोर सिंह व रमेश रजक के समक्ष पूर्व मुखिया विनय तिवारी और सरिता देवी में नोकझोंक हो गई। सरिता देवी ने कहा कि पूर्व मुखिया मेरौनी गांव का बच्चा विद्यालय में नहीं पढ़ते हैं। फिर भी पूर्व मुखिया ने मना करने के बाद भी विद्यालय में प्रवेश कर प्रबंधन समिति व सरस्वती वाहिनी माता समिति का चुनाव बाधित किया। श्याम किशोर ने बताया कि अभिभावकों की अनुपस्थिति व विवाद के कारण चुनाव नहीं हो सका।

# उद्घाटन मैच में एक गोल से जीता मुखिया एकादश

### फैंसी फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे मुकाबले में प्रशासन एकादश ने पत्रकार एकादश को दी मात

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**
प्रखंड के हासनदाग जी पी एस मैदान में दो दिवसीय फैंसी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार को चार टीमों के बीच मैच खेले गये। उद्घाटन मैच मुखिया एकादश बनाम नागरिक एकादश के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में मुखिया एकादश ने एक गोल से मैच को जीत लिया। दूसरा मैच पत्रकार एकादश बनाम प्रशासन एकादश के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी मुखिया संघ के अध्यक्ष रामसागर महतो स्थानीय मुखिया फुलमंती देवी बीडीसी नंदू चौधरी डॉक्टर कुलदेव चौधरी भी वी आईपी पार्टी की जिला अध्यक्ष जिला अध्यक्ष मनदीप मलाह पूर्व जिला परिषद राम नरेश चौधरी संवेदक महेंद्र चौधरी आदि गणमान्य लोगों के उपस्थिति में पत्रकार एकादश के कप्तान यासीन अंसारी तथा





प्रशासन एकादश के कप्तान थाना प्रभारी नीतीश कुमार द्वारा टॉस किया गया। प्रशासन एकादश के कप्तान ने टॉस जीतकर खेल को प्रारंभ किया। फर्स्ट हाफ में दोनों टीम के खिलाड़ियों ने जबर्दस्त खेल का प्रदर्शन किया तथा स्कोर शून्य रहा लेकिन सेकंड हाफ में प्रशासन एकादश की टीम ने जोरदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पत्रकार एकादश के विरुद्ध दो गोल दाग कर मैच को दो शून्य से जीत लिया। मैच में रेफरी की भूमिका जिनाहुद्दीन खान तथा धर्मराज राम ने निभाई। तीसरा मैच शिक्षक एकादश बनाम वार्ड सदस्य एकादश के बीच तथा चौथा मैच जिला पार्षद एकादश बनाम पंचायत समिति सदस्य के बीच खेला जाना था। इस अवसर पर पूर्व मुखिया वाल्मीकि चौबे उप मुखिया अविनाश चौबे मुखिया पति हरेंद्र चौधरी लालमणि शाह मुखिया मनदीप सिंह कोमल चौधरी गुलबास अंसारी सुदर्शन विश्वकर्मा संजय चौधरी अनिल चौधरी विनय प्रजापति रामनाथ चौधरी आशुतोष चौबे संतोष चौधरी कौशर अंसारी पंचायत सचिव राजेंद्र राम रोजगार सेवक रघुवर राम मानदेव रजक कौशल किशोर चौबे बेलाल अंसारी ए एच अख्तर, मंसूर अंसारी सद्दाम अंसारी रंजीत कुमार चौबे संजय चौधरी देवनाथ चौधरी प्रणय चौबे दिवाकर चौबे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मदरसा के 19 बच्चे विषाक्त भोजन करने से पड़े बीमार

**सभी बच्चे खतरे से बाहर ग्रामीणों के अनुसार जहां पर खाना बना था वहीं पर एक चूहा मारने वाली दवा का पैकेट मिला है।**

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**
प्रखंड के मदरसा इस्लामिया के 19 बच्चे विषाक्त भोजन करने से गंभीर रूप से बीमार हो गए। सभी को रेफरल अस्पताल मझिआंव भेज दिया गया है। सभी का स्थित अब ठीक ठाक है। मदरसा के जितने भी मौलवी थे सभी साथ में गए हैं।

जानकारी के अनुसार दोपहर का खाना खाकर लोग बीमार हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार जहां पर खाना बना था वहीं पर एक चूहा मारने वाली दवा का पैकेट मिला है। खाना बनाने के बाद लोग नमाज पढ़ने के लिए बगल के मस्जिद में गए हुए थे। इसी दौरान किसी ने दाल में चूहा मारने की दवा मिला दिया था। घटना शनिवार दोपहर लगभग ढाई बजे की है। बीमार बच्चों में परवेज आलम, शहनवाज आलम, असीम अंसारी, मोहम्मद रजा, इरफान खान, गुलाम गौस सहित कूल 19 बच्चे बीमार हैं। घटना की सूचना अभिभावकों को मिली। सभी मदरसा की ओर दौड़ पड़े। पंचायत मुखिया विजय राम घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचकर सभी बीमारों को निजी वाहन से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मझिआंव भेजा। घायलों को ले जाने के लिए सरकारी एम्बुलेंस नहीं मिली। अब सवाल उठता है कि आखिर बच्चों के खाना में जहर किसने मिलाया? एसआई स्वामी रंजन ओझा ने बताया कि अब यह जांच का विषय है कि खाना में जहर मिला हुआ था या नहीं। सबका इलाज रेफरल अस्पताल मझिआंव में किया जा रहा है। सभी खतरे से बाहर हैं।

# धूमधाम से होगी भगवान बलभद्र की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव स्थित शिवनारायण प्रसाद के नवनिर्मित आवास पर शुक्रवार रात्रि डंडई ब्याहुत कलवार समाज की बैठक हुई। समाज के अध्यक्ष अलख निरंजन प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समाज के अधिसंख्य लोगों को बैठक में भाग नहीं लेने पर समाज के लोगों के द्वारा काफी नाराजगी जताई गई। साथ ही पत्रवाहक के द्वारा भेजे गए चिट्ठी पर अपना अपना दस्तखत बना बैठक में भाग नहीं लेने वालों पर समाज के लोगों के द्वारा विस्तृत ढंग से चर्चा की गयी। वहीं धूमधाम के साथ भगवान बलभद्र पूजा कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। उसके लिए समाज के लोगों के द्वारा 24 सितंबर दिन रविवार की तारीख मुकर्रर की गई। समाज के अध्यक्ष अलख निरंजन प्रसाद ने कहा कि भगवान बलभद्र ब्याहुत कलवार परिवार के लिए पूज्य देव हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जो भी उनका पूजन कार्यक्रम होगा वह



बिल्कुल रूप से अलग और उदाहरण के रूप में होगा। कई ऐसे सम्मानित सदस्य हैं जो बैठक में भाग नहीं लेते हैं। वहीं बैठक में उनके आगमन का इंतजार करते-करते हम सभी थक जाते हैं बावजूद वहां पर उनका आगमन नहीं हो पता है। वहीं रामनाथ साहू ने कहा कि किसी भी तरह का कार्यक्रम से पहले छोटा-मोटा प्लान का बनना बहुत ही जरूरी होता है। भगवान बलभद्र हमारे समाज की पहचान हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना कल के बाद से हम सभी व्यापक तौर पर उनका पूजन कार्यक्रम नहीं कर पाए हैं। लेकिन इस वर्ष धूमधाम के साथ भगवान बलभद्र की पूजा कार्यक्रम करने की हम सभी लोगों की विशेष तैयारी है। अशोक प्रसाद ने कहा कि भगवान बलभद्र की जयंती मनाने में हम सभी समाज के लोग काफी आनंदित महसूस करते हैं। मौके पर नंदू प्रसाद, विजय प्रसाद, गोपाल साह, राजकुमार साह, आदित्य लाल, संजय सेठ, पंकज कुमार, आशीष कुमार, श्रीकांत प्रसाद, ज्ञानचंद प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद, राजीव कुमार, राहुल कुमार, राजू प्रसाद, अनिल प्रसाद, आनंद प्रकाश, सुमित कुमार, सच्चिदानंद इत्यादि उपस्थित थे।

## बिजली करंट लगने से व्यक्ति की मौत

**गढ़वा।** टंडवा मोहल्ला में शुक्रवार की रात्रि बिजली के करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक भारत माली का पुत्र बिट्टू मालाकार बताया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि बिट्टू माली देर शाम अपना दुकान बंद करके घर लौटा था। इस दौरान इनवर्टर खराब होने के कारण उसके घर अंधेरा था। बिट्टू अपने घर के इनवर्टर का तार जोड़ रहा था। इसी दौरान उसे बिजली का करंट लग गया। इससे वह अचेत अवस्था में गिर पड़ा। घटना के बाद आनन फानन में परिजन द्वारा उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर फैलने के बाद काफी संख्या में लोग गढ़वा सदर अस्पताल पहुंच गए। बिट्टू ने चार दिन पूर्व अपनी पत्नी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया था।

# 'संस्कृत वाहक है संस्कार व संस्कृति का'

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
स्थानीय जीएन कॉन्वेंट(10+2) स्कूल में संस्कृत सप्ताह समापन समारोह का आयोजन किया गया। संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत स्कूली छात्रों के बीच सुभाषितानि, नीतिश्लोक संस्कृत वाचन कला के विकास के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी एवं उपप्रचार्य बसंत ठाकुर ने की। सीनियर वर्ग की छात्राओं ने स्वागत गीत गाया।

निदेशक ने कहा कि संस्कृत वाहक है संस्कार व संस्कृति का। संस्कृत कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक उदय प्रकाश, संजीव कुमार, मुकेश भारती, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, रिजवाना शाहीन, सुषमा तिवारी, सुनीता कुमारी नीलम केशरी, शिवानी कुमारी, खुर्शीद



आलम, नरेन्द्र सिन्हा, आलोक सिन्हा, आदि की भूमिका सराहनीय रही। मंच का संचालन संस्कृत के जानकार सुषमा तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन नीलम केशरी ने की। उपरोक्त प्रतियोगिता दो ग्रुप में कराई गई। जूनियर ग्रुप में कक्षा पांचवी, छठी एवम सातवीं की छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसमें सातवीं कक्षा का रौशन दुबे और प्रतीक तिवारी प्रथम स्थान, छठी की सृष्टि कुमारी द्वितीय एवं पाँचवी की आर्या पाण्डेय तृतीय स्थान प्राप्त की वहीं सीनियर वर्ग कक्षा आठवीं, नवीं और दशमी के लिए नवम की मुस्कान तिवारी प्रथम, आठवीं की उज्जवला दुबे द्वितीय और आर्या पांडेय तृतीय स्थान प्राप्त की। मौके पर बच्चों के बीच संस्कृत के प्रति लगाव और उत्साह देखा गया।

**धर्म-कर्म**

### नारायण का भजन करने से दूर होती है हर परेशानी : जीयर स्वामी

# विवाह कर पत्नी से मतलब नहीं रखने का संकल्प करना पाप

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के क्रम में जीयर स्वामी ने कहा कि -अरी पामर तृष्णा! मैं तुझसे पूछता हूं कि इतने कुकर्म कराकर भी तुझे संतोष हुआ या नहीं। सूर्य के उदय और अस्तके साथ मनुष्यों की जिंदगी रोज घटती जाती है। समय भागा जाता है, पर कारोबार में मशगूल रहनेके कारण वह भागता हुआ नहीं दिखता। लोगों को पैदा होते, विपत्तिग्रस्त होते और मरते देखकर भी मन में भय नहीं होता। इससे मालूम होता है कि मोहमयी प्रमादरूप मदिरा (शराब) के नशेमें संसार मतवाला हो रहा है। मनुष्य दूसरे को बूढ़ा हुआ तथा मरनेवाला देखता है, पर स्वयं यही समझता है मैं तो सदा जवान रहूंगा- अमर रहूंगा। यह अज्ञानी का लक्षण है।



मनुष्यों ! मिथ्या आशा के फेर में दुर्लभ मनुष्य शारीर को यों ही नष्ट न करो। अलग अलग व्यक्ति की अलग अलग मयार्दा है। शास्त्र कहता है सभी व्यक्ति एक ही मयार्दा में रहेगा। यह ठीक नहीं है। गृहस्थ आश्रम में रहकर विवाह करके कोई संकल्प ले लिया कि हमें पत्नी से मतलब ही नहीं है उनको पाप लगेगा। महानर्क हो जाएगा। ऐसा नहीं कि विवाह कर लिया फिर दाढ़ी बढा करके, दंड कमंडल ले करके घुमने लगे, यह कौन तरीका है। काहे को विवाह किया। घर परिवार को सजाओ। शिक्षित करो। बच्चों को संस्कार दो। बेटा बेटी को विवाह करो। सारे परिवार के लोगों को संवर्धन कर दो। तब वैराग्य धारण करो ऐसा बताया गया है। तब भगवान प्रसन्न होंगे। तब आत्म कल्याण होगा। पात्र के अनुसार ही दंड भोगना पड़ता है। बड़े लोगों द्वारा थोड़ी सी ही चूक होती है उसका बहुत बड़ा परिणाम भोगना पड़ेगा। जो जितना पात्र का अधिकारी होगा उसी के अनुसार दंड का अधिकारी होगा। जो जितना बड़ा होता है उसके अनुसार वैसा ही दंड की प्रक्रिया होती है। यदि किसी के घर पर कौवा तथा गिद्ध बैठ जाए तो यदि उस घर वाले का कोई सामर्थ्य नहीं हो तो सुंदरकांड का पाठ कर ले। हनुमान चालीसा का पाठ कर ले उसी से मार्जन हो जाएगा। कोई धनी व्यक्ति हो तो उसको पूजन पाठ, भोग भंडारा इत्यादि करना पड़ेगा। ऐसा बताया गया है। इसीलिए सबके लिए अलग अलग व्यवस्था बनाया गया है। सबके लिए एक ही नियम लागू नहीं हो सकता है। जैसे की गलती एक पागल व्यक्ति करता है तो उसे थोड़ा सा डांट करके छोड़ा जा सकता है, परंतु वहीं गलती यदि बड़े अधिकारी या पढ़े लिखे लोग करते हैं तो उन्हे कठोर दंड भोगना पड़ता है।

#### हाईकोर्ट के जस्टिस ने किया जीयर स्वामी महाराज का दर्शन

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एसएन पाठक ने शनिवार को जीयर स्वामी का दर्शन किया। पाठक ने अपने पैतृक गांव में स्थित प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार के विषय में चर्चा की और मार्गदर्शन मांगा। उन्होंने मंदिर जीर्णोद्धार के बाद उदघाटन समारोह में शामिल होने का अनुरोध किया। उस मौके पर उपस्थित डीसी शेखर जमुआर की अगुवाई में समिति के पदाधिकारियों ने जस्टिस एसएन पाठक को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। समिति के पदाधिकारियों ने उस मौके पर उपस्थित गढ़वा व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह, एसपी अंजनी कुमार झा, नगर ऊंटारी व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार त्रिपाठी को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे उर्फ लाल चौबे, उपाध्यक्ष अमित कुमार शुक्ला, मथुरा राम, उपसचिव कैप्टन सुनील कुमार चौबे, लेखा प्रभारी धीरेंद्र चौबे, सह मीडिया प्रभारी राधेरमण चौबे, उमेश शुक्ला, नीलू चौबे, नवनीत शुक्ला समेत समिति के कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# कैशियर के तबादले पर बैंक कर्मियों ने दी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के कैशियर पुष्कर पांडे की तबादला होने के बाद बैंक कर्मी एवं गणमान्य लोगों ने विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी है। पुष्कर पांडे का तबादला चिनिया शाखा से नगर शाखा हो गया है। शाखा प्रबंधक शंभू शरण कुमार ने कहा कि विदाई का पल भावुक होता है परंतु नौकरी में रहने के बाद एक जगह से दूसरे जगह जाना तो पड़ता ही है। पुष्कर पांडे की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके मृदुल स्वभाव एवं अच्छे व्यवहार चिनिया क्षेत्र पर एक छाप छोड़ गया है जिसे भुलाया नहीं जा सकता, मौके पर समाजसेवी मोहम्मद फरीद, रामसागर यादव, बैंक कर्मी अनूप अग्रवाल, रामाधार राम,बंधु राम, महमूद अंसारी, अफजल मंसूरी, सोनू कुमार, जेएसएलपीएस के जयंती कुमारी, नागेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।



## राजीव खाद्य निगम के सहायक प्रबंधक बन

**केतार।** उपायुक्त शेखर जमुवार के निर्देश पर जनसेवक राजीव कुमार को झारखंड राज्य खाद्य निगम केतार का गोदाम प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में उपायुक्त गढ़वा द्वारा पत्र निर्गत कर आदेश दिया गया है की केतार प्रखंड के नव निर्मित गोदाम के संचालन के लिए प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक के रूप में राजीव कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया है।

### नदी कटाव के कारण किसानों की उपजाऊ-भूमि और नदी का अस्तित्व खतरे में

# बालू के अवैध धंधे को पुलिस प्रशासन का संरक्षण!

**हिमांशु सिंह। मयूरहंड(चतरा)**

मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के पेटादेरी एवं सोकी पंचायत से गुजरनेवाली बराकर नदी जो चतरा और हजारीबाग जिला को विभाजित करती है, जिसका आज बालू तस्करों के कारण अस्तित्व खतरे में है। ज्ञात हो कि प्रखंड क्षेत्र में किसी भी नदी-घाट की सरकार द्वारा नीलामी नहीं की गई है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए भी सरकार ने प्रखंड की एकमात्र नदी से बालू-उत्खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है, लेकिन सरकार के आदेशों की बालू तस्करों द्वारा प्रखंड और पुलिस प्रशासन के संरक्षण में धज्जियां उड़ाई जा रही है। प्रत्येक दिन पेटादेरी, सोकी, गौरक्षणी, नवडीहा, महुगाई बालू-घाट से सैकड़ों ट्रैक्टर बालू का अवैध खनन कर दिन-रात बालू की तस्करी चौपारण, हजारीबाग सहित अन्य राज्यों में भेजा जा रहा है। कटाव के कारण नदी के बहाव का मार्ग परिवर्तित होकर किसानों की उपजाऊ जमीन को भी नदी में तब्दील कर रहा है, जिससे किसान हलकान हैं। इससे नदी का जलस्तर भी घटता जा रहा है, जो पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। तस्कर बेखौफ होकर जेसीबी मशीन से बालू का उत्खनन और भंडारण कर अवैध बालू का धंधा कर रहे हैं। सरकार बालू तस्करी रोकने का लाख दावा कर ले, लेकिन सरकारी संरक्षण में ही बे रोक-टोक के यह धंधा फल फुल रहा है और तस्कर मालामाल हो रहे हैं।



### अवैध बालू लोड कर जा रहा ट्रैक्टर जब्त

**पत्थलगड़ा।** अवैध बालू का उठाव करने वालों पर अंचल व पुलिस ने पत्थलगड़ा अंचल में बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को पत्थलगड़ा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने गस्ती के दौरान नावाडीह दुर्गा मंडप चौक से एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर लिया। ट्रैक्टर मालिक पर मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि हेसालंग नदी से एक ट्रैक्टर बालू उठाव कर नावाडीह की ओर जा रहा था। पुलिस बल को देखकर चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। रोक लगाने के बावजूद बालू तस्करों द्वारा लगातार बालू ढुलाई की जा रही है। वहीं नावाडीह क्षेत्र के ट्रेक्टर मालिक का कहना है कि बालू मंदिर में जा रहा था।

# पूल टूटने से आवागमन हुआ बाधित स्कूली बच्चों समेत ग्रामीण परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

प्रखंड क्षेत्र के चंपा पंचायत के सिदरा गणसा गांव के बीच बना पुल पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है जिसके कारण लोगों को आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह पुल का निर्माण सिदरा गनसा गांव के बीच में कराया गया था। यह रास्ता प्रखंड मुख्यालय को जोड़ता है। इस रास्ते से सिदरा गनसा होते हुए कुरूंद व महुआंडाड़ आना जाना किया जाता था। इसे लेकर ग्रामीणों का कहना है कि पुल टुट जाने के कारण हमलोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर स्कूली बच्चों को स्कूल आने जाने में काफी कठिनाइयां हो रही हैं। प्रशासन के द्वारा अगर पुल का निर्माण करा दिया जाता है तो हम सभी ग्रामीणों को आवागमन करने में आसानी हो जाएगी। बताते चलें कि उक्त पुल का निर्माण आरईओ विभाग लातेहार के द्वारा पांच वर्ष पूर्व बनाया गया था। गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने के कारण यह पुल गिर गया। पुल के गिर जाने से चंपा पंचायत के सिदरा, गणसा, बोराकोना, धवईटोली ग्राम के लोगों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने कार्य करने वाले ठेकेदार पर कारवाई करने की मांग की है।



### प्रखंड के दुकानदारों व आम उपभोक्ताओं ने निकाला आक्रोश जुलूस

# अनियमित आपूर्ति से परेशान हो किया विद्युत कार्यालय का घेराव

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखंड के व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज के नेतृत्व में प्रखंड के दुकानदारों एवं आम उपभोक्ताओं ने प्रखंड में बिजली विभाग की मनमानी व अनियमित विद्युत आपूर्ति के विरोध में आक्रोश जुलूस निकालकर विद्युत कार्यालय का घेराव किया। प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में बीते एक सप्ताह से नाम मात्र की बिजली आपूर्ति होने एवं लो वोल्टेज की परेशानी से जूझ रहा है। दुकानदारों ने बिजली विभाग के विरोध में जमकर नारेबाजी की। विद्युत विभाग की मनमानी नहीं चलेगी, अघोषित बिजली कटौती करना बंद करो, नियमित बिजली की आपूर्ति करना होगा, विद्युत अधिकारियों को बरवाडीह मुख्यालय में रहना होगा।

उपभोक्ताओं पर फर्जी केस करना बंद करो आदि नारे लगाते हुए नगर भ्रमण करते हुए बस स्टैंड अंबेडकर चौक होते हुए विद्युत कार्यालय पहुंचा. जहां पर विद्युत कार्यालय का घेराव करते हुई नारे बाजी किया गया। उपभोक्ताओं द्वारा किसी तरह के हंगामा न हो इसको लेकर विद्युत कार्यालय में पूर्व से ही पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। मौके पर उपस्थित कनीय अभियंता वीरेंद्र चौधरी से व्यावसायिक संघ के सदस्यों ने विद्युत आपूर्ति में हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए निदान हेतु अपनी मांगों को रखा। इस बाबत दुकानदारों ने एक मांग पत्र भी कनीय अभियंता को सौंपा, जिसमें एक सप्ताह तक विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं होने वह अन्य मांगें पूरी नहीं होने पर सोमवार 11 सितंबर को विद्युत सब स्टेशन में तालाबंदी करने एवं चक्का जाम का अल्टीमेटम दिया गय। वहीं उपभोक्ताओं को कनीय अभियंता चौधरी ने कहां कि विद्युत आपूर्ति कम होने के कारण लोड शेडिंग कर विद्युत आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही उपभोक्ताओं की मांगों पर विचार करते हुए नियमित बिजली आपूर्ति बहाल की जायेगी।

मौके पर पूर्व व्यवसाय संघ के अध्यक्ष पंकज गुप्ता, विनोद प्रसाद, प्रेम कुमार अधूरा, बिरेंद्र ठाकुर, रवि शेखर भीम, विवेक सिंह, रिकी गुप्ता उर्फ हिमांशु, अमीर खान, छोटू अग्रवाल, मदन प्रसाद, सिराज अहमद, सोनू सिंह सरदार, इम्तियाज अहमद, शमीउल्लाह, गुलाम सरवर, सतेंद्र कुमार पुटून सिंह, रिंकू खान, सत्यनारायण कुमार, अजीत कुमार, रवि भीम, मो.फिरोज, राज सिंह, प्रमोद कुमार, नियाज अहमद, राकेश अग्रवाल, फैयाज अहमद, मो.नसीम, शाहिद हुसैन, फिरोज सिद्दीकी विजय ठाकुर गुड्डू कुमार आदि शामिल थे। वहीं दूसरी जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में भी शनिवार दोपहर बाद ग्रामीण उपभोक्ताओं के साथ विद्युत समस्याओं को लेकर एक जुलूस निकालकर कनीय अभियंता को मांग पत्र सौंपा गया। इसमें नियमित विद्युत आपूर्ति समेत अन्य मांगें शामिल थी।



# रांची-चतरा मार्ग पर हुये हादसे में युवक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

बरियातु पुलिस ने रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर बरछिया अस्पताल के आसपास शुक्रवार मध्य रात्रि मोटरसाइकिल के साथ घायल अचेत अवस्था में एक 30 वर्षीय युवक को बरामद किया। उसे तुरंत बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने गहन जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना के बारे में पुलिस ने बतलाया कि हर दिन की तरह पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत पेट्रोलिंग पर निकली हुई थी कि बाइक के साथ घायल अवस्था में एक युवक मिला। युवक की पहचान संतोष उरांव पिता नेहरू उरांव ग्राम बचारा थाना बरियातु के रूप में हुई है। शनिवार सुबह मृतक के परिजनों को थाना द्वारा सूचना दे दी गई और मृत के शव को अंतः परीक्षण के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आशंका जतायी जा रही है कि युवक को किसी अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। हालांकि इस घटना को पुलिस पूरी गहन जांच पड़ताल कर रही है। वहीं मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# डीएलएसए सचिव ने किया जेल के वार्डों का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सचिव प्रज्ञा बाजपेयी, कानूनी सहायता रक्षा परामर्शदाता किरण कुमार प्रधान, मृणाली प्रसाद एवं जितेंद्र कुमार द्वारा मंडल कारा के पुरुष व महिला कैदियों से मुलाकत करने के साथ विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान जेल अधीक्षक मानिकचंद राम, जेलर दिनेश वर्मा, पारा लीगल वालंटियर अरविंद कुमार दास, प्रभु यादव तथा जेल के लिए नियुक कैदियों के बीच में से दो पीएलवी कृष्ण महतो एवं पूनम देवी मौजूद थे। जेल में अधिकृत क्षमता 197 पुरुष तथा 12 महिला की है परंतु जेल में 626 पुरुष एवं 22 महिला कैदी हैं। जेल में कुल 13 कमरे हैं, जिसमें सभी में बिजली-पंखा मौजूद थे।

जेलर ने बताया कि सभी कैदियों को 15 दिन में अपने परिवार वालों से मिलने का अधिकार प्राप्त है तथा दूरभाष की भी सुविधा उपलब्ध है। सचिव ने कारा प्राधिकार को निर्देश दिया कि वे 15 दिनों के अंदर प्रशिक्षण क्लास, योगा क्लास तथा वोकेशनल/स्किल ट्रेनिंग प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत चालू करें।

## संक्षिप्त

### पेनल्टी शूटआउट में कटिया ने दर्ज की जीत



**चतरा।** लावालौंग थाना क्षेत्र के कोलकोले पंचायत स्थित मड़वा गांव में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार प्रियदर्शी एवं चतरा डीएसपी केदारनाथ राम उपस्थित थे। टूर्नामेंट का उद्घाटन पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से किया। वहीं एसडीपीओ ने कीक मारकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। लावालौंग थाना प्रभारी बमबम कुमार ने बताया कि पुलिस पब्लिक के बीच आपसी तालमेल प्रगाढ़ करने के लिए इस प्रकार के आयोजन किए जाते हैं। इस टूर्नामेंट में आठों पंचायत के प्रतिनिधियों ने अपने पंचायतों से खिलाड़ियों को उतार कर अहम भूमिका निभायी। उद्घाटन मैच मंधनिया बनाम कटिया के बीच खेला गया। जबरदस्त प्रदर्शन के बाद कटिया एवं सिलदाग पंचायत के खिलाड़ी फाइनल मैच में पहुंचे। दोनों टीमों का जबरदस्त प्रदर्शन के बाद भी हार जीत का कोई परिणाम न हुआ। इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में कटिया ने सिलदाग को तीन गोल से हराकर जीत हासिल की। मैच को सफल बनाने में एसआई रोहित कुमार, रामाशीष शुक्ला, मुखिया संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार साव, अमित चौबे, मिथलेश चौबे, नेमन भारती, संतोष राम, भोला राम, रंजीत भारती, मुकेश यादव आदि ने अहम भूमिका निभाई।

### पत्थलगड़ा पहुंचे ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष

**पत्थलगडा।** सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास व आजसू नेता विकास राणा के साथ शनिवार को झारखंड राज्य खादी एंव ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जयनेन्दू एक दिवसीय दौरे पर पत्थलगडा प्रखंड पहुंचे। वे सभी पत्थलगडा प्रखण्ड के चौथा गांव निवासी सह रांची के प्रतिष्ठित व्यवसायी वकील राणा के दिवंगत माता के ब्रह्मभोज (श्राद्ध) कार्यक्रम में शामिल हुवे। विधायक दास व अन्य नेताओं ने दिवंगत के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष, जिप सदस्य रामसेवक दांगी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष विनोद दांगी, विधायक प्रतिनिधि अरविन्द ठाकुर, आदित्य राणा, दिनेश्वर राणा आदि शामिल थे।

### बीडीओ ने की प्रखंड कर्मियों संग समीक्षा बैठक

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ सह एमो संजीत कुमार सिंह ने प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में उपस्थित गोदाम प्रबंधक, पंचायत सचिव, प्रधानमंत्री आवास कोडिनेटर व स्वयंसेवकों को जमकर फटकार लगाया।बीडीओ सह एमो ने गोदाम प्रबंधक से एक वर्ष के खाद्यान्न स्टॉक की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रखंड में 42 डीलर हैं, प्रत्येक माह में सभी डीलर सौ प्रतिशत अनाज का वितरण नहीं करते है। ऐसे में वितरण करने के बाद बचे खाद्यान्न के स्टॉक की सूची दो दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुवे बीडीओ ने कहा कि प्रखंड में अनाज कम देने की शिकायत प्राप्त हो रही है। स्टॉक की सूची नहीं देने पर संबंधितों के विरुद्ध करवाई की जायेगी। जबकि बारियातु पंचायत के गांगपुर गांव में प्रधानमंत्री आवास के अधूरे अभिलेख देख बीडीओ ने पंचायत सचिव को जमकर फटकार लगाते हुए कहा की आवास की अभिलेख में खाली शपथ पत्र, कर्मचारी प्रतिवेदन नहीं, लाभुक का नाम भरा नहीं, लाभुक का फोटो लगा नहीं है। सभी को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। पंचायत में चल रहे वर्ष 2022 -23 की योजनाओं का अभिलेख दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित पंचायत सेवकों को दिया है। बैठक में प्रधानमंत्री आवास कोआर्डिनेटर फरहत नाजनी, पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, कमलेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

### जामा मस्जिद में खिलाई फाइलेरिया रोधी दवा

**महुआडांड़।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर अम्वाटोली के स्वास्थ्य सहिया रफतजहां व डिपाटोली के स्वास्थ्य सहिया आमना बीबी के द्वारा जामा मस्जिद में सदर इमरान खान के अगुवाई में फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया गया। लोगों को इस संबंध में जानकारी दी गई कि फाईलेरियारोधी दवा का सेवन खाली पेट नहीं करें, एवं 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्ति फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन नहीं करें। इस दौरान जामा मस्जिद के स्टाफ व बच्चों समेत लगभग 80 लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा डीईसी, एलबेंडाजॉल एवं आइभरमेक्टिन की सेवन कराया गया।

### शिक्षक की पत्नी को 51000 का किया सहयोग

**बारियातु।** प्रखंड सहायक अध्यापक संघ ने शनिवार को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोनिया के पारा शिक्षक स्वर्गीय रामखेलावन गंझु के पत्नी को 51000 रुपये का सहयोग किया। मौके पर प्रखंड कमेटी की ओर से उपस्थित शिक्षक सुनिल सिंह, भीम प्रजापति, शेखर यादव, राजेश यादव, विनोद मिश्रा, उमेश यादव, जय काली नाथशाहदेव, अनिल कुमार सुमन, सेवक गंजू, सुरेंद्र सिंह, रमेश कुमार, अजय भोक्ता, सुरेंद्र प्रसाद, राजेश्वर भगत, मनोज साहू, राजकमल साहू, रेवत लाल यादव, शंकर पासवान, पंकज सिंह, शिवरीनारायण राणा, राजेश गंजू, बलराम गंजू, चमन भुइयां, मनोज ठाकुर, कमलदेव भगत सहित कई शिक्षक मौजूद थे। सहायक अध्यापक राजेश यादव ने बताया कि स्वर्गीय गंझु उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोनिया में कार्यरत थे, जिनका आकस्मिक निधन 16 मई को हो गया था। इनका मानदेय 7 माह से लंबित है जो अभी तक नहीं मिला है। इस कारण इसके परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गई है। प्रखंड सहायक अध्यापक संघ ने शिक्षा विभाग से इनका लंबित मानदेय तुरंत भुगतान करने एवं झारखंड सरकार से परिजन को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी व उनके परिजन को एकमुश्त सहायता राशि पांच लाख रुपये देने की मांग की है।

# आपसी विवाद में भाई पर टांगी से कर दिया हमला



**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

प्रखंड स्थित नदबेलवा गांव में आपसी विवाद में अयोध्या यादव 45 वर्ष को उसके भाई यूगेश्वर यादव ने टांगी से मार कर घायल कर दिया। परिजन एवं गांव वालों की मदद से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका लाया गया जहां से चिकित्सकों ने लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल अयोध्या यादव के पुत्र ने बताया कि उसके चाचा योगेश्वर यादव के पशु हमारे खेती खा गए थे जिसकी शिकायत करने हमारे पिता उनके पास गए थे जिससे गुस्सा होकर हमारे चाचा ने हमारे पिता के ऊपर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह अपने दलबल के साथ अस्पताल पहुंचकर घायल व्यक्ति का स्थिति का जायजा लिया और मामले की छानबीन शुरू कर दी।

# बगैर हेलमेट व कागज वाले वाहन चालकों से वसूला गया जुर्माना

**चंदवा।** क्षेत्र में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शनिवार को चंदवा थाना गेट और इंदिरा गांधी मुख्य चौक के समीप पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलु कुमार के नेतृत्व में हेलमेट व ड्रंक एन ड्राइव को लेकर दुपहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान बिना हेलमेट व कागजात के परिवहन कर रहे वाहनो की जांच की गई जांच में कई वाहन चालक बिना हेलमेट व कागजात के पकड़े गए जिनसे जुर्माना भी वसूला गया तथा कुछ वाहन चालकों को बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाने की नसीहत देकर छोड़ा गया। विदित हो की पिछले कुछ दिनों में चंदवा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।बीते एक सप्ताह में दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई है जबकि दर्जनों लोग घायल भी हुए हैं।

# झायुमो जिला अध्यक्ष ने किया कई प्रखंडों का दौरा



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

झारखंड मुक्ति युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव ने शनिवार को बालूमाथ, बारियातु,हेरहंज प्रखंड का दौरा किया व पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जिले में पार्टी को मजबूती प्रदान करने व संगठन को दुरुस्त करने के साथ सभी प्रखंडो में युवा मोर्चा के अध्यक्षों का चयन हेतु विचार विमर्श किया गया। इस दौरान बालूमाथ, बारियातु, हेरहंज प्रखंड के प्रखंड अध्यक्षों के साथ तीनों प्रखंड में युवा मोर्चा का विस्तार करने को लेकर रायशुमारी की गई। बैठक में रामवृक्ष गंझु, राजेंद्र गंझु, सरजू प्रखंड बीस सूत्री सदस्य उमेश प्रसाद, असगर अली, प्रदीप गंझु, त्रिवेणी साव, धर्मदेव कुमार, मो.सनाउल्लाह, राजन यादव, राजेश यादव, रमेश उरांव, शत्रुघ्न कुमार, नकुल यादव, बलदेव कुमार, राम नारायण गंझु, सुखलाल यादव, महेंद्र यादव, मुकेश कुमार, भुवनेश्वर, गौरी शंकर उरांव, राजू भगत, सुरेश उरांव, मो एनामुल अंसारी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सोसाइटी की बैठक में हुयी विभिन्न विकास योजनाओं पर चर्चा

**बरवाडीह।** प्रखंड के चुंगरु पंचायत के नावाडीह ग्राम में शनिवार को नीलांबर पीतांबर विकास सोसाइटी की एक बैठक ग्रामीणों के साथ आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता समिति के प्रखंड अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने की। बैठक में डीएन राम, अहिबारन सिंह, भावनाथ सिंह, राजनाथ सिंह, देवनाथ सिंह खरवार, संगीता देवी, प्रमिला देवी, बबीता देवी, धनपतीया देवी सहित काफी संख्या ग्रामीण मौजूद थे। झारखंड सरकार द्वारा ग्रामीणों के हित में चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी देते हुए अध्यक्ष ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम की जानकारी देते हुए सभी लोगों को मुफ्त शिक्षा व अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने पर जोर दिया। कोई भी ग्रामीण क्षेत्र में लोग अशिक्षित ना रहे इसीलिए शिक्षा अधिनियम कानून लाकर सभी को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है।

## तैयारी | निदेशक पर्यटन, डीसी व एसपी पहुंचे नेतरहाट

# मॉनसून महोत्सव स्थल का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड**

निदेशक पर्यटन अंजली यादव, उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने नेतरहाट मानसून महोत्सव के आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। निदेशक पर्यटन ने बताया कि पर्यटन निदेशालय झारखंड के द्वारा नेतरहाट में 22 सितंबर से 22 अक्टूबर तक नेतरहाट मानसून महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 22 सितंबर को इसका शुभारंभ करेंगे। मानसून महोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम, फिल्म स्क्रीनिंग, हैंडीक्राफ्ट मेला, साईक्लाथॉन समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। महोत्सव के आयोजन को लेकर होटल प्रभात विहार, नेतरहाट लेक के पास निर्मित ओपन थिएटर, कोयल व्यू पॉइंट, नेतरहाट विद्यालय के मैदान एवं टूरिस्ट इंफॉरमेशन सेंटर का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उपायुक्त ने कार्यक्रम के दौरान विधि व्यवस्था संधारण, ट्रैफिक नियंत्रण, कार्यक्रम के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया। मौके पर कुमार आशीष उप निदेशक पीटीआर, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, गोपनीय शाखा प्रभारी श्रेयांश, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।



# सेवानिवृत्ति पर सीनियर टेक्नीशियन को दी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

रेलवे के आरओएच में बतौर सीनियर टेक्नीशियन के पद पर पदस्थापित दिलकेश्वर राम के 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होने के बाद आरओएच सभागार में विदाई समारोह का आयोजन सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता विकास शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम में जहां अधिकारी और कर्मियों के द्वारा सीनियर टेक्नीशियन दिलकेश्वर राम को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम स्थल पर लाते हुए उन्हें फूल माला पहनकर सम्मानित करने किया गया जिसके बाद उनके साथ काम करने वाले अधिकारी और कर्मियों के द्वारा अपनी ओर से उपहार भेंट करके उनके आने वाले जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। मौके पर आरओएच इंचार्ज जुगनू दास, वरीय अनुभाग अभियंता सरोज सिंह, जितेंद कुमार, राजकुमार, आर के हेंब्रम, गौरव यादव समेत काफी सख्या में अधिकारी कर्मी मौजूद थे। इस दौरान दिलकेश्वर राम ने कहा कि सरकारी सेवा में आने के बाद सभी अधिकारी और कर्मियों के साथ इस परिवार की तरह रिश्ता बन चुका है।



## प्रखंड में हजारों हेक्टेयर खरीफ फसलों पर सूखे का साया

# खेत में पड़ने लगी दरार, धान की फसल पर सूखे की मार

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
प्रखंड में हजारों हेक्टेयर खरीफ फसलों पर सूखे का साया मंडराने लगा है। अगस्त माह के दौरान एकाध दिनों हुई बूंदाबांदी के उपरांत बारिश की झमाझम खेतों की फसलों को नसीब नहीं हुयी है। जहां पानी की नमी के कारण खेतों में लगी खरीफ की फसलें अब पीली पड़ने लगी है। खासकर धान का खेत मानों पीले रंग की फसल में नजर आने लगा है, जबकि धान की खेतों में दरार पड़ने लगी है। पीले धान और खेतों की दरार हो देख किसानों के माथे पर चिंता की लकीर खींच आई है।



किसानों का कहना था कि शुरुआती बारिश की मार से बचकर निकले तो अब तैयार फसल नमी के अभाव में पीली पड़ने लगी है। उनका मानना है कि आसमान साफ होने के कारण धूप जेठ माह के सामान गर्माहट लिए धरती पर पड़ रहा, जिसके कारण कल तक खेतों में बनी नमी अब सूखे खेतों में तब्दील हो गई है। वहीं अन्य फसलों में भी बारिश की कमी दिखने लगी है। दलहनी फसलों को इससे खास नुकसान होगा, लेकिन धान सर्वाधिक प्रभावित फसल मानी जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रखंड में खरीफ फसल की बुवाई में अनाज की फसलो में धान, मक्का, तिलहन, मुंगफली एवं तिल हजारों हेक्टेयर में बोई जाती है। कृषि विभाग का कहना है कि अब धान सहित अन्य खरीफ की फसलों में दाने बनने के साथ उनकी पुष्ठा बनती, लेकिन खेतों से नमी गायब है। किसानों की फसल पानी के अभाव में प्रभावित होगी। इस वर्ष औसत बारिश का आंकड़ा हजार मिमी बारिश का आंकड़ा पार नहीं कर सका है। बारिश के अभाव में नंदनी डैम, पांडे बांध, मुरली तालाब सहित अन्य प्रखंड की मुख्य डैम व तालाब में पानी भी नहीं है। फिलहाल धान की फसल कपको बारिश का पानी चाहिए था, लेकिन फिलहाल बारिश की संभावना नहीं दिख रही है।

## योगी सेना की मटकी फोड़ प्रतियोगिता 9 को

**लोहरदगा।** योगी सेना के बैनर तले प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

योगी सेना के अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर ने बताया कि शहर के गुदरी बाजार स्थित शोक विनाशक संकट मोचन हनुमान मंदिर के समीप 9 सितंबर को संध्या 7:00 बजे से मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जहां मटकी फोड़ प्रतियोगिता के अलावा कई धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि आयोजन को लेकर योगी सेना के पदाधिकारी और सदस्य दिन-रात तैयारियों में जुटे है। बताया कि आयोजन में जिले के कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में अलग-अलग टोलों के युवा शामिल होंगे। उन्होंने सनातन धर्म के समस्त लोगों से आयोजन में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है। इसके साथ ही आयोजन को लेकर जिला अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन भी सौंपा गया है, जिसके माध्यम से आयोजकों ने आयोजन के दौरान मेडिकल टीम और सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई है।

# सेन्हा प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में अमृत सरोवर तट पर रोपे गये पौधे

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत ग्राम में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत अमृत सरोवर का निर्माण कराया गया था। इसके तट पर अमृत वाटिका के अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के 11 पंचायतों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत के मुखिया, बीपीओ, पंचायत सचिव, जेई, ऐई तथा रोजगार सेवकों द्वारा पौधरोपण किया गया।



पौधरोपण कार्यक्रम के क्रम में सभी पंचायतों में बना अमृत सरोवर के किनारे फलदार व छायादार पेड़ लगया गया। बीडीओ और बीपीओ द्वारा सेन्हा पंचायत में मनरेगा योजना से लगभग 3 एकड़ में लगा आमबागवानी का निरीक्षण करने के पश्चात उपविकास आयुक्त के निदेशानुसार अरु पंचायत के जोगना ग्राम में लघु सिंचाई विभाग द्वारा सोलर चलित सिंचाई योजना निर्माण के लिए स्थल चयनित कर किसानों को सिंचाई व्यवस्था उपलब्ध कराने के हेतु स्थल पर जायजा लिया गया।

वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने की मनरेगा योजना हो या किसी भी माध्यम से बागवानी किया जा रहा है या पेड़ पौधे लगाया जा रहा है। उसे बढ़ते तक देख रेख करना सभी की जिम्मेवारी है। साथ ही कहा कि सभी लोग कुछ न कुछ पेड़ पौधा लगायें और उसे बचाएं जिससे प्राकृति में बदलाव हो और हर किसी को फल, शुद्ध हवा और शीतल छाया मिल सके।

मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, बीपीओ निलेन्द्र कुमार, जेई संजीत कुमार, एई विशाल मिंज, रोजगार सेवक देवेंद्र कुमार, योगेंद्र ठाकुर के अलावे मुखिया और पंचायत सचिव मौजूद थे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को सफल बनाने को लेकर हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**
भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर भाजपा की बैठक घाघरा छठ मुहल्ला में पूर्व एमएलसी प्रवीण कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व एमएलसी प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का संकल्प यात्रा आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव का आगाज है। कार्यकर्ता आगामी 19 सितंबर को होने वाले संकल्प यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें। उन्होंने बताया कि पार्टी संगठन इस तरह की बैठक कार्यकर्ताओ को उत्साहित एवं प्रेरित करने का भी साधन है। इनके अलावे बैठक को प्रखंड अध्यक्ष एस के पाठक, कुमार रवि, अशोक उरांव, कार्यक्रम प्रभारी तिम्बू उरांव, भिखारी भगत रामनंदन साहू, बिपिन बिहारी सिंह, अनिल प्रसाद सहित अन्य लोगों ने संबोधित करते हुवे कार्यक्रम के सफलता एवं प्रत्येक पंचायत से कार्यक्रताओं की उपस्थिति की बात कही। मौके पर रमेश गुप्ता, प्रदीप प्रसाद, गोपाल गोप, लाल साहू, दिलीप श्रीवास्तव, सलावन्ति देवी, चंद्रमुनि उरांव, सुशीत गोस्वामी, सोला सिंह, अभिमन्यु दास, हरिलाल उरांव, राजकुमार सिंह सहित दर्जनों भाजपाई शामिल थे।



# मरांडी के कार्यक्रम को लेकर निकाली गई बाइक रैली

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**
लोहरदगा समाहरणालय मैदान में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की आगमन पर होने वाली कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। मंडल अध्यक्ष लखन उरांव ने कहा कि देश में भारतीय जनता पार्टी की लहर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2024 में प्रचंड बहुमत के साथ लगातार तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। तमाम कार्यकर्ताओं को निःस्वार्थ भाव से पार्टी संगठन के हित मे कार्य करने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र से सैंकड़ों लोग शामिल होंगे।



उन्होंने बताया कि बाबूलाल मरांडी के साथ सांसद लोहरदगा सुदर्शन भगत, सांसद राज्यसभा समीर उरांव सहित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश स्तरीय नेता, पदाधिकारी कार्यक्रम में पधार रहे हैं। इधर बाबूलाल मरांडी के कार्यक्रम को लेकर नगर क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में पूरे शहर में मोटरसाइकिल रैली का प्रदर्शन किया गया एवं लोगों को आह्वान किया गया कि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के जनसभा में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनावें। यह मोटरसाइकिल रैली ललित नारायण स्टेडियम से शुरू होकर बरवा टोली होते हुए मिशन चौक अपर बाजार में रोड पावर गंज होते हुए पतराटोली तक एवं समाहरणालय तक रैली की गई। रैली में मुख्य रूप से ओम प्रकाश सिंह, राजकिशोर, मंतोष चंद प्रजापति, रितेश प्रसाद, विनोद राय, अमरेश भारती, अशोक चंद्र घोष, जगनंदन पौराणिक, अजातशत्रु, अजय पंकज, वाल्मीकि कुमार, मिथुन टवेरा, रोहित वर्मा, शंकर प्रजापति, ज्ञानेश प्रसाद, पवन प्रजापति, दीपक साहू समेत नगर क्षेत्र के कार्यकर्ता शामिल थे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की जनसंकल्प यात्रा आज

**लोहरदगा।** सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आज लोहरदगा आएंगे। वो 11.30 बजे शंख नदी पर पहुचेंगे। वहां पर स्थापित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद समाहरणालय मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पूर्व उन्हें भाजपा कार्यकर्ताओं की टीम बाइक जुलूस निकालकर उनका भव्य स्वागत करेंगे। भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला महासचिव रितेश कुमार ने बतलाया कि झारखंड में वर्तमान जे एम एम एवं कॉंग्रेसनित गठबंधन के शासन में हेमन्त सोरेन सरकार के अगुवाई में व्याप्त भ्रष्टाचार, बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था, लचर शासन, जमीन घोटालों के विरुद्ध बाबूलाल जी का गर्जना का आगाज होगा। जनसभा को सफल बनाने हेतु पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रयास कर रहे हैं।

# पोषण माह के रूप में मनाया जाएगा सितंबर



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिला समाज कल्याण कार्यालय लोहरदगा की ओर से सितंबर माह पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 1 से 30 सितंबर तक मनाया जाना है।

इसी कड़ी में शनिवार को लोहरदगा जिला के सभी पोषक क्षेत्र वाले गांव में गर्भवती माता के घर में सेविकाओं द्वारा भ्रमण किया गया। इस दौरान सेविकाओं द्वारा गर्भावस्था में क्या-क्या सावधानी बरतना है एवं जो महिलाएं स्तनपान कराती है उन्हें क्या-क्या सावधानी लेनी है, बच्चे को प्रसव के बाद 1 घंटे के भीतर स्तनपान कराना कितना जरूरी है, इन सभी मुख्य बिंदुओं पर आज सभी सेविकाओं द्वारा गर्भवती या धात्री माता को जानकारी दी गयी।

## पंखा के सहारे फांसी लगाकर की आत्महत्या

**घाघरा।** घोडाटांगर निवासी सोहना उरांव ने छत पर लगे पंखा के हुक के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि रक्षा बंधन के दिन सोहना अपने दोस्त के साथ देवाकी बाबाधाम मेले में गया था लेकिन घर लौटने के क्रम में वह घाघरा में दोस्त को छोड़ कहीं चला गया। इस दिन शाम को वह घर नहीं पहुंचा। शुक्रवार को सोहना टांगर सिकवार में था जिसकी जानकारी परिजनों को मिलने पर सोहना को अपने घर घोडाटांगर ले गए। विगत तीन चार दिनों से उसकी मानसिक स्थिति सामान्य नहीं थी। शनिवार को उसे रांची ले जाने वाले थे। लेकिन उसे पहले उसने छत पर लगे हुक के सहारे आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया।

# बड़ चोरगाई में किशोर ने फांसी लगा की आत्महत्या

### शराब के नशे में धुत था और परिवार वालों से विवाद होने पर उसने गुस्से में उठाया कदम

**नवीन मेल संवाददाता। किस्को**
जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बगड़ू थाना क्षेत्र के बड़चोरगाई गांव में बीते रात्रि एक 16 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बड़चोरगाई निवासी बिफई उरांव का 16 वर्षीय किशोर राहुल उरांव ने घर के अंदर अपना कमरा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर ग्रामीणों के अनुसार किशोर शराब के नशे में धुत था और परिवार वालों से विवाद होने पर उसने गुस्से में आकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को छोटचोरगाई बाजार से राहुल उरांव शाम में शराब पीकर घर लौटा था एवं घर वालों से झगड़ा कर अपने कमरा का दरवाजा बंद कर के सो गया। घरवाले रात में करीब 9 बजे खाना खाने के लिए युवक को बुलाने गये तो रूम बंद पाया। इसके बाद घरवालों ने घर की छत तोड़कर देखा तो युवक घर के अंदर फांसी लगाकर लटका हुआ था। रात्रि में परिजनों द्वारा शव को उतारकर इसकी सूचना बगड़ू थाना पुलिस को दी गई। इस बीच बगड़ू थाना पुलिस शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है। इधर देर रात्रि होने के कारण शव का पोस्टमार्टम हेतु रात में सदर अस्पताल नहीं ले जाया गया। इस दौरान शनिवार की सुबह बगड़ू थाना पुलिस और ग्रामीणों के द्वारा शव को पोर्स्टमाटम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा ले जाया गया।

# पेड़ से लटका मिला नाबालिग का शव

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा पंचायत अंतर्गत मुरपा ग्राम के समीप पतरा में नाबालिग लकड़े ने पेड़ के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मुरपा बड़का टोली निवासी केश्वर उरांव के 15 वर्षीय पुत्र सुबोध उरांव के रूप में हुयी है। घर वालों ने बताया कि रात में खाना खाकर बिना बताये लगभग 11:00 बजे सुबोध घर से निकला था, परंतु जब काफी देर तक घर नहीं आया तो परिजनों ने काफी खोजबीन की परंतु उसका कहीं पता नही चला। सुबह में ग्रामीणों ने घर के नजदीक माटी टोगरी पतरा में पेड़ से झूलते हुए शव को देख इसकी सूचना घर वालों को दी।



घर वालों ने शव को उतार कर जन प्रतिनिधियों को सूचना दी। वहीं सूचना मिलते ही सेन्हा पुलिस ने दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। बताया जाता है कि सुबोध का नामांकन 2022 में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडू में आठवीं कक्षा में कराया गया था। 8 दिन स्कूल जाने के बाद वह बिना घर में बताए उत्तर प्रदेश चला गया था। घर वालों को पता चला कि सुबोध बनारस में एक ईट भट्ठा में काम करता है तो घर वालों ने वर्ष 2023 मई माह में जाकर घर लाया। उसके बाद से वह घर में ही रहता था। वहीं उसकी बहन ने कहा कि स्कूल क्यों नहीं जाते हो तो उसी बात से नाराज होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबोध चार भाई दो बहन में सबसे छोटा था। सुबोध की फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है और गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही उगरा पंचायत मुखिया बसंती देवी, पंचायत समिति सदस्य अफसाना खातून, समाजसेवी सगीर अंसारी मृतक के घर पहुंच शोक व्यक्त किया।

## पहल | संकुल संसाधन केंद्र प्रांगण में समग्र शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन

# दिव्यांग बच्चों की जांच कर दिये गये उपकरण

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा।**
प्रखंड मुख्याल अंतर्गत संचालित संकुल संसाधन केंद्र प्रांगण में समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले दिव्यांग छात्र छात्रओं को उपकरण प्रदान करने हेतु जांच शिविर का आयोजन कर उपकरण वितरण किया गया। प्रखंड क्षेत्र के 106 सरकारी प्राथमिक, मध्य और उच्च विद्यालय में पढ़ने वाले 3 वर्ष से 18 वर्ष आयुवर्ग के विद्यार्थियों के लिए समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांग छात्र छात्राओं की जांच शिविर का आयोजन ओडिशा राज्य के भुवनेश्वर से आए एलिम्को टीम के द्वारा जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के भिन्न भिन्न विद्यालयों से 46 बच्चे बच्चियों का दिव्यांग उपकरण प्रदान करने हेतु चयन किया गया। वहीं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी ने जानकारी देते हुए कहा कि बीते वर्ष चयनित 21 छात्र छात्राओं को दिव्यांग उपकरण दिया गया, जिसे पढ़ाई में छात्र छात्राओं के बीच दिव्यांगता व्यवधान न बने और पढ़ लिख कर बच्चो का भविष्य उज्ज्वल बन सके। भुवनेश्वर से आया हुआ एलिम्को टीम द्वारा चयनित छात्र छात्राओं को भी जल्द ही उपकरण उपलब्ध कराया जायेगा। मौके पर एलिम्को टीम के चिकित्सक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी, शिक्षिका रीना कुमार, सोनमती कुजूर व विभिन्न विद्यालय के दिव्यांग छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



## जुबली चौक से रसल वाइपर सांप किया गया रेस्क्यू

**लातेहार।** शहर के जुबली चौक पवन गुप्ता के घर से शनिवार की सुबह एक रसल वाइपर सांप को रेस्क्यू किया गया। पवन गुप्ता ने बताया कि अहले सुबह उनके घर के शौचालय के पास एक रसल वाइपर दरार में घुस गया था, जिसकी सूचना उन्होंने वन कर्मियों के दी। सूचना मिलते ही वनपाल प्रभारी लातेहार जय जिनेंद्र, वनरक्षी सूरज कुमार सिन्हा, पवनदीप दे, पिंटू कुमार तत्परता दिखाते हुए गुप्ता के घर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद सांप को एक बोरी में रेस्क्यू किया। इसके बाद सांप को जंगली इलाके में सुरक्षित तरीके से छोड़ दिया गया। मौके पर गोलू कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# माबादे कर्बला कॉन्फ्रेंस का कल किया जायेगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। महुआंडाड़**
सोमवार को मगरिब के बाद मोहर्रम के चालीसवें को लेकर माबादे कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए हुसैनी नवजवान कमेटी ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस के आयोजन का जेरे हेमायत मुफ्ती सब्बर जया कादरी मोहतमिम जामा मस्जिद,जेरे निजामत मौलाना गुलाम सरवर फैजी मोहतमिम असरफिया गरीब नवाज, जेरे निकाबत नकीबे आजम हिन्दुस्तान हाफिज शब्बीर रिज्वी होंगे।


साथ ही मोकामी व बाहर से ओलमाओ का भी तशरीफ आवरी होगी जिसमें शायर हाफिज जैनूल आबेदीन बलरामपुरी कारी मुन्नवर सईद कादरी रोहतासवी, शायर कारी सुबहान हसन गयावी, शमशेर रजा, असरफिया गरीब नवाज, मुफ्ती मोहम्मद शब्बिर शहर कादरी औरंगाबादी, गुलाम अहमद रजा जामा मस्जिद, हाफिज खुर्शीद मदरसा हाजा, हाफिज नदीम अख़्तर जामा मस्जिद, एजाज रजा जामा मस्जिद का शामिल है। आगे हुसैनी नवजवान कमेटी महुआंडाड़ ने सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों से आग्रह किया है कि इस जलसे में ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल होकर इसे कामयाब बनाएं और दीन की बातें सीखें। वहीं सभी लोगों के लिए कमेटी के तरफ से लंगर खानी का भी इंतजाम किया गया है।

विश्व के 100 से भी अधिक देशों के सेंट्रल बैंक्स के आकलन के आधार रिपोर्ट होता है तैयार

# ग्लोबल फाइनेंस बैंकर रिपोर्ट कार्ड में आरबीआई गवर्नर को मिला 'ए' ग्रेड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने पूरी दुनिया में अपना डंका बजा दिया है। अमेरिका की पत्रिका ग्लोबल फाइनेंस ने वैश्विक स्तर पर उन्हें शीर्ष केंद्रीय बैंकर का दर्जा दिया है। दास को ग्लोबल फाइनेंस केंद्रीय बैंकर रिपोर्ट कार्ड 2023 में 'ए प्लस' रेटिंग दी गई है। इस सूची में तीन केंद्रीय बैंक के गवर्नरों को 'ए प्लस' रेटिंग दी गई, जिनमें दास शीर्ष पर रहे। ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका ने एक बयान में कहा कि महंगाई पर नियंत्रण, इकनॉमिक ग्रोथ लक्ष्यों, मुद्रा स्थिरता और ब्याज दर प्रबंधन में सफलता के लिए ग्रेड 'ए' से ग्रेड 'एफ' तक के पैमाने होते हैं। 'ए' उत्कृष्ट प्रदर्शन को दर्शाता है, जबकि एफ ग्रेड का मतलब पूरी तरह विफलता है। दास के बाद स्विट्जरलैंड के गवर्नर थॉमस जे जॉर्डन और वियतनाम के गवर्नर गुयेन थी होंग का स्थान रहा।



आरबीआई ने ट्विटर पर एक पोस्ट में कहा कि ग्लोबल फाइनेंस सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड्स 2023 में गवर्नर

**यह भारत के लिए गौरव का क्षण है, जो दुनिया में हमारे फाइनेंशियल लीडरशिप का दर्शाता है।**

शक्तिकांत दास को ए+ रेटिंग दी गई है। तीन सेंट्रल बैंकरों को ए+ की रेटिंग दी गई है जिनमें दास को टॉप पर रखा गया है। यह मैगजीन साल 1994 से हर साल सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड तैयार करती है। पूरी दुनिया के 100 से भी अधिक देशों के सेंट्रल बैंक्स का आंकलन के आधार पर इसे तैयार किया जाता है। इसमें दुनियाभर के सेंट्रल बैंकर्स की रिपोर्ट ए से लेकर एफ तक तैयार करती है। ए ग्रेड एक्सीलेंस परफॉर्मेंस के लिए दिया जाता है जबकि सबसे खराब परफॉर्मेंस के लिए एफ ग्रेड दिया जाता है। शक्तिकांत दास के इस सम्मान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट किया, 'आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को बधाई। यह भारत के लिए गौरव का क्षण है, जो दुनिया में हमारे फाइनेंशियल लीडरशिप का दर्शाता है। शक्तिकांत दास का समर्पण और दूरदर्शिता हमारे देश की विकास की यात्रा को मजबूत करती रहेगी।' केवल तीन देशों भारत, स्विट्डरलैंड और वियतनाम के सेंट्रल बैंकों के गवर्नर को ए+ ग्रेड मिला है। ब्राजील, इजराइल, मॉरीशस, न्यूजीलैंड, पैराग्वे, पेरू, ताइवान और उरुग्वे को ए ग्रेड मिला है जबकि कोलंबिया, डोमिनिकन गणराज्य, आइसलैंड, इंडोनेशिया, मैक्सिको, मोरक्को, नॉर्वे, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया और श्रीलंका को ए- ग्रेड मिला है।

## पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल पहली बार 300 रुपये के पार




**एजेंसी। नई दिल्ली**

पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार पेट्रोल और डीजल की कीमत 300 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच गई है। आर्थिक बदहाली से जूझ रहे इस देश की कार्यवाहक सरकार ने गुरुवार को पेट्रोल की कीमत में 14.91 और डीजल की कीमत में 18.44 रुपये प्रति लीटर का इजाफा कर दिया। इस बढ़ोतरी के बाद देश में पेट्रोल 305.26 रुपये लीटर और डीजल 311.84 रुपये लीटर पहुंच गया है। इसके बावजूद पाकिस्तान में पेट्रोल और डीजल की कीमत भारत के मुकाबले अब भी कम है। भारत में पिछले साल मई के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये और डीजल की कीमत 89.62 रुपये बनी हुई है। पाकिस्तानी रुपये की कीमत में हाल के दिनों में काफी गिरावट आई है। अभी एक भारतीय रुपये की कीमत पाकिस्तान के 3.70 रुपये के बराबर है। इस लिहाज से देखें तो दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 358.07 पाकिस्तानी रुपये के बराबर है। पाकिस्तान में यह कीमत 305.26 रुपये लीटर है। इसी तरह दिल्ली में डीजल की कीमत 331.78 पाकिस्तानी रुपये बैठती है जबकि पाकिस्तान में यह 311.84 रुपये है। यानी दिल्ली की तुलना में पाकिस्तान में पेट्रोल करीब 53 पाकिस्तानी रुपये और डीजल करीब 20 पाकिस्तानी रुपये सस्ता है। इस बीच कच्चे तेल की कीमत में एक बार फिर भारी तेजी देखी जा रही है। यह सात महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुका है। शुक्रवार को बाजार बंद होते समय ब्रेंट क्रूड 1.98 फीसदी या 1.72 डॉलर प्रति बैरल चढ़ कर 88.55 डॉलर पर बंद हुआ। वहीं वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट या डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 2.30 फीसदी या 1.92 डॉलर प्रति बैरल चढ़ कर 85.55 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। देश में करीब डेढ़ साल से पेट्रोल-डीजल की कीमत नहीं बदली है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पिछले साल अप्रैल में इसमें आखिरी बार बदलाव किया था। उसके बाद मई में केंद्र ने एक्साइज ड्यूटी घटाई थी।


### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय (जिला नियोजनालय, लातेहार)

**सूचना**

एतद् द्वारा निदेशानुसार सूचित किया जाता है कि समाहरणालय के विभिन्न कार्यालयों में बाह्य स्त्रोत के माध्यम से कम्प्युटर ऑपरेटर की सेवा लेने हेतु जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार के द्वारा प्रकाशित विज्ञापन सं0: 01/2023, PR No.302814 अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

जिला नियोजन पदाधिकारी, लातेहार

PR.NO.306091 Labour Employment and Traning(23-24):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

पत्रांक 1397/ग्रा.वि.वि.प्र.,चतरा, दिनांक–01.09.2023

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– RDD/SD/CHATRA/13/2023-24 में वर्णित Provision of ACP, Modular Tensile Structure and CCTV Camera in Campus of Chatra Jawahar Lal Nehru Stadium at District Headquarter Chatra कार्य जिसका PR.NO.304929 Rural Development(23-24):D द्वारा प्रकाशित निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 02 में निविदा प्रकाशन की तिथि 28.08.2023 के स्थान पर 05.09.2023, कंडिका क्रमांक 03 में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 03.09.2023 के स्थान पर दिनांक–12.09.2023 एवं कंडिका क्रमांक 04 में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Facility Certificate एवं मूल Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 04.09.2023 के स्थान पर 13.09.2023 तथा निविदा खोलने की तिथि 05.09.2023 के स्थान पर 14.09.2023 पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी।

PR 306058 Rural Development(23-24)D

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,चतरा।

### समाहरणालय, गढ़वा (महात्मा गांधी नरेगा कोषांग)

**आवश्यक सूचना (विज्ञापन संख्या–01/2023)**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प ज्ञापांक–4729 दिनांक–04.06.2007, संकल्प ज्ञापांक –6440 दिनांक–17.07.2012 नियुक्ति सेवा शर्त्त कर्त्तव्य (संशोधन) नियमावली, 2012 एवं ज्ञापांक–848 दिनांक–21.03.2017 के आलोक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अन्तर्गत संचालित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियन्ता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियन्ता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्यूटर सहायक, ग्राम रोजगार सेवक के स्वीकृत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

आवेदक के द्वारा दिनांक 05.09.2023 से दिनांक 25.09.2023, अपराह्न 5:00 बजे तक वेबसाईट http://applyrdd.jharkhand.gov.in पर केवल ऑनलाईन आवेदन स्वीकार किया जायेगा।

आवेदन पत्र का प्रारूप एवं रिक्त पदों के लिए वांछित योग्यता सहित अन्य विस्तृत जानकारी गढ़वा जिला के वेबसाईट garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

ह0/–उपायुक्त–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक, गढ़वा

PR.NO.306061 Rural Development(23-24):D

### कार्यालयः– असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

Etender: PAL/01/ Dt. 02-09-2023

**ई – निविदा आमंत्रण सूचना**

सिविल सर्जन कार्यालय, पलामू एवं सर्जेसी को अन्य स्वास्थ्य ईकाई के लिए 2023 – 2024 में आकस्मिक दवा, उपचार हेतु निबंधित निर्माणकर्त्ता/प्रतिठानों/प्राधिकृत एजेंसियों ( जिनका झारखण्ड राज्य से जी0एस0टी0 निर्गत हो ) से ई–निविदा, दिनांक – 03.09.2023 के पूर्वाहन् 11.00 बजे आमंत्रित है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | दर – दवा – आकस्मिक दवा उपचार का अनुमोदन हेतु। |
| 2 | बेवसाइट पर निविदा प्रकाषित होने की तिथि | 03-09-2023 From 11.00AM |
| 3 | ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 03-09-2023 To 25-09-2023 till 03.00 PM |
| 4 | ई–निविदा खुलने का समय | 26-09-2023 At 03.00PM |
| 5 | अग्रधन की राषि जो असैनिक शल्य चिकित्सा – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू के नाम से देय होगा। | For Medicine – Emergency Drugs 50000.00 ( Fifty Thousand ) |
| 6 | ई–निविदा हेतु आवेदन शुल्क की राशि जो असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू के नाम से देय होगा।( नन रिफन्डेबल) | 2000.00 ( Two Thousand ) Only |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक – सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू जेल हाता रोड़, डालटनगंज। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का दूरभाष संख्या | 9431138224 |
| 9 | हेल्पलाईन निविदा से संबंधित दूरभाष संख्या | 7870904383 |
| 10 | निविदा शुल्क एवं DD ( Hard Copy) कार्यालय में हाथों–हाथ रजि0 पोस्ट से जमा करने की तिथि | 03-09-2023 At 11.00AM to 25-09-2023 till 05.00 PM |
| | Further details can be seen on Website https://jharkhandtenders.gov.in | |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर ई–निविदा, समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता स्वंय अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहे सकते हैं। ई–निविदाओं के तकनीकी मूल्याकंन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 306072District(23-24)#D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा

**अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना (वर्ष 2023–24)**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.09.2023 को 12.00 बजे से दिनांक 21.09.2023 तक 3.00 बजे अपराह्न तक। (कार्यालय अवधि में)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 22.09.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 22.09.2023 को 3.30 बजे अप0 के बाद।
5. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान :–(1)मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, प्रथम तल्ला, अभियंत्रण छात्रावास सं0–2, ध्रुर्वा, रांची।

(2) आरक्षी अधीक्षक, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0नि0वि0, पथ अंचल डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।

(3) कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल गढ़वा के कार्यालय परिसर में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।

6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर
7. कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | संवेदक की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | केतार–कधवन–हरिहरपुर पथ के कि0मी0 0 00 से 20.200 में साधारण मरम्मति कार्य। | 30.00 | 60,000.00 | 5000.00 | 02 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 2. | पाचाडुमर मुख्य पथ से यू0पी0 बोर्डर भाया परती पथ के कि0मी0 0.00 से 21.50 में साधारण मरम्मति कार्य। | 40.00 | 80,000.00 | 5000.00 | 02 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 3. | पथ प्रमण्डल, गढ़वा अंतर्गत प्रमण्डलीय कार्यालय परिसर में चाहरदिवारी फैंसिंग, सौंदर्यीकरण कार्य सहित साधारण मरम्मति कार्य। | 20.00 | 40,000.00 | 5000.00 | 02 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 4. | पथ प्रमण्डल, गढ़वा अंतर्गत पूर्व निर्मित्त आवासीय बी टाईप भवन का अवशेष एक यूनिट कार्य। | 30.00 | 60,000.00 | 5000.00 | 03 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |
| 5. | पथ प्रमण्डल, गढ़वा अंतर्गत कार्यपालक अभियंता के आवास के बगल में सर्वेंट आवास का निर्माण कार्य। | 20.00 | 40,000.00 | 5000.00 | 03 माह | तृतीय अथवा द्वितीय श्रेणी |

नोट :– (1) निविदा की राशि घट–बढ़ सकती है।
(2) **UCAN Portal** में निबंधित संवेदक हीं निविदा में भाग ले सकते हैं।
(3) निविदा की शर्तें **www.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.306070 Road(23-24):D


## अपने विदेशी मुद्रा भंडार में फिर हुई गिरावट

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह फिर अच्छी खबर नहीं मिली। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में फिर गिरावट की खबर है। 25 अगस्त 2023 को समाप्त सप्ताह के दौराना अपने विदेशी मुद्रा भंडार में 30 मिलियन डॉलर की गिरावट हुई है। इससे पहले, बीते 18 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान तो अपने भंडार में 7.3 अरब डॉलर की भारी कमी हुई थी। इसी के साथ अपना भंडार दो महीने के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है। अब अपना भंडार घट कर 594.858 अरब डॉलर रह गया है। उधर अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी की खबर है। हालांकि वहां के भंडार में इतनी कमी नहीं हुई है, जितना कि भारत में। रिजर्व बैंक की तरफ से से जारी आंकड़ों के मुताबिक बीते 25 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने विदेशी मुद्रा भंडार में 30 मिलियन डॉलर की कमी हुई। इससे एक सप्ताह पहले, मतलब कि 18 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने भंडार में 7.273 अबर डॉलर की भारी कमी हुई थी।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।

NITI AYOG (Award Money) मद

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/10/2023-24**

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –04.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–12.09.2023, 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः दिनांक–13.09.2023 कार्यालय अवधि तकं।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने करने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष,गढ़वा।
6. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –14.09.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रुप में जमा करना होगा।
11. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद् करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
12. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
13. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र राशि | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | समूह संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भवनाथपुर | बनसानी | ग्राम बनसानी में राजकीय बुनीयादी विधालय में पोटो खेल का मैदान | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 2 | भवनाथपुर | भवनाथपुर | ग्राम भवनाथपुर में राजकीय बुनीयादी विधालय के परिसर में खेल का मैदान का निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | 12 Nov. 2023 | |
| 3 | भवनाथपुर | पण्डरिया | ग्राम अधौरा में पोटो खेल का मैदान | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | Group-01 |
| 4 | भवनाथपुर | अरसली (उत्तरी) | ग्राम अरसली उत्तरी में राजकीय मध्य विधालय में पोटो हो खेल का मैदान | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 5 | भवनाथपुर | बनसानी | झगराखांड हाई स्कूल के पास खेल का मैदान | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 6 | भवनाथपुर | भवनाथपुर | ग्राम भवनाथपुर राजकीय बुनीयादी विधालय के परिसर में खेल मैदान का निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 7 | भवनाथपुर | कैलान | ग्राम कैलान में जुहरी टोला पर खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | 12 Nov. 2023 | |
| 8 | भवनाथपुर | मकरी | राजकीय मध्य विधालय मकरी में खेल का मैदान | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | Group-01 |
| 9 | भवनाथपुर | पण्डरिया | ग्राम–गरदा में खेल का मैदान | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| | | | कुल 09 ईकाई का प्राक्कलित राशि– | 16.35966 | 4500.00 | 33000.00 | | |
| 10 | विशुनपुरा | पिपरीकला | ग्राम पिपरी खुर्द में पोटो हो खेल मैदान का निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | 12 Nov. 2023 | |
| 11 | विशुनपुरा | विशुनपुरा | राज राजेन्द्र प्रताप देव उच्च विधालय के पास खेल मैदान का निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | Group-02 |
| | | | कुल 02 ईकाई का प्राक्कलित राशि– | 3.63548 | 1000.00 | 7,500.00 | | |
| 12 | डण्डई | रारो | ग्राम रारो में मदरसा के पास पोटो हो खेल मैदान | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 13 | डण्डई | रारो | ग्राम पंचायत रारो के भोला दामर में वीर शहीद पोटो हो खेल का मैदान | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 14 | डण्डई | रारो | ग्राम रारो में उत्क्रमित मध्य विधालय बेलवा टिकर में पोटो हो खेल मैदान | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | 12 Nov. 2023 | |
| 15 | डण्डई | डण्डई | ग्राम डण्डई में किसान उच्च विधालय के प्रांगन में पोटो हो खेल मैदान | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | Group-03 |
| 16 | डण्डई | जरही | ग्राम जरही में हाई स्कूल के बगल में खेल मैदान | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 17 | डण्डई | लवाहीकला | ग्राम लवाही कला में प्लस 2 उत्क्रमित हाई स्कूल के प्रांगन में खेल का मैदान | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 18 | डण्डई | पचौर | ग्राम फुलवार में शिव स्थान के बगल में खेल का मैदान | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | 12 Nov. 2023 | |
| 19 | डण्डई | पचौर | ग्राम पंचायत पचौर में कुशुमदाहा में पोटो हो खेल मैदान | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | Group-03 |
| 20 | डण्डई | तसरार | ग्राम तसरार में हाई स्कूल के बगल में खेल के मैदान | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| | | | कुल 09 ईकाई का प्राक्कलित राशि– | 16.35966 | 4500.00 | 33000.00 | | |
| 21 | धुरकी | अम्बाखोरेया | ग्राम मछपानी में स्कूल के मैदान में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 22 | धुरकी | खुटीया | ग्राम खुटीया में चौराहा के पास खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 23 | धुरकी | भण्डार | ग्राम भण्डार में चकेलवादामर में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 24 | धुरकी | धुरकी | ग्राम शिवारी में उत्क्रमित मध्य विधालय के पास खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | 12 Nov. 2023 | |
| 25 | धुरकी | गनीयारी कला | ग्राम गनीयारी कला में आहर के बगल में गुनीया दामर के पास खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 26 | धुरकी | रक्सी | ग्राम कदवा में हाई स्कूल के फिल्ड में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | Group-04 |
| 27 | धुरकी | टाटीदीरी | राजकीय मध्य विधालय टाटीदीरी के फिल्ड में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| | | | कुल 07 ईकाई का प्राक्कलित राशि– | 12.72418 | 3500.00 | 26000.00 | | |
| 28 | नगर उंटारी | हुलहुला खुर्द | ग्राम हुलहुला में उत्क्रमित मध्य विद्यालय में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | 12 Nov. 2023 | |
| 29 | नगर उंटारी | पिपरडीह | ग्राम पिपरडीह के मध्य विद्यालय में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | Group-05 |
| 30 | नगर उंटारी | भोजपुर | ग्राम दहेडिया के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 31 | नगर उंटारी | बिलासपुर | ग्राम बिलासपुरा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 32 | नगर उंटारी | चितविश्राम | ग्राम चितविश्राम के उच्च विद्यालय में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 33 | नगर उंटारी | गरबाँध | ग्राम गरबाँध उच्च विद्यालय के पास खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 34 | नगर उंटारी | हुलहुला खुर्द | ग्राम पिंडरिया में चौपाल के पास खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | 12 Nov. 2023 | |
| 35 | नगर उंटारी | हुलहुला खुर्द | ग्राम पिंडरिया के मध्य विद्यालय में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 36 | नगर उंटारी | कुम्बा खुर्द | ग्राम कुम्बाखुर्द मिशन टोला में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 37 | नगर उंटारी | कुम्बा खुर्द | ग्राम कुम्बाखुर्द के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 38 | नगर उंटारी | नरही | ग्राम जासा के वार्ड न0–2 में प्राथमिक विद्यालय में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 39 | नगर उंटारी | पिपरडीह | ग्राम बारोडीह में रा0म0 विद्यालय में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | Group-05 |
| | | | कुल 12 ईकाई का प्राक्कलित राशि– | 21.81288 | 6000.00 | 44000.00 | | |
| 40 | रमना | रमना | ग्राम रमना में रमना थाना परिसर बारोडीह में रा0म0 विद्यालय में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 41 | रमना | भगोडीह | ग्राम मझिगांवा में स्कूल के पास खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | 12 Nov. 2023 | |
| 42 | रमना | भगोडीह | ग्राम चुंदी में उ0क्र0प्रा0वि0 चुन्दी दामर के पास खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | Group-06 |
| 43 | रमना | बुल्का | ग्राम अतिआरी में रा0उत्क्र0 मध्य वि0 में पोटो हो खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 44 | रमना | बुल्का | ग्राम बुल्का के खाता 313 प्लॉट 1299 में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 45 | रमना | गम्हरिया | ग्राम चनाकला के खाता 96 प्लॉट 1154 में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 46 | रमना | मरवनीया | ग्राम खरटीया में आँगनबाडी केन्द्र के पास खेल मैदान का भूमि समतलीकरण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 47 | रमना | मरवनीया | ग्राम मानदोहर में रा0प्रा0म0वि0 सिलिदाग–1 में पोटो हो खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | 12 Nov. 2023 | |
| 48 | रमना | रमना | ग्राम रमना में उ0क्र0वि0 हाई स्कूल का मैदान पार्ट–2 | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 49 | रमना | रमना | ग्राम रमना में हाई स्कूल के खेल मैदान का समतलीकरण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 50 | रमना | सिलीदाग | ग्राम सिलिदाग में मध्य वि0 सिलिदाग–2 के पास पोटो हो खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | Group-06 |
| 51 | रमना | टण्डवा | ग्राम टण्डवा में उत्क्र. उच्च विद्यालय में पोटो हो खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| | | | कुल 12 ईकाई का प्राक्कलित राशि– | 21.81288 | 6000.00 | 44000.00 | | |
| 52 | सगमा | बीरबल | ग्राम बिरबल हाई स्कूल के प्रांगण में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | |
| 53 | सगमा | सगमा | ग्राम सगमा में भैया रुद्र प्रताप देव उच्च विधालय के प्रांगन में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | 12 Nov. 2023 | |
| 54 | सगमा | सोनडीहा | ग्राम पुतुर में मध्य विधालय पुतुर के प्रांगन में खेल का मैदान निर्माण | 1.81774 | 500 | 3,635.48 | | Group-07 |
| | | | कुल 03 ईकाई का प्राक्कलित राशि– | 5.45322 | 1500 | 11000.00 | | |

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।

PR 306086 Rural Development(23-24)D

# भारत में शिक्षा गुणवत्ता : चुनौतियां व समाधान

देश में जब शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू हुआ तो 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिये यह मौलिक अधिकार बन गया। इसके अलावा शिक्षा क्षेत्र में सुधार लाने के लिये केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में चुनौतियों का अंबार लगा है तथा ऐसे उपायों की तलाश लगातार जारी रहती है, जिनसे इस क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाए जा सकें। मानव संसाधन के विकास का मूल शिक्षा है जो देश के सामाजिक-आर्थिक तंत्र के संतुलन में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत, वित्तीय एवं प्रशासनिक उपायों के द्वारा राज्यों एवं केंद्र सरकार के बीच नई जिम्मेदारियों को बांटने की आवश्यकता महसूस की गई। जहां एक ओर शिक्षा के क्षेत्र में राज्यों की भूमिका एवं उनके उत्तरदायित्व में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ, वहीं केंद्र सरकार ने शिक्षा के राष्ट्रीय एवं एकीकृत स्वरूप को सुदृढ़ करने का भार भी स्वीकार किया। इसके अंतर्गत सभी स्तरों पर शिक्षकों की योग्यता एवं स्तर को बनाए रखना एवं देश की शैक्षिक जरूरतों का आकलन एवं रखरखाव शामिल है।



शिक्षा की दृष्टि से माध्यमिक शिक्षा (9वीं तथा 10वीं) का बहुत महत्त्व है, क्योंकि इससे छात्र उच्च शिक्षा के लिये और दुनिया में कार्य करने के लिये तैयार होते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था में उदारीकरण और वैश्वीकरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में तेजी से हुए परिवर्तन तथा जीवन-स्तर को बेहतर बनाने और गरीबी को कम करने की आवश्यकता के मद्देनजर यह जरूरी है कि प्रारंभिक शिक्षा के आठ वर्षों की अवधि के मुकाबले स्कूली शिक्षा पूरी करने वाले विद्यार्थियों को ज्ञान और कौशल में ऊंचा स्तर प्राप्त हो, क्योंकि माध्यमिक शिक्षा पूरी करने का प्रमाण-पत्र रखने वाले की औसत आमदनी उस व्यक्ति से ज्यादा होती है, जो केवल आठवीं कक्षा तक पढ़ा होता है। इसीलिये 14 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के सभी बच्चों को अच्छी और सस्ती शिक्षा उपलब्ध कराना जरूरी है, जो कि उनकी पहुंच में हो। माध्यमिक शिक्षा के व्यवसायीकरण की केंद्र प्रायोजित योजना में विभिन्न शिक्षा अवसर उपलब्ध कराने की व्यवस्था है, ताकि लोगों की रोजगार क्षमता को बढ़ाया जा सके और कुशल जनशक्ति की मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को कम किया जा सके। यह योजना उच्च शिक्षा प्राप्त करने वालों के लिये एक विकल्प उपलब्ध कराती है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने स्कूली शिक्षा को स्कूल-पूर्व प्राइमरी, अपर प्राइमरी, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तरों में बांटा है ताकि इसकी निरंतरता लगातार बनी रह सके। योजना में सभी हितधारकों- माता-पिता/अभिभावक, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, समुदाय तथा राज्यकर्मी आदि की सक्रिय भागीदारी होती है ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित किया जा सके। शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले कई कारक हैं। देश के शिक्षासंबंधी सभी अध्ययन और सर्वेक्षण इंगित करते हैं कि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों का स्तर भी अपेक्षा से नीचे है। इसके लिये सीधे शिक्षकों को दोषी ठहरा दिया जाता है और इस वास्तविकता से आंखें मूंद ली जाती हैं कि विद्यालयों/महाविद्यालयों का बुनियादी ढांचा और शिक्षकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था बेहद कमजोर है। देश में एक लाख से अधिक विद्यालय ऐसे हैं, जहां केवल एक शिक्षक है। आजादी 72 वर्ष बाद भी यदि देश में शिक्षा की यह दशा और दिशा है तो स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के सकारात्मक अभियान में सभी का सक्रिय सहयोग लेना आवश्यक होगा। इस अभियान में सरकार, नागरिक समाज संगठन, विशेषज्ञों, माता-पिता, सामुदायिक सदस्यों और बच्चों सभी के प्रयासों की आवश्यकता होगी। यही समय है जब स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के इस मुद्दे पर एक टीम इंडिया का गठन किया जाना चाहिये। इसके अलावा, स्कूली शिक्षा में सुधार के लिये शिक्षण विधियों, प्रशिक्षण और परीक्षण की विधियों में भी सुधार करने की जरूरत है। अभी शिक्षण की विधियां राज्य स्तर से तय की जाती हैं, जिनमें कक्षागत शिक्षण कौशलों को या तो नकार दिया जाता है या उन्हें परिस्थितिजन्य मान लिया जाता है। शिक्षकों के अच्छे प्रशिक्षण के लिये प्रशिक्षण का दायित्व कर्त्तव्यनिष्ठ, योग्य और क्षमतावान प्रशिक्षकों को सौंपा जाना चाहिये। शिक्षकों के प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने, शिक्षण में नवाचारी पद्धतियों का विकास करने सहित परीक्षण/मूल्यांकन की व्यापक प्रविधियां तय कर उन्हें व्यावहारिक स्वरूप में लागू करने की दिशा में कारगर कदम उठाने चाहिये।

❖ **काजल कुमारी**

# 'शिक्षक समाज के राष्ट्र निर्माता हैं'

भारत भूमि पर अनेक विभूतियों ने अपने ज्ञान से हम सभी का मार्ग दर्शन किया है। उन्ही में से एक महान विभूति शिक्षाविद दार्शनिक महानवक्ता एवं आस्थावान हिन्दू विचारक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया है। उनकी मान्यता थी कि यदि सही तरीके से शिक्षा दी जाये तो समाज की अनेक बुराईयों को मिटाया जा सकता है। ऐसी महान विभूति का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाना हम सभी के लिए गौरव की बात है। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व का ही असर था कि 1952 में आपके लिए संविधान के अंतर्गत उपराष्ट्रपति का पद सृजित किया गया। स्वतंत्र भारत के पहले उपराष्ट्रपति जब 1962 में राष्ट्रपति बने तब कुछ शिष्यों ने एवं प्रशंसको ने उनसे निवेदन किया कि वे उनका जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाना चाहते हैं। तब डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा कि मेरे जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने से मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस करूंगा। तभी से 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। एक बार एक प्रतिभोज के अवसर पर अंग्रेजी की तारीफ करते हुए अंग्रेज ने कहा - ईश्वर हम अंग्रेजों को बहुत प्यार करता है इसने हमारा निर्माण बड़े यत्न और स्नेह से किया है। इसी नाते हम सभी इतने गोरे और सुंदर है। उस सभा में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन भी उपस्थित थे। उन्हें ये बात अच्छी नहीं लगी।



अतः उन्होंने उपस्थित मित्रों को संबोधित करते हुए एक मनगढ़ंत किस्सा सुनाया- मित्रों एक बार ईश्वर को रोटी बनाने का मन हुआ उन्होंने जो पहली रोटी बनाई वह जरा कम सिकी। परिणामस्वरूप अंग्रेजों का जन्म हुआ। दूसरी रोटी कच्ची रह न जाएं इस नाते भगवान ने उसे देर तक सेंका और वह जल गई इससे निग्रो लोग पैदा हुए। मगर इस बार भगवान जरा चौकन्ने हो गये। वह रोटी पकाने लगे। इस बार जो रोटी बनी वो न ज्यादा पकी थी न ज्यादा कच्ची। ठीक सिकी थी और परिणाम स्वरूप हम भारतियों का जन्म हुआ। ये किस्सा सुनकर उस अंग्रेज का सिर शर्म से झुक गया और बाकी लोगों का हंसते - हंसते बुरा हाल हो गया। शिक्षक को आदर देना समाज और राष्ट्र में उनकी कीर्ति को फैलाना केन्द्र व राज्य सरकारों का कर्तव्य ही नहीं, दायित्व भी है। इस दायित्व को पूरा करने का शिक्षक का दिवस एक अच्छा दिन है। गुरू से आशीर्वाद लेने की भारत की अत्यंत प्राचीन परिपाटी है। आषाढ़ माह में पड़ने वाली पुर्णिमा को गुरू पूर्णिमा या व्यास पूर्णिमा नाम इसी के निमित दिया गया है, स्कूलों कालेजों के अतिरिक्त सरकार की ओर से भी इस दिन समारोह आयोजित किये जाते हैं। दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित एक बड़े समारोह में राजधानी के स्कूलों में चयनित श्रेष्ठ शिक्षको को सम्मानित किया जाता है।

❖ **ऋषिका श्रीवास्तव**

# गुरू जीवन का महत्वपूर्ण भाग



शिक्षक ...अर्थात अंधियारो से उजाला की ओर मार्ग प्रशस्त करने वाले, सदैव छात्रों की हित चाहने वाले, सामाजिक बदलाव के अग्रदूत होते है। अनुशासन प्रिय व्यक्ति जो सदैव दूसरों का हित चाहते है। शिक्षक खुद अनेक कठिनाइयों में रहने के बावजूद वे अपने शिष्यों को हमेशा स्वावलंबी बनने की प्रेरणा देते हैं ' जिस प्रकार एक सादा कोरे कागज में कुछ बेहतर कलाकृति करके उस कागज की महत्ता को हम बढ़ाते है। ठीक उसी प्रकार बचपन से हम सभी को जीवन के प्रत्येक चरण में सफल होने हेतु अनेक बातें चरणबद्ध तरीके से शिक्षकों के द्वारा बताई जाती है। प्रतिवर्ष देश को अनेक इंजीनियर डॉक्टर वैज्ञानिक आदि बनाने वाला शिक्षक मूल रूप में अपने वास्तविक विकास से अवरुद्ध है।

हर पेशे की अपनी महत्ता है, पर गुरु न केवल समाज अपितु राष्ट्र निर्माण में सबसे अग्रणी भूमिका निभाते हैं शिक्षक की आवश्यकता सिर्फ हमें नहीं वरन राम और कृष्ण को भी पड़ी। गुरू जीवन का एक बहुत महत्वपूर्ण भाग होते हैं। हम बचपन से लेकर आखिरी वक्त तक उनसे सीखते हैं। हमारी सबसे पहली गुरू मां होती है। हमारे यहां गुरू को ब्रह्मा, विष्णु, महेश और परम्ब्रह्म से बढ़कर स्वीकार किया गया है।

5 सितंबर को जन्मे डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के पहले उपराष्ट्रपति थे बाद में भारत के दूसरे राष्ट्रपति भी बने। इनके अध्यापन में खासी रुचि थी। राष्ट्रपति बनने के पहले उन्होंने खुद कलकत्ता विश्वविद्यालय, मैसूर विश्वविद्यालय और आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय जैसे कई सारे संस्थानो में पढ़ाया था। एक शिक्षक के रूप में भी काफी प्रसिद्ध थे। छात्रों ने बेहद पसंद करते थे और उनके नजर में शिक्षक सर्वश्रेष्ठ पद था। उनका मानना था की किसी भी राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। बेहतर शिक्षक हूं राष्ट्र को विकास के पथ पर अग्रसर कर सकते हैं। राजनीति में आने के बाद जब वे राष्ट्रपति बने तो बहुत सारे लोगों ने उनके जन्मदिन को मनाने की इच्छा जताया। अतः आप लोग मनाना चाहते ही हैं तो मेरे जन्म दिवस को आप शिक्षक दिवस के रुप में मनाएं। उसी समय से शिक्षकों के सम्मान में यह पूरे भारतवर्ष में मनाया जाता है। इस प्रकार शिक्षक दिवस पर हम हर शिक्षक का मूल्य आदरणीय राधाकृष्णन के माध्यम से याद करते हैं तथा उनके द्वारा निर्मित समाज और राष्ट्र में अपना सकारात्मक योगदान देने का संकल्प लेते हैं। वर्तमान चकाचौंध की दुनिया में जहां लोग पैसे के पिछे भाग रहे है। इसका प्रभाव शैक्षणिक क्षेत्र पर भी पड़ा है । शिक्षा का व्यवसायीकरण तो हुआ ही गुरु-शिष्य के बीच संबंधों का ह्रास होता जा रहा है। क्योंकि दोनों के विचारों एवं मूल्यों में गिरावट आई है एवं शिक्षक भी अपने पेशे से भटक कर भौतिकवादी दुनिया में ट्यूशन, कोचिंग संस्थानों आदि से अपने निजी स्वार्थ में पैसे बनाने की होड़ में लगे हैं भारत ही नहीं विश्व के सभी देशों को समृद्धि और विकास के पथ पर अग्रसर करने में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। अतः आवश्यक है हम एक ऐसे समाज का निर्माण करें। जहां प्रत्येक विद्यार्थी अपनी अभिरुचि के



अनुसार अध्ययन जारी रख सके। शिक्षकों में भी खुद को समाज को समर्पित करने की होड़ होनी चाहिए। जरूरत है इस दिशा में शिक्षार्थी-विद्यार्थी दोनों ओर से सकारात्मक पहल करने की जो हमारी सोच को नया आयाम दे। तत्पश्चात भारत पुनः विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर होगा।

❖ **आंनद कुमार**

# ज्ञान की दिव्यता सांसारिक भव्यता से परे

ज्ञान की दिव्यता सांसारिक भव्यता से परे होता है। जो कुछ भी हम देख पाते हैं वह हमारे दृष्टिपटल को सुख दे सकती है परंतु हमारा अंतःकरण भी खुश रहे यह आवश्यक नहीं है। यही कारण है कि गौतम सिद्धार्थ अर्धरात्रि को सारी भौतिक सुविधाओं को छोड़कर जंगल में दर दर की ठोकरे खाने को निकल पड़ता है। सत्य की खोज में वह अनेकों साधु संतों से मिलता है। अंतत जब उन्हें ज्ञान की प्राप्ति होती है तो उनका अंतःकरण संतुष्ट होता है। उन्हें जो आंतरिक खुशी मिलती है वह सामान्य लोगों से परे है। तत्पश्चात अपने ज्ञान के बदौलत उन्होंने हजारों लोगों के जीवन को बदलकर रख दिया। उनके अनेक शिष्य बने। आज गौतम बुद्ध नहीं हैं परंतु एक गुरु के रूप में आज भी लाखों लोगों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने ज्ञान प्राप्त करने के लिए कड़ी तपस्या की थी, कड़ी साधना की थी। एक गुरु एक सफल साधन होता है। वह एक महान तपस्वी होता है। जो गुरु स्वयं ज्ञान की साधना नहीं कर सकता वह अपने शिष्य को ज्ञान का साधक कैसे बना सकता है! ज्ञान तपस्या से प्राप्त होती है। जिस गुरु ने स्वयं कठिन तपस्या ना कि हो वह अपने शिष्यों को तपना और तपकर ज्ञान का सच्चा साधक बनना कैसे सीख सकता है! वह अपने शिष्यों को दिव्यदृष्टि कैसे प्रदान कर सकता है जिससे उनके शिष्य भौतिकतावाद और आध्यात्मिकता में अंतर कर सही मार्ग का चयन कर सकें। गुरु हमें ज्ञान देते हैं और शिक्षक हमें शिक्षा। ज्ञान का प्रमुख उद्देश्य व्यक्ति को अंदर से मजबूत बनाना उसे व्यवहार कुशलता प्रदान करने के साथ-साथ उसके अंदर तार्किक नजरिया का विकास करना होता है। जबकि शिक्षा हमें वह ज्ञान प्रदान करती है जिससे हम अपनी जीविका के लिए नौकरी कर सकें और अपने परिवार का संचालन कर सकें। यद्यपि दोनों ही हमारे लिए आवश्यक है।



एक कुशल जुआरी किसी अन्य को जुआ खेलना सिखा सकता है, एक शराबी व्यक्ति अन्य को शराब पीना सिखा सकता है अथवा किसी अन्य पाप कृत्य में लिप्त होना सीखा सकता है। ऐसे लोगों को गुरु कभी नहीं माना जा सकता है। ऐसे लोग पथ प्रदर्शन नहीं हो सकते हैं और ना ही वे मार्गदर्शक हो सकते हैं। आदर्श गुरु का प्रथम कार्य व्यक्ति के चरित्र का निर्माण करना होता है। गुरु ज्ञान का वह भंडार होता है जो हमें हमेशा उत्थान की ओर ले जाता है। वह हमें कभी भी पतन की ओर नहीं ले जा सकता। गुरु एक एंटीवायरस की तरह होता है जो हमारे अंदर के तमाम बुराई रूपी वायरस को खत्म करके हमें वैचारिक शुद्धता प्रदान करता है। इसीलिए व्यक्ति की उम्र बढ़ सकती है शरीर क्षिण्ण हो सकता है परंतु उसका ज्ञान कभी कम नहीं हो सकता। ज्ञान हमें अहंकार से मुक्त करता है। गुरु हमें जीवन का वह दर्शन प्रदान करते हैं जिससे हम आदर्शवाद की मिसाल कायम कर सकें ।अज्ञानता एक असाध्य रोग है जिसका एकमात्र रामबाण इलाज है ज्ञान। ज्ञान को नष्ट नहीं किया जा सकता है। ज्ञान वह दीप है जो हमें जीवन के सबसे अंधेरे समय में रोशनी प्रदान करता है। यह सूर्य की तरह चमकदार है जो हमें न सिर्फ रोशनी प्रदान करता है बल्कि हमें सही मार्ग पर चलना भी सिखलाता है। यह हमें आत्मसंतुष्टि प्रदान करता है। गुरु ही हमें धर्म और अधर्म में भेद करना सिखलाते हैं। यही कारण है कि जब अर्जुन अपनी गांडीव रखकर अधर्म के विरुद्ध लड़ने से इनकार करने लगता है तब एक गुरु को श्रीकृष्ण बनकर उसे गीता के रूप में ज्ञान देनी ही पड़ती है....।

**जीवन का आधार है ज्ञान**
**ज्ञान है जैसे**
**हिमालय की ऊंचाई जैसा**
**महासागर की गहराई जैसा**
**अंबर की अनंतता जैसा**
**सूरज की नौकिरणों जैसा**
**बर्फ की सफेदी जैसा**
**मां के आंचल के जैसा**
**गुरु का अनमोल उपहार है ज्ञान**

❖ **चन्दन प्रकाश**

# शिक्षा से ही किसी समाज या देश का निर्माण हो सकता है

**गुरू ब्रह्मा गुरू विष्णु,**
**गुरु देवो महेश्वरा**
**गुरु साक्षात परब्रह्म,**
**तस्मै श्री गुरुवे नमः**
**'जो बनाए हमें इंसान ,**
**दे सही गलत की पहचान,**
**उन शिक्षकों को प्रणाम।'**

**सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

हमारे देश में गुरुओं को हमेशा से विशेष स्थान दिया गया है। यहां तक की उन्हें माता -पिता से भी ऊपर का स्थान दिया गया है। ऐसे में शिक्षक दिवस भारत देश में किसी त्योहार से कम नहीं है और शिक्षक का स्थान सभी के जीवन में विशेष होता है जो किसी मनुष्य को इंसान बनाता है। यही वजह है कि शिक्षक के बारे में जितना भी कहा जाए कम ही है। भारत के भूत पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितम्बर 1888 को हुआ था। उन्होंने ने कहा था। यह मेरे लिए गर्व की बात होगी कि 5 सितंबर को मेरा जन्मदिन मनाने के बजाय, शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए। इसी लिए हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। वैसे तो विश्व भर में 100 से भी अधिक देशों में शिक्षक दिवस मनाया जाता है, मगर अन्य देशों में यह दिवस अलग-अलग दिन पर मनाया जाता है। भारत में यह दिवस 5 सितंबर को मनाया जाता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षक दिवस 5 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिन विश्व के सभी शिक्षकों को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए भी सम्मानित किया जाता है। शिक्षा के प्रसार से ही किसी समाज या किसी देश का निर्माण हो सकता है।



शिक्षित होना हमेशा से बहुत महत्वपूर्ण रहा है। बेहतर जीवन की परिकल्पना में शिक्षा आधार का कार्य करती है। यह मनुष्य को दूरद्रष्टा बनाकर उसके भीतर विचारों के प्रवाह को सही दिशा प्रदान करने जैसा जरूरी कार्य करती है, लेकिन यह केवल तभी संभव है जब मनुष्य को एक सही शिक्षक मिले जो उसे सही दिशा प्रदान करे। शिक्षक हमारे जीवन में मार्गदर्शन का कार्य करते हैं। जीवन में आने वाले संघर्षों का डट कर सामना करने के लिए हमें शिक्षक ही तैयार करते हैं ताकि हम कभी जीवन में किसी परिस्थिति के आगे न झुकें। बेहतर जीवन की परिकल्पना शिक्षा के बिना अधूरी है और शिक्षा के साथ-साथ जीवन में मौलिकता तथा शिष्टाचार प्राप्त करना भी बेहद जरुरी है। वैसे तो हर किसी के जीवन में एक न एक प्रिय शिक्षक अवश्य होते हैं जो उनके प्रेरणा के स्त्रोत होते हैं, मेरी जीवन कि प्रेरणा की स्त्रोत मेरी एक शिक्षिका है, जिनको मैं इन पंक्तियों से सम्बोधित करना चाहुंगी।

**सिर्फ शिक्षक नहीं ज्ञान की भंडार है आप**
**हर समस्या को जो सुलझाएं ऐसी विद्वान है आप ।।**
**चाहे कितनी भी नादानियां हो जाए हमसे,**
**हर बार प्यार से समझाती है आप।।**
**बंद हो जाते हैं जब सारे दरवाजे**
**तब नया राह दिखाती है आप ।।**
**खुद रह कर परेशानियों मे भी ,**
**हमारा हौसला बढाती है आप ।।**
**ना अपनी सेहत की परवाह ना फिक्र अपना करती है ,**
**हर बार सिर्फ अपने कार्य को प्रधानता देती है**
**इतना हम बच्चो पर आप कैसे प्यार लुटाती है ?**
**खास नहीं कोई एक छात्र सभी बच्चे आपकी नजरों मे एक है ।**
**आपकी इन्ही गुणों के कारण आप सबसे अलग और नेक है ।।**

उनके द्वारा दिए गए ज्ञान के लिए मैं सदेव आभारी हूं और मैं आशा करती हूं कि आप सभी अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर अपने शिक्षकों को गर्वन्वित महसूस कराए क्योंकि एक छात्र की सफलता ही उसके शिक्षक कि सफलता होती है।

❖ **सृष्टि कुमारी**

# 'शिक्षक हमें नैतिक रूप से समर्थ बनाते हैं'

हमारे देश में गुरुओं का बहुत मान किया जाता है। भारत देश में हमेशा से गुरु को सबसे ऊंचा स्थान दिया जाता रहा है। गुरु ही एक ऐसा व्यक्ति होता है जो हमें शिक्षा दे कर हमें ज्ञानवान बनता है, सिक्षित करता है व इस लायक बनता है की न सिर्फ हम अपना जीवन बसर कर सके बल्कि हमारे आस -पास के लोगों की भी जीवन शैली में कुछ सुधार कर सकें। शिक्षक और शिक्षा का महत्व हमारे जीवन में सर्वोपरि होता है, इसलिए शिक्षक का स्थान माता -पिता और स्वयं भगवन से भी ऊपर माना गया है और वो पुराण काल से चली आ रही इस बहुप्रसिद्ध श्लोक में साफ जाहिर है-

**गुरुर्ब्रह्मा, गुरुर्विष्णु गुरुदेवी महेश्वरः।**
**गुरुर्साक्षात परब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः।।**

अर्थात एक शिष्य के लिए गुरु ही ब्रम्हा, विष्णु, व महेश हैं, और उनको सारद प्रणाम है।



शिक्षकों का हमारे समाज को बनाने और हमे नैतिक रूप से भी काबिल बनाने में बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। उनके इसी निःस्वार्थ और बहुमूल्य योगदान की सराहना करने व उन्हें धन्यवाद देने के लिए हमारे देश में हर साल 5 सितम्बर को, हमारे भूतपूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को शिक्षण क्षेत्र से काफी लगाव था और उन्होंने अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में माानने की इक्षा जताई थी। डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितम्बर 1888 को तमिल नाडु के तिरुमानी गांव में हुआ था। वे बचपन से ही पढ़ाई करने और शिक्षा ग्रहण करने के प्रति काफी अग्रसर रहते थे। उन्हें किताबों से बहुत लगाव था और वे अपना ज्यादातर समय पढ़ाई करने में ही बिताते थे। उनका निधन तमिलनाडु राज्य के चेन्नई शहर में, 17 अप्रैल 1975 में हुआ था। उनके निधन के बाद से ही 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। भारत में पहली बार शिक्षक दिवस 5 सितम्बर, 1962 में मनाया गया था। वैसे तो विश्व में हर जगह गुरुओं का सम्मान करने व उनके योगदान की सराहना करने के लिए शिक्षक दिवस अलग-अलग तिथियों पर मनाया जाता है पर इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र के तत्वाधान 5 अक्टूबर को मनाया जाता है। शिक्षक की आवश्यकता सर्वत्रहोती है, जिसे नकारा नहीं जा सकता। उनकी शिक्षा कि झलक हमें उनके छात्रों मे मिल जाती है। एक अच्छा गुरु सदैव अपने शिष्य को आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करता है। हमें सदैव अपने गुरु का आदर करना चाहिए और सच्चे मायनों में गुरु का आदर तभी हो सकता है, जब हम उनके बताए गए मार्ग पर चलें। एक शिक्षक होना बहुत कठिन कार्य है और नमन है सभी शिक्षकों को जिसने मेरे जीवन में अहम भूमिका निभाई। आज कल के दौर में फोन और सोशल मीडियाकी मदद से लोग आपस में जुड़े रहते हैं और अपने शिक्षकों से जुड़े रहने के यह सबसे अच्छे माध्यम हैं। कुछ लोग जो शिक्षक का पेशा चुनते हैं वाकई में काबिले तारीफ होते हैं। जो अपने कंधो पर देश को भविष्य संवारने का दायित्व लेकर चलते हैं। नमन है ऐसे हौसलों को नमन है सभी शिक्षकों को।

❖ **तान्या**

संकलन : ओपी प्रजापति

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया और भारत के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए बधाई दी।

### देश के 3 हाईकोर्ट में चार जजों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के तीन हाई कोर्ट में चार जजों की नियुक्ति की है। राष्ट्रपति ने केरल हाईकोर्ट, उड़ीसा हाईकोर्ट और गौहाटी हाईकोर्ट ने लिए जजों की नियुक्ति की है। आज जारी नोटिफिकेशन में इसकी घोषणा की गई। राष्ट्रपति ने केरल हाई कोर्ट के एडिशनल जज जस्टिस चंद्रशेखरन सुधा को स्थायी जज के रूप में नियुक्त किया है। राष्ट्रपति ने बुदी हाबुंग को गौहाटी हाईकोर्ट का जज जबकि शिबशंकर मिश्रा और आनंदा चंद्र बेहरा को उड़ीसा हाई कोर्ट का जज नियुक्त किया है।

### सीमा पर 1.2 करोड़ के सोने के 16 बिस्कुट बरामद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले से सटी भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की टीम ने 1989.180 ग्राम वजन के सोने के 16 बिस्कुट बरामद किए हैं। इसकी अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ 18 लाख 75 हजार रुपये आंकी गई है।

### नियंत्रण रेखा के पास बारूदी सुरंग विस्फोट सेना का पोर्टर घायल

**पुंछ।** जम्मू संभाग के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास एक बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना का एक पोर्टर घायल हो गया। घायल पोर्टर को इलाज के लिए उप-जिला अस्पताल मंडी में स्थानांतरित किया गया है। शनिवार को पुंछ के सौजियान सेक्टर में एक बारूदी सुरंग विस्फोट हुआ, जिसकी चपेट में आने से सेना का एक पोर्टर और एक घोड़ा घायल हो गया। घायल पोर्टर की पहचान मुख्तार अहमद पुत्र मोहम्मद सलीम के रूप में हुई है। उसे इलाज के लिए उप-जिला अस्पताल मंडी में स्थानांतरित कर दिया गया है।

# विकसित भारत का संकल्प लेकर आगे बढ़ें : जेपी नड्डा

**एजेंसी। गाजियाबाद**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आह्वान किया कि अमृत काल में देश को विकसित भारत का संकल्प लेकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाइये और देश को विकास पथ पर अग्रसर बनाएं।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज (मोहन नगर) से देशव्यापी कार्यक्रम 'मेरी माटी, मेरा देश' का शुभारंभ किया। उन्होंने गाजियाबाद में ही शहीद मेजर मोहित शर्मा के निवास स्थान पर 'अमृत वाटिका' में पौधारोपण किया। भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'मेरी माटी,मेरा देश' अभियान शुरू किया है जो 15 सितम्बर तक चलेगा। इस कार्यक्रम के तहत हर घर से मिट्टी इकट्ठी की जाएगी। सांसद अपने क्षेत्र के हर गांव में अमृत वाटिका बनाएंगे, वहां से मिट्टी दिल्ली लाई जायेगी और इस मिट्टी से दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर अमृत वाटिका बनाई जाएगी। नड्डा ने कहा कि 'मेरी माटी, मेरा देश' में आपकी उपस्थिति आपकी देशभक्ति के जज्बे को दिखाता है। 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम के माध्यम से हमें अपने राष्ट्रभक्तों को याद करना है और उनके बताये रास्ते पर आगे बढ़ने का संकलप लेना है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भारत सरकार ने तय किया कि हमारे लाखों कार्यकर्ता हर वार्ड में, हर गाँव में, हर पंचायत में जहाँ भी स्वतंत्रता सेनानी हों, देश की सुरक्षा में हुए शहीद का परिवार हो, ऐसे पुलिस के जवान जिन्होंने समाज की रक्षा करते हुए शहादत दी हो,जो आतंकवाद लड़ते हुए शहीद हुए हों, उनके घर जाकर उनके परिजनों से मिलेंगे और उन्हें विश्वास दिलाएंगे कि वे अकेले नहीं हैं, सारा देश उनके साथ है। सभी शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के नाम की शिलापट्टिका हर वार्ड में लगानी है। नड्डा ने कहा कि यह भी तय किया गया है कि हर वार्ड में, हर गांव में, हर पंचायत में, हर नगर पालिका में, हर नगर पंचायत में 75 वृक्षारोपण के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे ताकि अपने-आप को पर्यावरण से जोड़ा जाए। मैंने भी आज पांच घरों में जाकर एक-एक चुटकी मिट्टी और चावल के दो दाने उनके घरों से ली, इसे हर वार्ड में कलश में एकत्रित करना है। इसके बाद यह कलश हर वार्ड से म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन और कमिटी तक पहुंचेगा। वहां से यह प्रदेश की राजधानी पहुंचेगी। फिर 7500 ब्लॉक्स और 500 म्युनिसिपिलैटी से 8000 कलश लेकर कार्यकर्ता अक्टूबर के अंत में दिल्ली के कर्तव्य पथ पर पहुंचेंगे। वहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमें शपथ दिलाएंगे कि इस कलश की माटी की सौगंध कि हम देश की रक्षा, सुरक्षा के लिए और अमृत काल में विकसित राष्ट्र बनाने में हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे।




इसके बाद नेशनल वॉर मेमोरियल के समीप एक बहुत बड़ी अमृत वाटिका बनेगी और उसमें देश भर से लाये गए 8000 पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं और देशवासियों से अपील किया कि घर-घर जाइये, हर गाँव जाइये और शपथ दिलाइये ताकि 15 अगस्त 2047 की सुबह हम भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में देख सकें। हम सबको मिल कर इस कार्यक्रम को सफल बनाना है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि शुक्रवार को मुंबई में कुछ लोग इकट्ठे आये थे, कौन थे ये लोग? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को आगे ले जा रहे हैं, जबकि मुंबई में इकट्ठे हुए लोग परिवार को आगे ले जाने के प्रयास में हैं। लालू यादव को तेजस्वी यादव की चिंता है,अखिलेश यादव को अपने परिवार की चिंता है, सोनिया गाँधी को राहुल गाँधी की चिंता है। उद्धव ठाकरे को महाराष्ट्र की नहीं, अपने बेटे आदित्य की चिंता है। परिवार मोह के कारण शरद पवार की पार्टी टूटी। ममता दीदी के लिए पश्चिम बंगाल प्राथमिकता नहीं है बल्कि भतीजा महत्वपूर्ण है। इन दलों में परिवार के बाहर कोई दिखता ही नहीं है। राजद में तो लालू यादव, राबड़ी यादव, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव, मीसा भारती-कोई परिवार के बाहर दिखता है क्या? ये अपने परिवार का अस्तित्व बचाने के लिए इकट्ठे हो रहे हैं। कोई रेलवे में जमीन के बदले नौकरी के घोटाले में फंसा है, कोई चारा घोटाले में,कोई नेशनल हेराल्ड घोटाले में। माँ-बेटे दोनों बेल पर चल रहे हैं। मतलब मुंबई में इकट्ठे सारे दल भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया आजकल कहा हैं-यह सबको पता है। अरविंद केजरीवाल को नींद नहीं आ रही। इन्हें दिल्ली या देश से कोई मतलब नहीं है,अपने स्वार्थ से मतलब है। ये सारे के सारे तुष्टिकरण की राजनीति के पोषक बन गए हैं। कर्नाटक में मुस्लिम के लिए धर्म के नाम पर अलग से कोटा का प्रावधान किया जा रहा है।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री वी.के. सिंह, राज्य सभा संसद अनिल अग्रवाल, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल और महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति मुर्मू 5 को 75 चयनित शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से करेंगी सम्मानित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 5 सितंबर को विज्ञान भवन में 75 चयनित शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2023 प्रदान करेंगी। शिक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि देश में हर साल 5 सितंबर को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का उद्देश्य देश में शिक्षकों के अद्वितीय योगदान का जश्न मनाना और उन शिक्षकों को सम्मानित करना है जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता और समर्पण के माध्यम से न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है बल्कि अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध बनाया है। प्रत्येक पुरस्कार में योग्यता



प्रमाण पत्र, 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार और एक रजत पदक दिया जाता है। पुरस्कार विजेताओं को प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करने का भी अवसर मिलेगा। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय एक कठोर, पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने के लिए हर साल शिक्षक दिवस पर एक राष्ट्रीय स्तर का समारोह आयोजित करता रहा है। इस वर्ष से राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का दायरा बढ़ाकर उच्च शिक्षा विभाग और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के शिक्षकों को इसमें शामिल कर लिया गया है। इस वर्ष 50 स्कूल शिक्षकों, उच्च शिक्षा से 13 शिक्षकों और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय से 12 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। नवीन शिक्षण, अनुसंधान, सामुदायिक आउटरीच और काम की नवीनता को पहचानने की दृष्टि से भागीदारी को अधिकतम करने के लिए ऑनलाइन मोड में नामांकन मांगे गए थे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों के चयन के लिए प्रतिष्ठित व्यक्तियों को शामिल करते हुए तीन अलग-अलग स्वतंत्र राष्ट्रीय जूरी का गठन किया था।

## अमेरिकी सेना में तैनात होंगे अत्याधुनिक बंदूकों से लैस रोबोटिक कुत्ते

### टारगेट मिलने के बाद सारा काम खुद करेगा रोबोटिक कुत्ता

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब बड़े स्तर पर युद्ध में भी उपयोग किया जाने लगा है। और इसमें विश्व का अगुवा वही देश होगा जिसके पास सबसे ज्यादा पैसा और नई चीज ईजाद करने वाली प्रतिभाओं को हर तरह की मदद ,माहौल व सहूलियत देने की अपार क्षमता हो। फिलहाल यह देश अमेरिका है। वहां अब एआई से लैस मशीन, आदमी या कुत्ते के रूप में मैदान में युद्ध करेंगे। इसके लिए अमेरिकी सेना अपने रोबोट कुत्तों को एआई से लैस करने की योजना पर काफी आगे बढ़ गयी है। जिनके पीछे एआर-15 एस, एससीएआर या एलएमजी जैसी बंदूकें होंगी, उनसे कुत्ता अपने अनुसार फायरिंग करेगा। मिलिट्री डॉट कॉम की एक खबर के अनुसार अमेरिकी सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि सेना भविष्य के युद्ध की संभावना के हिसाब से रोबोट कुत्तों को राइफल से लैस करने का विचार कर रही है। ऐसे कुत्तों में एआई क्षमताओं वाली चीप मेमोरी भरी जाएंगी, जो उन्हें टार्गेट चुनने में मदद देंगी। सेना का लक्ष्य घोस्ट रोबोटिक्स के विजन 60 क्वाडर्प्ड अनमैन्ड ग्राउंड व्हीकल्स में एक हथियार जोड़ना है। सेना की लड़ाकू क्षमता विकास कमान के वैज्ञानिक शोधकर्ता भवनजोत सिंह ने पिछली रिपोर्ट में कहा था कि सेना ने पहले ही क्यू - यूजीवीएस में विभिन्न प्रकार के हथियारों को जोड़ना शुरू कर दिया है। अब आगामी प्रयोग रोबोटिक कुत्तों में असली कुत्तों वाली क्षमता विकसित करने से जुड़ा है।

**क्या होगी रोबोटिक कुत्तों की विशेषता**

रोबोटिक कुत्ते विभिन्न दुर्गम इलाकों में जा सकते हैं, जहां सेना के वाहनों को जाना मुश्किल होता है। डेवकाम के प्रवक्ता टिम राइडर के अनुसार उन्नत टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन भविष्य में सैन्य तैनाती में बड़े बदलावों के रास्ते खोलते हैं। फिलहाल ये सैनिकों का नेतृत्व नहीं करते हैं। इन रोबोटिक कुत्तों को सेना का जवान ऑपरेट करेगा, वही उसे टार्गेट भी देगा। लेकिन उसके बाद का काम रोबोटिक कुत्ता खुद करेगा। कब गोली चलाना है, यह रोबोट तय करेगा और खुद गोली चलायेगा। इसके कारण रोबोट के इस तरह के उपयोग पर सवाल भी खड़े होने लगे हैं।

## छग में वादाखिलाफी की सरकार : अमित शाह

**एजेंसी। रायपुर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रायपुर में शनिवार को दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ 104 पृष्ठों का आरोप पत्र जारी किया। भाजपा के इस आरोप पत्र में 50 से अधिक बिंदुओं को शामिल किया गया है। शाह ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि घपले-घोटाले और वादाखिलाफी की सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आएंगे, भ्रष्टाचार करने वालों को उल्टा लटका कर सीधा करेंगे। डबल इंजन की सरकार बनाने आह्वान- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह ने छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला, कोयला घोटाला, पदोन्नति भ्रष्टाचार घोटाला समेत कई मामलों को लेकर राज्य सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने एक बार फिर कमल पर निशान लगाकर डबल इंजन की सरकार बनाने आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 15 साल तक रमन सरकार ने पूर्व पीएम अटल वाजपेयी के मार्ग पर काम किया। 15 साल तक विकास की अविरत यात्रा चली, मगर यहां भूपेश सरकार की लूटखसोट और घोटाले की सरकार चल रही है। 2024 में तीसरी बार मोदी की सरकार बनेगी। इसके पहले छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी।

## मराठा आरक्षण पर केंद्र ले निर्णय : उद्धव ठाकरे

**एजेंसी। मुंबई**

शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार को मराठा आरक्षण पर निर्णय लेना चाहिए। केंद्र सरकार आरक्षण की सीमा बढ़ाकर मराठा समाज को न्याय दे सकती है। केंद्र सरकार को अध्यादेश लाना चाहिए। उद्धव ने आरोप लगाया कि शुक्रवार को जालना में मराठा समाज के प्रदर्शनकारियों पर पुलिस का लाठीचार्ज सरकार प्रायोजित था। किसी जिम्मेदार शख्स के आदेश के बिना पुलिस इतना बर्बर लाठीचार्ज नहीं कर सकती। उद्धव बांद्रा के रंगशारदा सभागार में शिवसेना पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली अध्यादेश को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया था, लेकिन निर्णय पसंद नहीं आया तो उस निर्णय को केंद्र सरकार ने बदलने का काम किया। ठीक इसी तर्ज पर केंद्र सरकार को आरक्षण की सीमा बढ़ाने का निर्णय लेना चाहिए। इससे मराठा समाज के साथ अन्य कई समाज के लोगों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि जालना में मराठा समाज के लोग पिछले पांच दिनों से प्रदर्शन कर रहे थे। सीएम-गृहमंत्री को इस संबंध में हर क्षण ब्रीफिंग होती है। इसलिए इसकी जानकारी सीएम-गृहमंत्री दोनों को थी, लेकिन सरकार का कोई मंत्री मराठा प्रदर्शनकारियों के पास नहीं गया।




### सलमान खान की फिल्म 'टाइगर 3' का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी




**सलमान खान** की बहुचर्चित फिल्म "टाइगर 3" का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। भाईजान ने आज इस फिल्म को लेकर एक अहम अपडेट दिया है। इतना ही नहीं फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें सलमान के साथ-साथ कैटरीना कैफ का भी फर्स्ट लुक नजर आ रहा है। सलमान खान ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर "टाइगर 3" का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया और फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा की। सलमान खान ने एक ट्वीट में लिखा, आ रहा हूं! दिवाली 2023 पर "टाइगर 3"। टाइगर 3 RF50 के साथ अपने नजदीकी बड़े स्क्रीन पर जश्न मनाएं। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज हो रही है। इस पोस्टर में सलमान और कैटरीना दोनों बंदूक थामे नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर को देखकर लग रहा है कि "टाइगर 3" "टाइगर" के पहले दो पार्ट से ज्यादा बड़ी और भव्य होगी। इस बीच, "टाइगर 3" लोकप्रिय "वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स" की पांचवीं फिल्म है। सलमान और कैटरीना छह साल बाद टाइगर और जोया बनकर दर्शकों के बीच वापस आ रहे हैं।


### जैकलीन वेनिस फिल्म फेस्ट में इटालियन पवेलियन के पैनल चर्चा में हुई शामिल



**अभिनेत्री** जैकलीन फर्नांडीज ने हाल ही में वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के चल रहे संस्करण में इटालियन पवेलियन के पैनल चर्चा में भाग लिया। यह चर्चा 'नए मीडिया समय में नई छवि, नई जीवनशैली और सिनेमा' विषय पर केंद्रित थी। इटालियन पवेलियन कार्यस्थल उद्योग के रुझानों की पहचान करने और वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ पारिस्थितिकी तंत्र का कुशलतापूर्वक समर्थन करने के उद्देश्य से सम्मेलनों और व्यावसायिक बैठकों की मेजबानी करता है। अपने अनुभव को साझा करते हुए 'हाउसफुल 3' अभिनेत्री ने कहा : मैं इटालियन पवेलियन के पैनल चर्चा का हिस्सा बनकर अभिभूत हूं।

### शाहरुख की फिल्म 'जवान' की एडवांस बुकिंग मचा रही है धमाल

**अपने** ट्रेलर से देश को पूरी तरह से दीवाने करने के बाद शाहरुख खान की फिल्म "जवान" के निमार्ताओं ने एडवांस बुकिंग विंडो खोल दी और फिल्म ने रिकॉर्ड बनाना शुरू कर दिया। इस पर देशभर से एग्जीबिटर्स का जो रिएक्शन सामने आया है वो वाकई कमाल है। उनका कहना हैं कि फिल्म की एडवांस बुकिंग और जिस तरह से टिकटें बिक रही हैं, वह ऐतिहासिक हैं। मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन आफ इंडिया के अध्यक्ष कमल ज्ञानचंदानी ने कहा, एडवांस बुकिंग आउटस्टैंडिंग है। यह हाल में पठान से अधिक



ट्रैकिंग कर रहा है। मुझे लगता है कि यह एक शानदार शुरूआत के लिए तैयार है। पहला दिन ऐतिहासिक हो सकता है। इस पर आईनॉक्स लीजर लिमिटेड के मुख्य प्रोग्रामिंग अधिकारी राजेंद्र सिंह जियाला ने अपनी सहमति जाहिर की और कहा, एडवांस बुकिंग अभूतपूर्व है। यह पीवीआर आईनॉक्स में किसी भी फिल्म के लिए अब तक की सबसे बड़ी बढ़त है। हमने सुबह ही बुकिंग खोली और 12 घंटे से भी कम समय में हमने 1,25,000 से अधिक टिकटें बेचीं। यह बेहद कमाल है। "जवान" एटली द्वारा निर्देशित, गौरी खान द्वारा निर्मित और गौरव वर्मा द्वारा सह निर्मित रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति है। यह फिल्म 7 सितंबर को सिनेमाघरों में हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होने के लिए तैयार है।

**जी-20** संस्कृति मंत्रालय ने सदस्य देशों के लिए की है डिजिटल संग्रहालय की संकल्पना

## वसुधैव कुटुम्बकम की थीम पर है आधारित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संस्कृति मंत्रालय ने जी-20 के सदस्य देशों और आमंत्रित देशों की साझा विरासत का प्रतिनिधित्व और कीर्तिगान करने के लिए संस्कृति गलियारा- जी-20 डिजिटल संग्रहालय की संकल्पना की है। यह परियोजना भारत की जी-20 की थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम और संस्कृति कार्य समूह (सीडब्ल्यूजी) के विशिष्ट अभियान 'संस्कृति सभी को एकजुट करती है' पर आधारित है। संस्कृति गलियारा- जी-20 डिजिटल संग्रहालय भारत में जी-20 के सदस्य देशों के नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय परियोजना है। इस प्रदर्शनी का अनावरण 9 सितंबर 2023 को जी-20 नेताओं के



शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल भारतमंडपम में किया जाएगा तथा नेताओं के शिखर सम्मेलन के बाद इसे जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

जी-20 विरासत परियोजना के रूप में परिकल्पित यह संस्कृति गलियारा- जी-20 डिजिटल संग्रहालय अपनी तरह की पहली सहयोगपूर्ण परियोजना है, जिसमें 'निमार्णाधीन संग्रहालय' की रचना के लिए जी-20 के सदस्य देशों से भागीदारी करने का अनुरोध किया गया। संस्कृति गलियारा विविध सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों की समझ और सराहना को बढ़ावा देने, ज्ञान साझा करने, समावेशिता और समानता तथा साझा पहचान की भावना को प्रोत?साहन देने के एक सशक्त मंच के रूप में कार्य करेगा। संस्कृति गलियारा में जी-20 के सदस्य देशों और 9 आमंत्रित देशों की प्रतिष्ठित और उल्लेखनीय सांस्कृतिक वस्तुओं और विरासत को शामिल किया जाएगा।

प्रदर्शनी में जी-20 के सदस्य देशों और आमंत्रित देशों की ऐसी मूर्त, अमूर्त और प्राकृतिक विरासत का विषयगत संकलन प्रदर्शित किया जाएगा, जिनकी अपनी विशिष्ट पहचान है, और जो सहस्राब्दियों तक फैली मानव सभ्यता में प्रतिष्ठित सांस्कृतिक चिन्हों के रूप में मौजूद हैं। संस्कृति गलियारा कई सभ्यताओं और संस्कृतियों का मार्गदर्शन करने वाले सार्वभौमिक सांस्कृतिक लोकाचार का अन्वेषण और तुलना करेगा तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम' या एक विश्व एक परिवार. एक भविष्य.के महत्व में और अधिक वृद्धि करेगा।

संस्कृति गलियारा - जी-20 डिजिटल संग्रहालय जी-20 के सदस्य देशों और आमंत्रित देशों की भौतिक वस्तुओं और डिजिटल मीडिया का प्रदर्शन करेगा। इन देशों से पांच श्रेणियों : सांस्कृतिक महत्व की वस्तु (भौतिक प्रदर्शन के रूप में), प्रतिष्ठित सांस्कृतिक मास्?टरपीस (डिजिटल प्रदर्शन के रूप में), अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (डिजिटल प्रदर्शन के रूप में), प्राकृतिक विरासत (डिजिटल प्रदर्शन के रूप में), और लोकतांत्रिक प्रथाओं से संबंधित कलाकृति (भौतिक या डिजिटल प्रदर्शन के रूप में) में वस्तुएं सौंपने का अनुरोध किया गया था। संस्कृति गलियारा में जी-20 के समस्त 20 सदस्य देशों और 9 आमंत्रित देशों की भागीदारी और वस्तुएं प्राप्त होने की पुष्टि की गई है।

## NEWS इन ब्रीफ

### राज्यपाल ने आदित्य एल-1 के सफल प्रक्षेपण के लिए वैज्ञानिकों को दी बधाई



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सूर्य मिशन आदित्य एल-1 के सफल प्रक्षेपण के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने ट्वीट कर शनिवार को कहा कि चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद अब सूर्य की गतिविधियों के अध्ययन के लिए सूर्य मिशन आदित्य एल-1 के सफल प्रक्षेपण के लिए समस्त देशवासियों को भी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

### रांची में हत्या का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**रांची।** दशम फॉल थाना पुलिस ने गभेड़या गांव के सरजमकैर में वृद्ध महिला मुंगरी देवी हत्याकांड में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम मंगल मुंडा है। शनिवार को उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक में जेल भेज दिया गया।
पुलिस को दिए बयान में आरोपी ने बताया कि वृद्ध महिला अक्सर उसके नाती को डायन की बात कहकर खा जाने की बात कहती रहती थी। इसके चलते उसने मौका देखकर दउली तथा बैसला (काटने का औजार) से सिर पर प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार किया गया है।

### हाईकोर्ट समेत राज्य भर के सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत नौ को

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के साथ राज्यभर के सिविल कोर्ट परिसर में नौ सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होने जा रहा है। इसकी तैयारी को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) लगातार प्रयासरत है। पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। इस बार पूरे राज्यभर से एक लाख से अधिक मामलों के निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है। जिलों के डालसा ने हजारों की संख्या में पक्षकारों को नोटिस भेजा है। रांची डालसा की ओर 20 हजार से अधिक पक्षकारों को नोटिस भेजा गया है। इसका तामिला कराने के लिए पुलिस प्रशासन को कहा गया है। इसको लेकर डालसा दो बार बैठक भी कर चुकी है। मामलों के निस्तारण के लिए सिविल कोर्ट परिसर एवं समाहरणालय परिसर में 42 बेंच का गठन किया जाएगा। नौ सितंबर को दिन के 10:30 बजे राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन होगा। लोक अदालत में मामले के निष्पादन से पक्षकारों को आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। साथ ही समय की बचत होती है। डालसा इस संबंध में खनन, श्रम विभाग, वन विभाग, उत्पाद विभाग, बैंक के अलावे विभिन्न विभाग के लोगों के साथ बैठक कर चुका है।

---

### श्री श्याम मंदिर में 77वां श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का हुआ वितरण

# खाटू नरेश की जय-जयकरों से गूंज रहा था बाबा का दरबार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शनिवार को श्री श्याम मंदिर में 77 वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान अमरेश गुप्ता, रीना गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, खुशबू गुप्ता, विनायक गुप्ता ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। गुप्ता परीवार ने खाटू नरेश को प्राकृतिक पंखा डोलाकर भोग स्वीकार करने की मनुहार की। भोग लगे अमृतमय प्रसाद को गुप्ता परिवार ने वृहद भंडारे में मिलाकर महाप्रसाद बनाकर मंदिर के आचार्यों को भंडारे का प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया जाता है। 77 वें श्री श्याम भंडारा के प्रसाद में केसरिया जलेबी वेजिटेबल, पुलाव, आलू, चना, कद्दू, दाल की सब्जी कांजी बड़ा का प्रसाद श्री श्याम मंदिर में ही मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में निर्मित किया गया था। भंडारे का वितरण समय होते-होते मंदिर परिसर भक्तों से भरा हुआ था। मंदिर परिसर में लंबी-लंबी कतारें लग गई । खाटू नरेश की जय जयकरो जय घोष से संपूर्ण इलाका गूंजने लगा। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के बीच गुप्ता परिवार व मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भंडारे का महाप्रसाद का वितरण शुरू किया । लगभग 3400 से ज्यादा लोगों ने अमृतमइ महाप्रसाद प्राप्त किया। आज के भंडारे में मुंबई से पधारे प्रसिद्ध वास्तु शास्त्री श्री शिव कुमार बिस्सा (बीकानेर वाले) ने बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई एवम श्याम भंडारे में अपनी सेवा दी। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, पूर्व सांसद अजय मारू, अनिल नारनोली, राजीव रंजन मित्तल, स्नेह पोद्दार, अनुज मोदी, अमरेश गुप्ता, रीना गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, खुशबू गुप्ता, विनायक गुप्ता, आशीष डालमिया, मनोज खेतावत, स्नेहा पोद्दार, अन्नपूर्णा सरावगी, कविता मित्तल, रमा सरावगी, सरिता अग्रवाल, अभिषेक सरावगी, तरुण शर्मा, नकुल मुंडा, कुमार पवन शर्मा, मदन सोनी, अरविंद सोमानी, रौनक पोद्दार, संजय सराफ सहित 80 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

#### मंगलवार को श्री सुंदरकांड पाठ

मंगलवार 05/09/2023 को सांय 4:30 बजे से 66 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का विशेष आयोजन किया जाएगा ।
उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

---

# झामुमो का सवाल : संसद का पांच दिनों का विशेष सत्र क्यों बुला रही केंद्र सरकार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल किया कि संसद का पांच दिनों का विशेष सत्र क्यों बुला रहे हैं, यह बतायें। साथ ही कहा कि इंडिया गठबंधन से भाजपा और केंद्र सरकार को भय होने लगा है। यही वजह भी है कि संसद के पांच दिनों के विशेष सत्र के आयोजन के संबंध में वह सरकारी नोटिफिकेशन जारी नहीं कर रही। भट्टाचार्य शनिवार को हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश संविधान और कुछ पारंपरिक मान्यताओं से चलता है। इस सरकार में हिंदुस्तान की संसदीय परंपरा समाप्त हो रही है। आखिर किन विशेष परिस्थितियों में पांच दिवसीय विशेष सत्र का आयोजन हो रहा है, यह सरकार बताए। भट्टाचार्य ने कहा कि तीन महीने से मणिपुर जल रहा है लेकिन विशेष सत्र केंद्र सरकार नहीं बुला पाती। प्रधानमंत्री विदेशों का दौरा करते हैं। अपने मित्र से संबंधित बातों का जवाब नहीं देते। उन्होंने कहा कि देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थान, आर्थिक मामलों के जानकार नाम लेकर तथ्यों के साथ देश के सबसे बड़े उद्योगपति के कारनामे छाप रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री चुप रहते हैं। गुजरात सरकार उनके मित्र की चोरी पकड़ती है लेकिन वे खामोश रहते हैं। आखिर विशेष सत्र में होगा क्या। जब दो महीने के बाद शीतकालीन सत्र तो आना ही था तो ऐसी कौन सी आपदा आ गयी कि विशेष सत्र बुला रहे हैं। पहले पता रहता तो सभी दल तैयारियों के साथ इसमें शामिल होते। उन्होंने इंडिया गठबंधन में शामिल सभी 27 दलों का आभार भी जताया। साथ ही कहा कि एक सितम्बर को इंडिया की तीसरी बैठक मुंबई में संपन्न हुई। इसमें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को राष्ट्रीय स्तर पर बनी समन्वय समिति का सदस्य चुना गया। इस देश के 11 करोड़ से ज्यादा आदिवासी जनसमुदाय के प्रतिनिधित्व करने, नौजवानों का, मूलवासियों का प्रतिनिधित्व करने को सबसे पुरानी पार्टी सहित कश्मीर से कन्याकुमारी तक की पार्टियों ने हेमंत पर भरोसा जताया है।

---

# मारवाड़ी भवन में राणी सती दादी का दरबार सज-धजकर तैयार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री राणी सती मंडल का 42वां वार्षिकोत्सव मारवाड़ी भवन में 3 सितंबर को मनाया जा रहा है। महोत्सव के संयोजक निर्मल बुधिया ने बताया कि महोत्सव की तैयारीयां पूरी कर ली गई है, तथा मारवाड़ी भवन मे श्री राणी सती दादी जी का दरबार सज धज कर तैयार है। महोत्सव मे श्री राणी सती दादी जी का भव्य अलौकिक श्रृंगार कुशल कारीगरों द्वारा किया गया है। दादी पंच देवताओं के साथ महल से बाहर आकर अपने भक्तों पर आशीर्वाद बरसायेगी। महोत्सव में कोलकाता के निशा सोनी एवं मोनू मोर प्रस्तुत करेंगे मंगल पाठ और मधुर भजन प्रातः 9 बजे 501 महिलाएं राजस्थानी वेशभूषा में सुसज्जित होकर दादी जी के जीवन चरित्र का मंगल पाठ करेंगी। पंडित श्याम भारद्वाज मंत्रोच्चारण के साथ गणेश पूजन का कार्य संपन्न करायेंगे। मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। तथा समाजसेवी राजेश अग्रवाल दादी जी को छप्पन भोग लगा कर भक्तों के बीच वितरित करेंगे। गणेश पूजन के मुख्य यजमान विनीता - विशाल सिंघानिया होंगे। तथा समाजसेवी कमल मोर दादी जी को चुनरी ओढ़ाकर श्रृंगार करेंगे। हनुमान मंडल रांची के भजन मंडली द्वारा भी भजनों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। तथा रात्रि 10 बजे महाआरती के साथ महोत्सव का समापन होगा।

### निदेशक ने किया अड़की प्रखंड के तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

**रांची।** शनिवार को समाज कल्याण सह परियोजना निदेशक झारखंड महिला विकास के निदेशक शशि प्रकाश झा एवं सहायक निदेशक कंचन सिंह ने अड़की प्रखंड के तीन आंगनबाड़ी केंद्रों (उलिहातू, बाड़ी निचकेल, तुबिल ) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेंटर में सेविकाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की जांच की गई और बच्चों को मिलने वाले मिड डे मिल की जांच की गयी। साथ ही उत्तम मिड डे मिल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर पोषण ट्रैकर की भी जांच की गई। साथ ही तेजस्विनी परियोजना द्वारा किये गये कार्य की जानकारी ली और तेजस्विनी क्लब की चर्चा की। बिरसा ओढ़ा में सभी ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों के अलावे जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी , महिला पर्यवेक्षिका , तेजस्विनी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

---

### निरीक्षण के दौरान मतदाताओं से मिले मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

# धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी



**निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों को चिन्हित कर विभागीय कार्यवाई करने के लिए रांची उपायुक्त को दिया निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राँची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज रांची के 64 हटिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शहरी क्षेत्र के इलाही नगर, संजीवनी नगर एवं जाकिर कॉलोनी में घर-घर जाकर मतदाताओं से मुलाकात की तथा उनसे मतदाता सूची से जुड़े मामलों से संबंधित उनकी शिकायतों व सुझावों को जाना। उन्होंने आम मतदाताओं से सीधे वातालर्लाप कर यह जानने का प्रयास किया कि उनके परिवार में कोई पात्र मतदाता छूट तो नहीं गया है, क्या बीएलओ उनके घर-घर जाकर सत्यापन कर रहे हैं? साथ ही मतदाता सत्यापन के उपरांत क्या घर-घर के बाहर स्टीकर लगाए गए हैं? इतना ही नहीं, उन्होंने एक अपार्टमेंट व दो स्लम इलाके के मतदाताओं के बीच बैठकर उनसे सामूहिक विमर्श भी किया। उक्त भ्रमण से पूर्व उन्होंने अपने सभा कक्ष में रांची की उपयुक्त एवं उनके निर्वाचन कार्यो से जुड़े प्रमुख अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। श्री के. रवि कुमार ने कहा कि हर बार यही संज्ञान में आता है कि रांची के मतदाता अच्छे प्रतिशत में वोट नहीं करते हैं, यह बात यहाँ के मतदाताओं, निर्वाचन से जुड़े सभी कर्मियों और पदाधिकारियों के लिए गंभीरता के साथ चिंतन करने योग्य है। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में कोई भी वोटर छूटे नहीं इस उद्देश्य से हमें साथ मिलकर एक टीम भावना के साथ काम करना है। इसके लिए निर्वाचन विभाग द्वारा घर घर जाकर मतदाता सूची को सत्यापित करने एवं जो अर्हता प्राप्त मतदाता हैं उन्हें मतदाता सूची में जोड़ने और उनका पहचानपत्र निर्गत करने का काम किया जा रहा है। आज के औचक भ्रमण के क्रम में श्री के रवि कुमार ने कई मतदाताओं से मुलाकात की तथा उनके और उनके परिजनों का मतदाता सूची में नाम है या नहीं इसकी जानकारी ली। इस अवसर पर कुछ मतदाताओं ने बताया कि वे अर्हता रखते हैं परंतु अभी तक उनका वोटर आईडी कार्ड नहीं बन पाया, वहीं कुछ ऐसे भी मतदाता मिले जिनका वोटर आईडी कार्ड दूसरे राज्य, जिले एवं विधानसभा क्षेत्र का बना हुआ है परंतु काफी समय से इस क्षेत्र में रहने के कारण अपने मत का प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं।

---

# एक्सआईएसएस में रक्तदान शिविर, 54 यूनिट रक्त एकत्रित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची ने एलुमनी एसोसिएशन ऑफ एक्सआईएसएस (आक्सिस) और जेसुइट एलुमनी रांची प्रोविंस (जार्प) के साथ मिलकर शनिवार को कॉलेज परिसर में एक रक्तदान और आधार (नामांकन और संशोधन) शिविर का आयोजन किया, जिसमें कई लाभार्थियों ने भाग लिया। इस कैंप के दौरान एक्सआईएसएस के फैकल्टी, कर्मचारियों, छात्रों और उनके परिवारों द्वारा लगभग 54 यूनिट रक्त दान किया गया। तो वहीं आधार कैंप का 65 लोगों ने लाभ उठाया। इस कैंप में नवजात शिशुओं के दोनों आयु समूहों 5 वर्ष आयु समूह और 18.वर्ष आयु समूह के लाभार्थियों को भी शिविर से लाभ हुआ, जिसमें उन्होंने आधार कार्ड में नामांकन और संशोधन करवाया। लाभार्थियों में संस्थान के फैकल्टीए स्टाफ, एलुमनाई परिवार विस्तारित जेसुइट सोसाइटी, संस्थान परिसर के आसपास के निवासी, संस्थान के छात्र और उनके परिवार के सदस्य शामिल थे। इससे पहले अभियान की शुरूआत एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे द्वारा की गई प्रार्थना के साथ हुई, जिसमें उन्होंने इस नेक काम की सफलता की कामना की। उन्होंने सभी के लिए आयोजित ऐसे रक्तदान और आधार शिविरों के महत्व पर भी जोर दिया, जो समाज के लिए एक सेवा है और इसे आयोजित करने के लिए आक्सिस को धन्यवाद दिया। इसके अलावा शिविर की अपार सफलता के बारे में बोलते हुए डॉ कुजूर ने सचिव आलोक गुप्ता, जसबीर सिंह खुराना, उपाध्यक्ष हिमालय संयुक्त सचिव और अन्य आक्सिस प्रतिनिधियों जैसा निशा तिर्की, मनीष मिश्रा, दानिश अहमद, अशोक यादव एवं तालिब को उनके निरंतर प्रयासों और समर्पण के लिए धन्यवाद दिया।

### झाारखंड छात्र जदयू की बैठक आयोजित

**रांची।** झारखंड छात्र जदयू, रांची चैप्टर की प्रथम बैठक शनिवार को पुरानी विधान सभा के सभागाधर में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता झारखंड जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो ने की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय आंदोलन की क्रांति बीज रहे हैं, आज रूढ़िवाद से जकड़े भारत में वैज्ञानिक सोच वाले इंडिया का निर्माण करने के लिए प्रगतिशील युवाओं को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि रांची चैप्टर राज्य के 24 जिलों में नई राजनीति का अलख जगाएगा। महिला प्रकोष्ठ की कार्यकारी अध्यक्ष रेणु गोपीनाथ पन्निकर ने कहा कि आज के वक्त में अपनी आंखें खोलकर रखनी हैं, क्योंकि इस वक्त धोखे का कारोबार तेज है। पार्टी उपाध्यक्ष मोहम्मद आफताब जमील, महासचिव श्रवण कुमार ने भी अपने विचार साझा किए। छात्र जद यू के प्रदेश प्रभारी डॉ विनय भरत ने बीते दो माह की प्रगति रिपोर्ट रखी और कहा कि हम 21वीं सदी का इंडिया रचना चाहते हैं। मौके पर कर्मा कुमार और समी अहमद ने पार्टी की सदस्यता ली।

---

# रिसालदार हजरत शाह बाबा दरगाह कमेटी का चुनाव आज, तैयारी पूरी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हजरत कुतुबुद्दीन रिशालदार शाह बाबा दरगाह कमेटी का चुनाव 3 सितंबर रविवार को होगी। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। चुनाव कमेटी के शाहीन अहमद, सरफराज कुरैशी, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद वसीम, ने बताया के दरगाह कमेटी का चुनाव को लेकर सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है। 16 पद के लिए 39 उम्मीदवार मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। 138 वोटर मतदान करेंगे। मतदान सुबह 8:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक रिशालदार बाबा मुसाफिरखाना में किया जाएगा। मतदान और मतगणना के लिए सीसीटीवी कैमरा और पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी रहेगी। मतगणना 4: 30 बजे शाम में शुरू होगी। चुनाव कमेटी का एक ही लक्ष्य है चुनाव को साफ सुथरा कराना। हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा दरगाह के विकास कार्य जो अपने आप मे झारखण्ड में एक मिसाल है। यूँ तो बाबा के आस्ताने में समय समय पर कई कार्य हुए हैं। जिस कार्य पर आज नाज किया जा रहा है वो हमारी टीम की मेहनत और मेरे पिताजी की मेहनत हैं। आज बाबा का आस्ताना और उसके कैम्पस में शिक्षा का अलख जल रहा है, समाजी, जो काम हुए हैं वह अपने आप मे एक नुमाया है। उक्त बातें दरगाह चुनाव कमिटी के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सोहेल अख्तर गब्बर ने कही। उन्होंने कहा कि सरकारी फंड फण्ड से कमिटी ने बड़े जदोजहद से फंड लाकर हस्पताल, मुसाफिर खाना, छत्रवास, मैरेज हाल ऐसे कई कार्य किये जो आज हम और आप देख सकते हैं। सरकारी फंड कितना मुश्किल होता है यह आप जानते हैं। पर हाजी राउफ गद्दी और उनकी टीम ने अपने अथक मेहनत से इस काम को अंजाम दिया। महिलाओं के लिए सिलाई सेन्टर, गरीब छात्रों के लिए कंप्यूटर सेन्टर खोला जहां हजारों छात्र, छात्राएँ शिक्षा पा रहे हैं। ऐसे ही अनगनित काम हैं जो आप बाबा के सरजमी पर देख सकते है।

---

**संघर्ष तेज** डुमरी उपचुनाव से प्रदेश का भविष्य जुड़ा है, राज्य सरकार निजी स्वार्थ में डूबी है

# मोदी सरकार ने विश्व में भारत का गौरव बढ़ाया : अर्जुन मुंडा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को डुमरी विधानसभा उपचुनाव में एन डी ए प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में निमियाघाट, ठाकुर चक और रोशना टुंडा ठाकुरबाड़ी में पंचायत के लोगों के साथ जन सम्पर्क किया। मुंडा ने प्रचार अभियान में अनेक स्थानों पर जनता को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने ईसरी में एक प्रेसवार्ता को भी संबोधित किया। मुंडा में कहा कि वर्तमान राज्य सरकार को हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही है उससे राज्य को बड़ा नुकसान हो रहा है। इस सरकार से जनता को सतर्क और सावधान रहते हुए उपचुनाव में निर्णय लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह उपचुनाव एक विधानसभा को प्रभावित नही करेगा बल्कि देश और प्रदेश का की दिशा और दशा तय करेगा। इसलिए डुमरी से एक नया संदेश देने की जरूरत है। जिसके लिए जनता तैयार दिख रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराध पर नियंत्रण नहीं,रोज भ्रष्टाचार के नए नए मामले उजागर हो रहे। ऐसे में राज्य का भविष्य अंधकारमय में दिख रहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ऐसा कोई काम नही किया को राज्यहित में हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार झारखंड केलिए हर संभव सहायता उपलब्ध कराने को तैयार है लेकिन राज्य सरकार अवसर का लाभ लेने में विफल साबित हुई। उन्होंने कहा कि प्रगति के लिए दूरगामी ठोस नीति बनाने और लागू करने की जरूरत है लेकिन राज्य सरकार ने ऐसी कोई पहल नहीं की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निजी स्वार्थ में डूबी है। जन भावनाओं के अनुरूप काम नही कर रही है।अलग राज्य के सपनो को चूर कर दिया है। यह सरकार केंद्रीय योजनाओं को लागू करने में विफल साबित हुई है जिसके परिणाम स्वरूप लगातार झारखंड प्रगति के पथ पर पिछड़ रहा है। केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर बोलते हुए मुंडा ने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास की सोच के साथ कार्य कर रही। केंद्र की योजनाओं में युवा, महिला, आदिवासी,दलित, पिछड़ा, अगड़ा सभी वर्ग समाज की चिंता है। आगे बढ़ाने की सोच है। नीतियां हैं। उन्होंने कहा कि आज मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत का गौरव विश्व में बढ़ा है। कहा कि भारत विश्व की महा शक्तियों,आर्थिक दृष्टि से मजबूत देशों से आज प्रतियोगिता कर रहा है। आज ब्रिटेन को पछाड़कर भारत विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था का देश बन गया है। उन्होंने कहा कि आज भारत को दुनिया गंभीरता से ले रही है। जी 20की अध्यक्षता करते हुए भारत ने दुनिया को नई दिशा दी है। वैज्ञानिक प्रगति में दुनिया भारत का लोहा मान रही। कोविड का स्वदेशी टीका बनाना, चंद्रयान की सफलता,आज सूर्य यान का प्रक्षेपण विश्व को अचंभित कर रहा। दुनिया भविष्य के भारत की ओर आकर्षित हो रही है।

**आज मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत का गौरव विश्व में बढ़ा है। कहा कि भारत विश्व की महा शक्तियों,आर्थिक दृष्टि से मजबूत देशों से आज प्रतियोगिता कर रहा है**

---

### खलारी में नाबालिग से गैंगरेप के तीन आरोपियों को जेल, एक फरार

**खलारी।** केडी नेहरू स्टेडियम से शुक्रवार की देर शाम मेला देखकर लौट रही नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन आरोपियों को खलारी पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। जेल जानेवाले आरोपियों में निकेश कुमार गुप्ता, महावीर नगर खलारी, मौसम अंसारी और शेल्टन मेंडिस, लपरा मैकलुस्कीगंज के निवासी हैं। वहीं एक आरोपी अनूप कुजूर मैकलुस्कीगंज निवासी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस उसे पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। पीड़िता के बयान पर आरोपियों के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इससे पहले ग्रामीणों ने खलारी थाना में शुक्रवार की देर रात तक हंगामा किया था। ग्रामीण पीड़िता का बयान लेने के लिए महिला पुलिस बुलाने की मांग पर अड़ गए थे। इसके बाद महिला पुलिस बुलानी पड़ी। ग्रामीण गिरफ्तार आरोपियों को सामने लाने की बात कर रहे थे।

---

# 'चंद्रमा के बाद अब सूर्य पर चमकेगा भारत की बुलंदियों का सितारा'



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने चंद्रयान-3 के सफलतापूर्वक चंद्रमा पर पहुंचने के बाद भारत ने देश का पहला सूर्य मिशन आदित्य एल-1 के सफल प्रक्षेपण खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि यह निश्चित रूप में भारतीय वैज्ञानिकों की ऐतिहासिक उपलब्धि है और यह देश को गौरवान्वित करने वाला है। श्री लंबोदर कहा कि जिस तरह से हमारे देश के वैज्ञानिकों ने अपना क्षमता जो प्रयोग किया है वह सराहनीय है। एक समय था जो भारत को विश्व के देश हलके में लिया करते थे और हर विश्व का हर देश भारत की उन्नति का गुणगान कर रहा है और इनसे सीखने की भी इच्छा जाहिर कर कर रहा है। चंद्रमा के बाद अब सूर्य पर भारत की बुलंदियों का सितारा चमकेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय वैज्ञानिकों का दुनिया भर में बोल बाला हो रहा है। खगोल विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने एक और छलांग लगाई है। उन्होंने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश की प्रगति को लेकर अपनी अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है और हम सब भारतीय आज अपने वैज्ञानिकों पर गर्व महसूस कर रहे हैं। सूर्य मिशन आदित्य एल-1 की सफलता के लिए उन्होंने समस्त भारतवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

NEWS इन ब्रीफ

## दो फीफा विश्व कप क्वालीफायर की मेजबानी करेंगे भुवनेश्वर, गुवाहाटी

**नई दिल्ली।** भुवनेश्वर और गुवाहाटी फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 प्रारंभिक ज्वाइंट क्वालीफिकेशन राउंड 2 में भारत के शुरूआती दो घरेलू मैचों की मेजबानी करेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने शनिवार को उक्त जानकारी दी। भारत को एशियाई क्वालीफायर के ग्रुप ए में कतर, कुवैत और अफगानिस्तान और मंगोलिया के बीच प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन राउंड 1 के विजेताओं के साथ रखा गया है। भारतीय टीम भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में इस साल 16 नवंबर को कुवैत के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी और इसके बाद 21 नवंबर को मौजूदा एएफसी एशियाई कप चैंपियन कतर का सामना करेगी। 2024 में, भारतीय टीम अफगानिस्तान या मंगोलिया के खिलाफ बैक-टू-बैक मैच खेलेगी, जिसकी शुरूआत 21 मार्च को होगी और फिर गुवाहाटी के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 26 मार्च को मुकाबले का दूसरा चरण खेलेगी।

## नोवाक जोकोविच ने 5 सेटों में जेरे को हराया




**न्यूयॉर्क।** सर्बिया के नोवाक जोकोविच एक बड़ी चुनौती से बच गए, जब उन्होंने यहां आर्थर ऐश स्टेडियम में अपने साथी और 32वें नंबर के खिलाड़ी लास्लो जेरे को पांच सेटों के यूएस ओपन मुकाबले में हरा दिया। 23 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ने दो सेटों से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जेरे पर 4-6, 4-6, 6-1, 6-1, 6-3 से जीत दर्ज कर चौथे दौर में जगह बना ली। जोकोविच ने कहा, श्यह मेरे द्वारा यहां कई वर्षों में खेले गए सबसे कठिन मैचों में से एक है।लास्लो को बहुत बड़ा श्रेय, जिन्होंने सबसे अच्छा टेनिस खेला जो मैंने उन्हें खेलते हुए देखा है।

## पुरुष यूरोवॉली 2023 में रोमानिया ने तुर्की को चौंकाया

यरूशलम। रोमानिया की राष्ट्रीय टीम ने 2023 पुरुष यूरोपीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप में मौजूदा यूरोपीय गोल्डन लीग चैंपियन तुर्की पर 3-2 से चौंकाने वाली जीत हासिल की। तुर्की की दो मैचों में यह दूसरी हार थी। दूसरी ओर, रोमानिया ने इजराइल के तेल अवीव-याफो में श्लोमो ग्रुप एरेना में छह टीमों के ग्रुप डी में दो हार के बाद पहली बार जीत हासिल की। मारियान बाला के स्पाइक्स की बदौलत रोमानिया ने पहला सेट 25-22 से जीत लिया, फिर बेदिरहान बुलबुल के ब्लॉक पॉइंट ने तुर्की की टीम को दूसरे सेट में 25-18 की जीत के साथ जवाब देने में मदद की। गति रोमानिया में लौट आई जिसने एलेक्जेंड्रू राटा के महत्वपूर्ण योगदान से तीसरा सेट 25-21 से जीत लिया, लेकिन मिर्जा लगुमदजीजा ने तुर्कों को 19-15 से पिछड़ने के बाद वापसी करने के लिए प्रेरित किया और चौथा सेट 25-23 से पलट दिया। निर्णायक सेट में, राटा और बाला 17-15 तक अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे, जिसमें राटा ने जीत हासिल की।

# एशिया कप : बांग्लादेश की नजरें अफगानिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करने पर

**एजेंसी। लाहौर**

एशिया कप एकदिवसीय टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में लचर बल्लेबाजी के कारण शिकस्त का सामना करने वाली बांग्लादेश की टीम जब अफगानिस्तान के खिलाफ रविवार को लीग चरण के अपने दूसरे मैच के लिए अफगानिस्तान के खिलाफ यहां मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत दर्ज कर सुपर फोर चरण की दौड़ में बने रहने की होगी। इस मैच में हार से बांग्लादेश पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा रहेगा।

श्रीलंका के खिलाफ टीम पालेकल के मैदान पर महज 164 रन पर आउट हो गई। नजमुल हसन शंटो (122 गेंद में 89 रन) के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज योगदान देने में विफल रहा। कप्तान शाकिब अल हसन से टीम को बल्ले से योगदान की उम्मीदें थी लेकिन वह टीम के खिलाड़ियों को प्रेरित करने में नाकाम रहे। अफगानिस्तान के खिलाफ उन्हें हालांकि मध्यक्रम में अपनी भूमिका को अच्छे से निभानी होगी। इस विभाग में वह अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम से जिम्मेदारी साझा करने की उम्मीद करेंगे।




युवा सलामी बल्लेबाजों मोहम्मद नईम और तंजीद हसन को टीम को बेहतर शुरूआत दिलानी होगी। गेंदबाजी की बात करें तो पिछले मैच में तस्कीन अहमद प्रभावशाली लगे थे लेकिन शरीफुल इस्लाम की गेंदों में पैनापन की कमी दिखी थी। शाकिब ने हालांकि गेंदबाजी में प्रभावित करते हुए अपने 10 ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिये थे। वह इस लय को अफगानिस्तान के खिलाफ जारी रखना चाहेंगे। बल्लेबाजों ने स्कोरबोर्ड पर बड़ा स्कोर खड़ा नहीं किया जिससे मुस्तफिजुर रहमान, मेहदी हसन मेराज और मेहदी हसन जैसे गेंदबाजों के पास श्रीलंका के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने का मौका नहीं था। अफगानिस्तान की टीम का यह टूर्नामेंट में पहला मैच है।

टीम को इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में 0-3 से शिकस्त मिली थी। टीम का हौसला हालांकि इस बात से बढ़ा होगा कि उन्होंने इस साल जून-जुलाई में बांग्लादेश को 2-1 से हराया था। बांग्लादेश ने एकदिवसीय श्रृंखला में हार का बदला टी20 श्रृंखला में अफगानिस्तान को 0-2 से हराकर लिया था। रहमानुल्लाह गुरबाज पिछले कुछ समय से वनडे क्रिकेट में शानदार लय में हैं। उन्होंने हाल ही में खेली गई एकदिवसीय श्रृंखला में पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों के खिलाफ शतक लगाए है।

इसके अलावा ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान अफगानिस्तान के लिए लगातार विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं। वह इस मैच में टीम के लिए घातक हथियार साबित हो सकते हैं। हाल ही में कप्तानी गंवाने के बाद अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान भी एशिया कप में खुद को साबित करने के लिए उत्सुक होंगे। वह गेंद के साथ बल्लेबाजी के निचले क्रम में तेजी से रन बनाने की कुव्वत रखते है।

अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी भी बांग्लादेश के खिलाफ इस मैच में अपनी बल्लेबाजी को साबित करना चाहेंगे। जहां शाहिदी, इब्राहिम जादरान, गुरबाज, नजीबुल्लाह जादरान और अनुभवी मोहम्मद नबी बल्लेबाजी विभाग में अफगानिस्तान के लिए महत्वपूर्ण होंगे, वहीं गेंदबाजी इकाई राशिद, फजलहक फारूकी, मुजीब और नूर अहमद के कंधों पर होगी।

### टीमें इस प्रकार है

**बांग्लादेश :** अनामुल हक, मोहम्मद नईम, मुशफिकुर रहीम, नजमुल हसन शंटो, तंजीद हसन, तौहीद हृदय, शाकिब अल हसन, अफीफ हुसैन, महेदी हसन, मेहदी हसन मिराज, शमीम हुसैन, हसन महमूद, मुस्तफिजुर रहमान, नसुम अहमद, शरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद।

**अफगानिस्तान :** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जादरान, इकराम अलीखिल, नजीबुल्लाह जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, रियाज हसन, गुलबदीन नायब, करीम जनत, मोहम्मद नबी, रहमत शाह, राशिद खान, शराफुद्दीन अशरफ, अब्दुल रहमान, फजलहक फारूकी, मोहम्मद सलीम, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद।

# केंद्रीय खेल मंत्रालय ने नीरज के लिए तैयारी शिविर को मंजूरी दी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण और ज्यूरिख डायमंड लीग में रजत पदक जीतने के बाद यूरोप से लौटने के तुरंत उपरान्त, सरकार ने ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के लिए स्विट्जरलैंड में 12 दिनों के प्रशिक्षण कार्यकाल को मंजूरी दे दी। मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने इस सितंबर में यूएसए के यूजीन में होने वाले डायमंड लीग 2023 फाइनल में भाग लेने से पहले, चोपड़ा को स्विट्जरलैंड के मैगलिंगेन में 12-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने की मंजूरी दे दी है। 1 से 12 सितंबर के बीच आयोजित तैयारी शिविर के लिए कुल 5.89 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। नीरज गुरुवार को ज्यूरिख में डायमंड लीग स्पर्धा में 85.71 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज करके दूसरे स्थान पर रहे। इस बीच, लंबी दूरी की धाविका पारुल चौधरी, जिन्होंने बुडापेस्ट में महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में 9:15.31 सेकेंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय निकालकर पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया, को भी खेल मंत्रालय के टॉप्स कोर ग्रुप में शामिल किया गया है। एंड स्पोर्ट्स ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी। मिशन ओलंपिक सेल ने पेरिस 2024 ओलंपिक तक विभिन्न आयोजनों में भाग लेने, उपकरण खरीदने और निजी कोच क्रिस फि फर को नियुक्त करने के लिए टेबल टेनिस स्टार शरत कमल के लिए वित्तीय सहायता को भी मंजूरी दे दी। स्टार बैडमिंटन युगल खिलाड़ी सात्विक रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को भी 5 से 10 सितंबर तक होने वाले चाइना ओपन 2023 में उनके साथ जाने वाले मालिशिया निशांत नागपुरी को सहायता प्रदान की गई है।




भारतीय पुरुष टीम हॉकी 5एस एशिया कप के फाइनल में

# पाकिस्तान से होगा खिताबी मुकाबला

**एजेंसी। ओमान**

भारतीय हॉकी टीम उद्घाटन पुरुष हॉकी 5एस एशिया कप 2023 के खिताबी मुकाबले में पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारतीय टीम ने शनिवार को सेमीफाइनल में मलेशिया पर 10-4 की व्यापक जीत दर्ज कर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है।

वहीं, पाकिस्तान ने पहले सेमीफाइनल में ओमान को 7-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। मैच में भारत के लिए मोहम्मद राहील (9', 16', 24', 28') ने चार, मनिंदर सिंह (2'), पवन राजभर (13'), सुखविंदर (21'), दिपसन तिर्की (22'), जुगराज सिंह (23'), और गुरजोत सिंह (29') ने 1-1 गोल किये, जबकि मलेशिया के लिए कप्तान इस्माइल अबू (4'), अखीमुल्लाह अनुर (7', 19') और मुहम्मद दीन (19') ने गोल किये। इस जीत के साथ ही, भारत ने 2024 एफआईएच हॉकी 5२ विश्व कप में भी अपना स्थान पक्का कर लिया। भारत और पाकिस्तान के बीच टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला आज शाम सात बजकर 30 मिनट पर खेला जाएगा।




# बेयरस्टो-ब्रूक ने दिलाई इंग्लैंड को बड़ी जीत



**एजेंसी। मैनचेस्टर**

सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो और मध्यक्रम के बल्लेबाज हैरी ब्रूक के अर्धशतकों के बाद गस एटकिंसन के अपने पदार्पण मैच में चार विकेट की मदद से इंग्लैंड ने शुक्रवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 95 रन से करारी शिकस्त दी।

बेयरस्टो ने 60 गेंदों पर नाबाद 86 रन बनाए जबकि ब्रूक ने 36 गेंदों पर 67 रन की तूफानी पारी खेलकर विश्वकप की टीम में जगह बनाने के लिए अपना मजबूत दावा पेश किया। इन दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की मदद से इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 198 रन बनाए। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में 13.5 ओवर में 103 रन पर आउट हो गई। इस तरह से इंग्लैंड ने चार मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त हासिल कर ली।

इंग्लैंड ने डरहम में खेले गए पहले मैच में सात विकेट से जीत दर्ज की थी। न्यूजीलैंड के केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें से टिम सीफर्ट ने सर्वाधिक 39 रन बनाए। इंग्लैंड की तरफ से अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेल रहे तेज गेंदबाज एटकिंसन ने 20 रन देकर चार विकेट लिए जबकि स्पिनर आदिल राशिद ने 18 रन देकर दो विकेट हासिल किए। तीसरा मैच रविवार को एजबेस्टन में खेला जाएगा।

# किर्स्टी ने पूर्व विंबलडन चैंपियन ऐलेना रिबाकिना को हराया

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

रोमानिया की सोराना किर्स्टी ने कड़े संघर्ष में यहां यूएस ओपन में 2022 विंबलडन चैंपियन ऐलेना रिबाकिना को 6-3, 6-7(6), 6-4 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। 'यूएसओपन' की रिपोर्ट के अनुसार, 30वीं वरीयता प्राप्त किर्स्टी ने चौथी वरीयता प्राप्त के खिलाफ 0-2 के रिकॉर्ड को सुधारा और पहली बार न्यूयॉर्क में चौथे दौर में पहुंच गईं। किर्स्टी ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, ह्मैं आज की जीत से बहुत-बहुत खुश हूं। मैं पहले भी उसके खिलाफ दो बार हार चुकी हूं, और वह एक बहुत अच्छी खिलाड़ी है, दुनिया में नंबर 4, और मुझे पता था कि यह एक कठिन लड़ाई होने वाली थी। लेकिन मैं इसे जीतकर बहुत खुश हूं। यह मेरे लिए बहुत अच्छा पल है। 33 वर्षीय खिलाड़ी यूएस ओपन (2020, 2019, 2009) में तीसरे दौर के मैचों में 0-3 से पीछे थी और मार्च में मियामी सेमीफाइनल के बाद से उसने शीर्ष 5 खिलाड़ी को नहीं हराया था। लेकिन आक्रामक गेम प्लान से लैस और लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम की उत्साही भीड़ के सामने, जिसमें सील भी शामिल थी, किर्स्टी ने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक हासिल की। उन्होंने कहा, मैं कई सालों से खेल रही हूं और यह सबसे अच्छी भीड़ थी जिसके सामने मैंने कभी खेला है, इसलिए धन्यवाद। यह मेरे लिए एक शानदार जीत है, खासकर इसलिए क्योंकि मैंने अच्छा खेला, और मुझे सच में लगता है कि मैंने आज रात अपना सब कुछ दे दिया, और मैं इस जीत की हकदार हूं। मैच के चौथे गेम में किर्स्टी ने सर्विस तोड़ी और फिर पहला सेट अपने नाम कर लिया। चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 30 विनर्स के साथ 56 बेजां भूलें कीं। लेकिन किर्स्टी को श्रेय जाना चाहिए, जो 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट के खिलाफ पीछे नहीं हटीं। किर्स्टी ने मैच में कुल 33 विनर्स लगाए और 42 बेजां भूलें कीं। किर्स्टी 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद अपने पहले ग्रैंड स्लैम चौथे दौर में पहुँच गयी हैं जो कुल मिलाकर उनका चौथा है। वह 2017 ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2009 में रौलां गैरो में भी उस स्तर पर पहुंचीं थीं।




किर्स्टी का अगला मुकाबला 15वीं वरीयता प्राप्त स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिक से होगा, जिन्होंने चीन की झू लिन को 7-6(1), 2-6, 6-3 से हराया। किर्स्टी अपने दूसरे ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में पहुंचने की कोशिश करेंगी। 19 वर्षीय हाई स्कूल छात्रा के रूप में, वह 2009 में रौलां गैरो क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं और ऑस्ट्रेलिया के सैम स्टोसुर से हार गईं।

यूरोपीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2023

# रोमानिया ने यूरोपीय गोल्डन लीग चैंपियन तुर्किये का हराया

**एजेंसी। जेरूसलम**

रोमानिया ने 2023 पुरुष यूरोपीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप में शुक्रवार को मौजूदा यूरोपीय गोल्डन लीग चैंपियन तुर्किये पर 3-2 से चौंकाने वाली जीत हासिल की। तुर्किये की दो मैचों में यह दूसरी हार थी। दूसरी ओर, रोमानिया ने इजराइल के तल अवीव-याफो में श्लोमो ग्रुप एरेना में छह टीमों के ग्रुप डी में दो हार के बाद पहली बार जीत हासिल की। मारियान बाला के स्पाइक्स की बदौलत रोमानिया ने पहला सेट 25-22 से जीत लिया, फिर बेदिरहान बुलबुल के ब्लॉक पॉइंट ने दूसरे सेट में तुर्किये की टीम को 25-18 से जीत दिलाई और स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया।

इसके बाद रोमानिया ने बेहतरीन वापसी करते हुए तीसरा सेट एलेक्जेंड्रू राटा के महत्वपूर्ण योगदान से 25-21 से जीत लिया, लेकिन मिर्जा लगुमदजीजा ने तुर्किये को चौथा सेट 25-23 से जीता दिया और स्कोर 2-2 से बराबरी पर आ गया। निर्णायक सेट में रोमानिया ने फिर से बेहतर किया और आखिरी सेट 17-15 से जीतकर मैच अपने नाम किया। बाद में शाम को, ग्रीस ने पुर्तगाल के खिलाफ प्रभावशाली बदलाव करते हुए ग्रुप में 22-25, 19-25, 25-20, 25-16, 15-12 से पहली जीत हासिल की। अलेक्जेंड्रे फरेरा और जोस पिंटो के आक्रामक खेल ने पुर्तगाल को पहले दो सेट जीतने में मदद की, लेकिन ग्रीस ने मुख्य रूप से अजेय दिमित्रियोस मौचलियास की बदौलत वापसी की, जिन्होंने कुल 28 अंक बनाए। जियोर्गोस पेट्रियास ने ग्रीस के लिए 17 अंक जोड़े, जिनमें से सात ब्लॉक पर थे। ग्रुप डी में एकमात्र अजेय टीमें, ओलंपिक चैंपियन फ्रांस और मेजबान इजराइल, शनिवार को मिलेंगे, जबकि तुर्किये की टीम ग्रीस से खेलेगी। अन्य तीन समूह इटली, बुल्गारिया और उत्तरी मैसेडोनिया में खेले जाते हैं। प्रत्येक समूह से शीर्ष चार टीमें 16वें राउंड में पहुंचेंगी, जो इटली और बुल्गारिया में खेला जाएगा।



प्रतियोगिता | संघर्षपूर्ण मुकाबलों में मिली हार के बाद टीम ब्लू बाहर

# ग्रीन-येलो के बीच आज होगा खिताबी मुकाबला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय मुख्यालय कैंपस के वॉलीबॉल कोर्ट पर खेली जा रही मीडिया कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला टीम ग्रीन और टीम येलो के बीच रविवार को खेला जाएगा। टीम ग्रीन और टीम येलो ने शनिवार को अपने दोनों लीग मैच को जीतते हुए फाइनल में जगह पक्की की। टीम येलो और टीम ब्लू के बीच खेला गया प्रतियोगिता का पहला मुकाबला काफी रोमांचक एवं संघर्षपूर्ण रहा। टीम ब्लू ने पहला सेट 25-15 से जीत लिया लेकिन टीम येलो ने दूसरा सेट 25-19 और तीसरा सेट 15-12 से जीत मैच अपने नाम किया। दिन के दूसरे मैच में टीम ग्रीन ने टीम रेड को सीधे सेट में 25-15, 25-17 से हराया। तीसरे मुकाबले में टीम येलो ने टीम रेड को एकतरफा मुकाबले में 25-7, 25-15 से हराया। लगातार दो हार के बाद टीम रेड खिताबी मुकाबले से बाहर हो गई। दिन का आखिरी मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जिसमें टीम ग्रीन ने पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी कर जीत दर्ज की। टीम ब्लू ने पहला सेट 26-24 से जीता लेकिन टीम ग्रीन ने शानदार वापसी कर अगले दो सेट 25-21 व 15-12 से जीत फाइनल का टिकट कटाया। इससे पहले पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी व प्रशासक रामाशंकर सिंह, अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक शेतांक सेन व राजेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की औपचारिक शुरूआत की। इस अवसर पर खिलाड़ियों के अलावा अंतरराष्ट्रीय रेफरी संजय कुमार, कोषाध्यक्ष उत्तम राज, राष्ट्रीय रेफरी संजय ठाकुर, निशिकांत पाठक और राम सुधीर झा के अलावा अजय झा, अमन खलखो, लव आनंद व शिवदयाल मौजूद रहे।



